दैनिक

डिजिटल राष्ट्रीय डेली न्यूज़ पेपर दैनिक लोकतंत्र की आवाज़ बिहार से प्रकाशित सम्पूर्ण बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश मे प्रसारित!

Digital Daily News Paper

# लोकतंत्र की आवाज

● नवादा से प्रकाशित ● नवादा शनिवार 25 जनवरी 2025 ● वर्ष : 03 अंक : 512



## संक्षिप्त खबरें ।

### प्रधानमंत्री मोदी का 24 फरवरी को बिहार दौरा,भागलपुर में किसानों को देंगे सौगात



लोक तंत्र की आवाज़

**भागलपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अगले महीने यानी फरवरी 2025 में बिहार दौरा होने वाला है। आगामी 24 फरवरी को पीएम भागलपुर आएंगे। इस दौरान वे किसानों से संबंधित विभिन्न योजनाओं के साथ ही कई और सौगात बिहारवासियों को देने वाले हैं। वे केंद्र सरकार की कई परियोजनाओं की शुरुआत भी कर सकते हैं। इससे पहले केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान शुक्रवार (24 जनवरी) को बिहार पहुंच रहे हैं। वे पीएम मोदी के संभावित दौरे की तैयारियों की समीक्षा करेंगे।

बिहार के डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने गुरुवार शाम को इस संबंध में पूछे जाने पर पीएम नरेंद्र मोदी के 24 फरवरी को भागलपुर आने की संभावना जताई है। उधर, प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर भागलपुर में तैयारियां शुरू हो गई हैं। बताया जा रहा है कि पीएम के कार्यक्रम को लेकर शुक्रवार को ही इसकी तैयारियों की समीक्षा केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान करेंगे।

शिवराज शुक्रवार को उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और कृषि एवं स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय के साथ हेलीकॉप्टर से दोपहर 1.05 बजे भागलपुर एयरपोर्ट पर उतरेंगे। यहां जिला प्रशासन के पदाधिकारियों के साथ बैठक करेंगे और सारी तैयारियों की समीक्षा करेंगे। बैठक करीब डेढ़ घंटे होगी। मंत्री दोपहर 2.45 बजे एयरपोर्ट से पटना के लिए प्रस्थान करेंगे। मंत्रियों के आगमन को लेकर भागलपुर डीएम ने सारी तैयारी पुख्ता कर ली है। सुरक्षा से लेकर लाइजनिंग तक के लिए सभी अधिकारियों की जिम्मेदारी तय कर ली गई है।

# प्रियंका गांधी 26 जनवरी से करेंगी चुनावी प्रचार का आगाज, कांग्रेस की दिल्ली वापसी की उम्मीद जगी

लोक तंत्र की आवाज़

**नई दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा 26 जनवरी से दिल्ली में चुनाव प्रचार की शुरुआत कर सकती हैं. पार्टी के सीनियर नेताओं के अनुसार प्रियंका गांधी उत्तर-पूर्वी दिल्ली में अपनी पहली रैली को संबोधित करेंगी. पार्टी को उम्मीद है कि प्रियंका का नेतृत्व दिल्ली में कांग्रेस के चुनावी अभियान को मजबूती देगा. कांग्रेस उम्मीदवारों ने प्रियंका गांधी से अपने-अपने निर्वाचन क्षेत्रों में प्रचार करने का अनुरोध किया है. हालांकि वह केवल चुनिंदा और महत्वपूर्ण क्षेत्रों में ही रैलियां करेंगी।

दिल्ली के विधानसभा चुनावों के लिए कांग्रेस ने जनता से पांच बड़े वादे किए हैं. इनमें ₹प्यारी दीदी योजना₹ के तहत महिलाओं को 2,500 रुपये प्रति महीने देने का वादा सबसे अहम है. इसके अलावा हर दिल्लीवासी को 25 लाख रुपये का स्वास्थ्य बीमा, शिक्षित बेरोजगार युवाओं को रोजगार कौशल विकसित करने के लिए 8,500 रुपये प्रति माह वजीफा, 500 रुपये में रसोई गैस सिलेंडर और 300 यूनिट मुफ्त बिजली देने का वादा किया गया है. कांग्रेस का मानना है कि इन वादों के जरिए

**दिल्ली विधानसभा चुनाव में महिलाओं और युवाओं पर फोकस**



वह जनता का विश्वास दोबारा जीत सकती है. 2015 और 2020 के चुनावों में पार्टी एक भी सीट नहीं जीत सकी थी ऐसे में इस बार उसकी तैयारी जोरदार है।

**राहुल गांधी की रैली रद्द होने से उठे सवालः** गुरुवार (23 जनवरी) को उत्तर-पूर्वी दिल्ली के मुस्तफाबाद में राहुल गांधी की रैली रद्द हो गई जिससे चुनाव प्रचार में उनकी सक्रियता को लेकर अटकलें लगाई जा रही हैं. खराब स्वास्थ्य के चलते राहुल गांधी ने कई कार्यक्रमों में हिस्सा नहीं लिया है. इससे पहले 13 जनवरी को सीलमपुर में उनकी एकमात्र रैली हुई थी. गुरुवार (23 जनवरी) को मुस्तफाबाद की रैली रद्द होने के बाद कांग्रेस के रणनीतिकारों की प्राथमिकता अब प्रियंका गांधी पर केंद्रित हो गई है।

**महिला और युवा वोटरों पर प्रियंका का खास फोकसः** दिल्ली में पिछले दो विधानसभा चुनावों में कांग्रेस को एक भी सीट नहीं मिली थी. अब प्रियंका गांधी की रैलियों से पार्टी को नई उम्मीदें हैं. कांग्रेस को विश्वास है कि प्रियंका का प्रभाव और पार्टी के वादे इस बार जनता को लुभाने में कामयाब होंगे. प्रियंका का फोकस महिला और युवा मतदाताओं पर है. आगामी चुनावों में ये देखना दिलचस्प होगा कि क्या कांग्रेस अपने प्रदर्शन में सुधार कर पाती है।

## मोकामा गोली कांड पर क्या बोले बिहार के सीएम नीतीश कुमार? सवाल सुनकर दिया ये रिएक्शन



लोक तंत्र की आवाज़

**पटना।** दरअसल मुख्यमंत्री बिहार विधानसभा परिसर में कर्पूरी ठाकुर की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने पहुंचे थे. आज कर्पूरी ठाकुर की जयंती है. माल्यार्पण के बाद पत्रकारों ने मोकामा में हुए गोली कांड को लेकर सीएम से सवाल किया था, लेकिन नीतीश कुमार ने कुछ भी नहीं कहा. विपक्ष के आरोपों पर उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया. सीएम नीतीश कुमार के साथ जननायक कर्पूरी ठाकुर को श्रद्धांजलि देने के लिए दोनों उपमुख्यमंत्री भी पहुंचे थे. मौके पर बिहार विधानसभा के अध्यक्ष भी मौजूद थे।

**समस्तीपुर के लिए रवाना हुए नीतीश कुमारः** दूसरी ओर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पार्टी कार्यालय पहुंचे. यहां भी कर्पूरी ठाकुर के तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर कार्यकर्ताओं का अभिवादन किया. हालांकि बहुत देर वे यहां नहीं रुके. यहां भी बिना कुछ बोले वे चले गए. आज नीतीश कुमार की प्रगति यात्रा है. इसके लिए सीएम नीतीश कुमार कार्यक्रम के बाद समस्तीपुर के लिए रवाना हो गए।

**सम्राट चौधरी ने कहा- दोषियों पर होगी कार्रवाई**

दूसरी ओर मोकामा की घटना पर उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने प्रतिक्रिया दी है. तेजस्वी यादव की ओर से बिहार में कानून-व्यवस्था पर उठाए गए सवाल को लेकर सम्राट चौधरी ने कहा कि जो भी दोषी होगा उस पर कार्रवाई होगी।

बता दें कि एक वर्ष पूर्व 24 जनवरी 2024 को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कर्पूरी ठाकुर की जयंती के मौके पर महागठबंधन में साथ रहते हुए लालू प्रसाद यादव पर हमला किया था और कहा था, कर्पूरी जी परिवारवाद के खिलाफ थे. हम भी कभी अपने परिवार को राजनीति में नहीं लाए, लेकिन कुछ लोग तो परिवार को ही आगे बढ़ाने में रहते हैं. उसके चार दिन बाद 28 जनवरी को नीतीश कुमार एनडीए में शामिल हो गए थे।

## कमलनाथ या भूपेश बघेल नहीं दिल्ली में सचिन पायलट देंगे राहुल गांधी को बूस्टर डोज

लोक तंत्र की आवाज़

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी बीमार हैं. उन्होंने गुरुवार को मुस्तफाबाद में प्रस्तावित चुनावी रैली रद्द कर दी है. खराब स्वास्थ्य के कारण ही राहुल गांधी बुधवार शाम सदर बाजार विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत शहजादा बाग में चुनावी जनसभा को भी संबोधित नहीं कर सके थे. हालांकि उन्होंने एक संदेश के माध्यम से लोगों से कांग्रेस पार्टी को जीत दिलाने की अपील की. 24 जनवरी को भी राहुल गांधी की रैली मादीपुर में शेड्यूल है. देखना है कि वो इसमें हिस्सा ले पाते हैं या नहीं. राहुल गांधी ने वैसे तो सीलमपुर में पहली जनसभा की थी, लेकिन उसके बाद



उनकी रैलियों का क्रम दोबारा शुरू नहीं हो पाया।

इधर, दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने बताया कि राहुल गांधी बीमार हैं. डॉक्टरों ने उन्हें आराम की सलाह दी है, इसलिए वह मुस्तफाबाद की रैली में भी शामिल नहीं हो पाएंगे. दिल्ली में 5 फरवरी को वोटिंग होनी है. सूत्रों के मुताबिक, आगामी बचे हुए दिनों मे अपनी पूरी ताकत झोंकने की तैयारी में है. कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी, राहुल गांधी, सचिन पायलट, अशोक गहलोत और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे दिल्ली में कांग्रेस कार्यकर्ताओं में जोश भरेंगे।

**दिल्ली में सचिन पायलट देंगे राहुल गांधी को बूस्टर डोज**

दिल्ली में सचिन पायलट राहुल गांधी और कांग्रेस को बूस्टर डोज देंगे. पायलट खेमा भी उत्साहित है. अशोक गहलोत भी स्वास्थ्य लाभ पर होने की वजह से उतने सक्रिय दिखाई नहीं दे रहे हैं. पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ और भूपेश बघेल विधानसभा चुनाव हारने के बाद सीन से लगभग गायब हैं. ऐसे में सचिन पायलट दिल्ली में मोर्चा संभाले हुए हैं. दिल्ली में कांग्रेस के नए राष्ट्रीय कार्यालय के उद्घाटन से लेकर कांग्रेस के घोषणा पत्र तक वह लगातार सक्रिय दिखे. सचिन पायलट हर बार राहुल गांधी के बगल वाली कुर्सी पर बैठे दिखे. लोकसभा चुनाव के दौरान भी पायलट ने राजस्थान में सक्रियता दिखाई थी।

## महाराष्ट्र: ऑर्डिनेंस फैक्ट्री में भयंकर धमाका, अब तक 8 की मौत, रक्षा मंत्री ने जताया शोक

लोक तंत्र की आवाज़

**मुंबई।** महाराष्ट्र से हादसे की दिल दहलाने वाली खबर सामने आ रही है। जानकारी के मुताबिक, भंडारा के जवाहरनगर स्थित आयुध/ऑर्डिनेंस फैक्ट्री में बड़ा धमाका हुआ है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, विस्फोट फैक्ट्री के आरके ब्रांच सेक्शन में हुआ है। प्रारंभिक जानकारी से पता चला है कि इस हादसे में 7 लोग घायल हुए हैं। वहीं, अब तक 8 व्यक्तियों की मौत की भी खबर सामने आई है।

**सुबह 10 बजे हुआ विस्फोटः** जिला नियंत्रण कक्ष पर प्राप्त जानकारी के अनुसार, आज सुबह लगभग 10 बजे आयुध निर्माणी जवाहर नगर में विस्फोट हुआ। प्रारंभिक जानकारी मिली है कि इसमें काम कर रहे कुछ कर्मचारी गंभीर



रूप से घायल हो गए। जानकारी के मुताबिक, घटनास्थल पर जीवित बचे लोगों के लिए फायर ब्रिगेड विभाग, पुलिस विभाग, तहसीलदार और अन्य आवश्यक प्रशासनिक अधिकारी घटनास्थल पर मौजूद हैं। मौके पर एसडीआरएफ को अतिरिक्त सहायता प्रदान की गई है।

**13 से 14 लोगों को बचाया गयाः** PTI के मुताबिक, एक अधिकारी ने बताया है कि भंडारा आयुध फैक्टरी में विस्फोट के कारण इकाई की छत ढह गई है। घटनास्थल से 13 से 14 लोगों को बचाया गया है। पुलिस एवं अधिकारियों ने बताया है कि फैक्टरी में राहत और बचाव कार्य जारी है। इस पूरे मामले में जांच जारी है। इस विस्फोट से जुड़ा एक डरावना वीडियो भी सामने आया है।

**सीएम फडणवीस ने जताया शोकः** इस घटना पर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस का बयान सामने आया है। उन्होंने कहा-ऐसी खबरें हैं कि भंडारा जिले में एक आयुध कारखाने में विस्फोट के कारण छत गिरने से 13 से 14 श्रमिक फंस गए। उनमें से 5 को सुरक्षित निकाल लिया गया है।

जिला कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक घटनास्थल पर हैं और हर तरह की सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। बचाव कार्य के लिए एसडीआरएफ और नागपुर नगर निगम की टीमों को भी बुलाया गया है और वे जल्द ही पहुंच जाएंगी। जिला प्रशासन रक्षा बलों के साथ समन्वय करके राहत कार्य में भाग ले रहा है। चिकित्सा सहायता के लिए भी टीमें तैयार रखी गई हैं। अब तक प्राप्त प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, दुर्भाग्यवश इस घटना में एक श्रमिक की मृत्यु हो गई है।

## दिल्ली चुनाव में कांग्रेस की हार तय, भाजपा भी डूबेगी', सट्टा किंग ने बदले समीकरण

लोक तंत्र की आवाज़

**नई दिल्ली।** दिल्ली चुनाव को लेकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी का कार्यक्रम रद्द हो गया। ऐसे में चर्चा चल रही है कि कहीं पर्दे के पीछे कांग्रेस और आप के बीच समझौता तो नहीं हो गया है। कांग्रेस समर्थकों की मानें तो राहुल गांधी का गला खराब था, जिस कारण उन्हें जनसभाएं रद्द करनी पड़ी। वहीं, भाजपा समर्थकों की दलील है कि अगर गला खराब होता तो कम से कम रोड शो तो कर सकते थे ताकि जनता को पता चलता कि कांग्रेस दिल्ली चुनाव जीतने की दौड़ में हैं।

बहरहाल, राहुल गांधी के इन कार्यक्रमों के रद्द होने की सही वजह तो नहीं पता, लेकिन चुनाव नतीजों पर भविष्वाणी करने वाला सट्टा बाजार नाराज हो गया है। शायद यही वजह है कि राजस्थान के फलोदी सट्टा बाजार ने अपनी दिल्ली चुनाव को लेकर भविष्यवाणी में बदलाव कर दिया है। इसके अलावा, महाराष्ट्र के सट्टा किंग ने भी कांग्रेस को दिल्ली चुनाव का सबसे बड़ा कमजोर खिलाड़ी बता दिया है। नीचे जानिये राजस्थान और महाराष्ट्र के सट्टा किंग ने दिल्ली चुनाव पर अपनी ताजा भविष्यवाणी में क्या बताया।

**कांग्रेस की हार पक्की और भाजपा भी डूबेगीः** सबसे पहले राजस्थान के फलोदी सट्टा बाजार की बात करते हैं, जिसने कुछ दिन पहले भविष्यवाणी की थी कि आप और बीजेपी के बीच कड़ी टक्कर होगी, लेकिन आम आदमी पार्टी जीत जाएगी। लेकिन कांग्रेस 4 से 5 सीटें भी हासिल कर लेती है, तो आम आदमी पार्टी के लिए मुश्किलें खड़ी हो सकती है। फलोदी सट्टा बाजार ने अपने पहले अनुमान में भाजपा को 25 से 35




सीटें मिलने का अनुमान जताया था। अब फलोदी सट्टा बाजार ने अपने समीकरण बदल दिए हैं। ताजा समीकरणों के मुताबिक भाजपा को अब 29 से 31 सीटें मिलने का अनुमान है, जो कि पहले अनुमान से 5 से 6 सीटें कम हैं। ऐसे में भाजपा के लिए दिल्ली में सरकार बनाना मुश्किल होगा।

**कांग्रेस को नहीं मिला सट्टा किंग से समर्थनः** फलोदी सट्टा बाजार ने पहले अनुमान में कांग्रेस को तीन से चार सीटों पर जीतने की संभावना जताई थी। अब फलोदी सट्टा बाजार ने एक भी सीट पर कांग्रेस के जीतने की संभावना नहीं जताई है। मतलब साफ है कि सट्टा बाजार को यह लग रहा है कि कांग्रेस दिल्ली चुनाव की दौड़ में शामिल ही नहीं है। भाजपा और आप नेताओं के बयानों को भी देखें तो दोनों दल कांग्रेस को सबसे कमजोर खिलाड़ी मान रहे हैं।

**आप को मिलेगा स्पष्ट बहुमत**

फलोदी सट्टा बाजार ने पहले अनुमान में बताया था कि कांग्रेस ने तीन से चार सीटें जीत ली तो आम आदमी पार्टी के लिए मुश्किल खड़ी हो जाएगी। लेकिन अब सट्टा किंग को लग रहा है कि कांग्रेस दौड़ में नहीं है, लिहाजा आम आदमी पार्टी स्पष्ट बहुमत से जीत हासिल कर लेगी। फलोदी सट्टा बाजार ने पहले अनुमान में बताया था कि आप को 33 से 35 सीटें मिल सकती हैं, लेकिन अब 39 से 41 सीटें मिलने की भविष्यवाणी की है। ऐसे में आम आदमी पार्टी बिना किसी परेशानी के आसानी से सरकार बना लेगी। वहीं महादेव सट्टा बाजार ने भी दिल्ली चुनाव को लेकर भविष्णवाणी कर दी है। मीडिया रिपोर्ट्स में महादेव सट्टा बाजार के हवाले से बताया है कि दिल्ली चुनाव में आम आदमी पार्टी को 38 से 40 सीटें मिल सकती हैं।

## जेलेंस्की तैयार हैं, रूस को समझौता करना चाहिए', ट्रंप ने कहा-मैं जल्द पुतिन से मिलूंगा

लोक तंत्र की आवाज़

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि जेलेंस्की तैयार हैं... रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को यूक्रेन के साथ समझौता करना चाहिए₹। ट्रंप ने कहा कि वह रूसी राष्ट्रपति के साथ यथाशीघ्र मुलाकात करेंगे। इससे पहले उन्होंने अपने रूसी समकक्ष को यूक्रेन में 'बेवकूफी भरी जंग' खत्म करने या फिर ऊंचे शुल्क और प्रतिबंधों का सामना करने की चेतावनी दी थी। 20 जनवरी को अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति के तौर पर शपथ लेने वाले ट्रंप ने बुधवार को अपने स्वामित्व वाले सोशल मीडिया मंच 'ट्रुथ सोशल' पर यह बात कही।



बृहस्पतिवार को 'ओवल ऑफिस' में पत्रकारों से बात करते हुए राष्ट्रपति ने कहा, मुझे लगता है कि उन्हें (पुतिन को) समझौता करना चाहिए। जब उनसे पूछा गया कि क्या उन्हें लगता है कि रूस पर प्रतिबंध पुतिन को बातचीत करने के लिए मजबूर करेंगे, तो उन्होंने कहा, मुझे नहीं पता। उन्होंने कहा, ₹रूस को एक समझौता करना चाहिए। हो सकता है कि वे समझौता करना चाहते हों। मुझे लगता है, मैंने जो सुना है, उसके अनुसार पुतिन मुझसे मिलना चाहेंगे। और हम जल्द से जल्द मिलेंगे। मैं तुरंत मिलूंगा। युद्ध के मैदान में सैनिक मारे जा रहे हैं।

**द्वितीय विश्व युद्ध के बाद रूस-यूक्रेन युद्ध सबसे घातकः** अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा, ₹द्वितीय विश्व युद्ध के बाद से ऐसा कोई युद्धक्षेत्र नहीं देखा गया.और मेरे पास ऐसी तस्वीरें हैं जिन्हें आप नहीं देखना चाहेंगे। हर दिन इतनी संख्या में सैनिक मारे जा रहे हैं, जैसा हमने दशकों में नहीं देखा। इस युद्ध को समाप्त करना अच्छा होगा। यह एक हास्यास्पद युद्ध है। एक अन्य सवाल के जवाब में ट्रंप ने कहा कि यूक्रेन समझौता करने के लिए तैयार है।

## अपराध आदत और भ्रष्टाचार शिष्टाचार बन गया, मोकामा को लेकर तेजस्वी का नीतीश पर वार, जेडीयू का पलटावर

लोक तंत्र की आवाज़

**पटना।** बिहार में एक हालिया घटनाक्रम में, राष्ट्रीय जनता दल के नेता तेजस्वी यादव ने पूर्व विधायक अनंत सिंह से जुड़े मोकामा गोलीबारी की घटना से निपटने के लिए मुख्यमंत्री की तीखी आलोचना की है। यादव ने एएनआई से बात करते हुए राज्य सरकार पर बढ़ते अपराध और भ्रष्टाचार के प्रति उदासीन होने का आरोप लगाया। नीतीश कुमार पर वार करते हुए तेजस्वी ने कहा कि मुख्यमंत्री बेपरवाह हो गये हैं। अब 'अपराध' 'आदत' और 'भ्रष्टाचार' 'शिष्टाचार' बन गया है।



राजद नेता ने कहा कि वर्तमान सरकार के तहत, आत्मा को कुचलने वाली चीजें आदर्श बन गई हैं। इस घटना पर सीएम चुप हैं। उन्होंने कहा कि दोनों पक्षों के अपराधी खुले तौर पर स्वीकार कर रहे हैं कि उन्होंने गोलीबारी की। लेकिन अब तक किसी को नामजद करते हुए प्राथमिकी दर्ज नहीं करायी गयी है। इसलिए, सरकार उन्हें बचा रही है।' केंद्रीय मंत्री ने दोनों से मुलाकात की। तो फिर पुलिस को किसी के खिलाफ कार्रवाई करने की हिम्मत कैसे होगी?

तेजस्वी यादव ने आगे कहा कि इससे कुछ भी नहीं निकलने वाला है। ये सभी सरकार के संरक्षण में हैं। सरकार सुर्खियां बटोरने की कोशिश करती है, इसलिए यह मामला भी कुछ दिनों में गायब हो जाएगा। यह सामान्य हो जाएगा। किसी को कोई फर्क नहीं पड़ता सरकार में बैठे लोग उनकी रक्षा करेंगे और पुलिस के पास कोई शक्ति नहीं है। वहीं, तेजस्वी के आरोपों पर जदयू ने पलटवार किया है। केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन (ललन) सिंह ने कहा कि बिहार में कुछ नहीं हो रहा है।

## बॉर्डर पर नेशनल इमरजेंसी लगाने के बाद अमेरिका में 500 से ज्यादा घुसपैठिये गिरफ्तार, व्हाइट हाउस का दावा

लोक तंत्र की आवाज़

**वाशिंगटन।** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के आदेश के बाद अमेरिका ने अपनी सीमा से विभिन्न देशों के 500 से ज्यादा घुसपैठियों को गिरफ्तार करने का दावा किया है। व्हाइट हाउस की सूचना के अनुसार 538 घुसपैठियों को अमेरिकी सेना ने पकड़ा है। इसके अलावा 373 बंदियों को भी हिरासत में लिया गया है।

व्हाइट हाउस के अनुसार इनमें से सैकड़ों लोगों को मिलिट्री एयरक्रॉफ्ट में बैठाकर वापस भेज दिया गया है। बता दें कि राष्ट्रपति बनते ही डोनाल्ड ट्रंप ने बॉर्डर पर नेशनल इमरजेंसी की घोषणा



कर दी थी। इसके बाद अमेरिकी सेना सीमा पर घुसपैठ को रोकने के लिए ज्यादा सतर्क हो गई है। इस बीच पेंटागन ने 1500 अतिरिक्त सुरक्षाकर्मियों को मेक्सिको के बॉर्डर पर भेज दिया है। अब अमेरिका में घुसपैठ करने वालों की खैर नहीं होगी। ट्रंप प्रशासन लाखों अवैध घुसपैठियों की पहचान कर वापस उनके देश भेजने की तैयारी कर चुका है। इसमें हजारों भारतीय लोग भी शामिल हैं।

**ट्रंप ने बनाई है नई इमिग्रेशन पॉलिसीः** ट्रंप ने नई इमिग्रेशन पॉलिसी बनाई है, जिसके तहत अवैध रूप से अमेरिका में घुसे प्रवासियों को पहचान करके उन्हें उनके देश वापस भेजने का प्रावधान है। क्योंकि इन लोगों को देश की सुरक्षा के लिए खतरा बताया गया है। ट्रंप ने चुनाव में जीत दर्ज करने से पहले ही नई इमिग्रेशन पॉलिसी लाने और प्रवासी घुसपैठियों को उनके देश वापस भेजने का ऐलान किया था। इनकी संख्या कई लाख में बताई जा रही है। ट्रंप ने इस बाबत एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर करके नई इमिग्रेशन पॉलिसी लागू कर दी है। साथ ही अपने शपथ ग्रहण के पहले ही दिन सीमा पर नेशनल इमरजेंसी की घोषणा कर दी थी।

## संक्षिप्त खबरें ।

### थानाध्यक्ष ने किया पैक्स बूथ का भौतिक सत्यापन



**नरहट (नवादा)।** शेखपुरा पैक्स का आगामी 28 जनवरी को होने वाले पैक्स चुनाव की तैयारी में पुलिस प्रशासन जुट गई है। पैक्स चुनाव को शांतिपूर्ण और निष्पक्ष ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से पुलिस प्रशासन सुरक्षा व्यवस्था का समीक्षा की गई। शुक्रवार को थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर उमाशंकर सिंह पुलिस पदाधिकारी के साथ पैक्स मतदान केंद्र का भौतिक सत्यापन किया। थानाध्यक्ष ने बताया कि इस दौरान उत्क्रमित उर्दू मध्य विद्यालय शेखपुरा में बनाये गए पैक्स बूथ का सत्यापन किया गया। आपको बता दें कि शिकायत के आलोक में नरहट प्रखण्ड के शेखपुरा पैक्स का चुनाव स्थगित कर दिया गया था। जिला प्रशासन के निर्देशानुसार तिथि निर्धारित कर चुनाव कराया जा रहा है।

### शांति भंग करने वाले पर होगी कार्रवाई

**नारदीगंज(नवादा)।** नारदीगंज थाना परिसर में शुक्रवार को सरस्वती पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक हुई ।अध्यक्षता थानाध्यक्ष प्रभा कुमारी ने की ।थानाध्यक्ष ने कहा सरस्वती पूजा विसर्जन के दौरान डीजे नहीं बजाने व अश्लील गाने नहीं बजाने हैं, और लाइसेंस अनिवार्य है ।जिसमे कमेटी के सदस्यों का नाम मोबाइल नंबर देने सहित कई आवश्यक निर्देश दिया। थानाध्यक्ष ने कहा कि सरस्वती पूजा को शांति एवं सौहार्द वातावरण में मनाएं। बैठक में उपस्थित प्रदीप यादव, दीपू यादव, बच्चू साव,सरपंच प्रवेश रविदास के अलावा पूजा समिति के लोग समेत अन्य मौजूद रहे।

### महुलियाटांड़ गांव में पशु बांझपन शिविर का आयोजन



**कौआकोल(नवादा)।** प्रखण्ड के महुडर पंचायत के महुलियाटांड़ गांव में शुक्रवार को पशुपालन विभाग के सौजन्य से पशु बांझपन निवारण शिविर आयोजन का किया गया। शिविर में एक दर्जन से अधिक बांझपन बीमारी से ग्रसित पशुओं का जबकि दर्जनों सामान्य पशुओं का चिकित्सीय जांच कर एवं पशुपालकों को नि:शुल्क दवा दिया गया। इस अवसर पर कौआकोल भ्रमशील पशु चिकित्सालय के टीभीओ डॉ० हरिशंकर शरण ने कहा कि पशुओं में बांझपन सबसे बड़ी समस्या है। उन्होंने शिविर में पशुपालकों को बताया कि बांझ गाय,भैंस,बाछी व पारी को कैसे सही समय पर गर्भवती किया जाये। उन्होंने कहा कि दुधारु गाय,भैंस बच्चा देने के लिए छह से नौ माह तक तथा बाछी व पारी तीन से पांच साल तक गर्भवती नहीं होती उसे बांझ कहा जाता है। ऐसे पशुपालकों को निश्चित रुप से चिकित्सीय सलाह की आवश्यकता होती है। इस शिविर का उद्देश्य यही है कि उन गाय,भैंस,बाछी व पारी को दुधारु बनाकर पशुपालकों को लाभ पहुंचाना है तथा शंकर नस्ल के पशुओं के प्रति अभिरुचि जगाना है। मौके पर डॉ० राकेश रंजन,डॉ० मनोज कुमार,संतोष कुमार,आलोक,सुरेंद्र,सुधीर आदि मौजूद थे।

### सिरदला: परना डाबर थाना परिसर में 902 लीटर महुआ शराब किया गया विनिष्ट



**प्रदीप प्रसाद संवाददाता सिरदला**

जिलाधिकारी के निर्देश पर परना डाबर थाना परिसर में 902 लीटर महुआ शराब विनिष्ट किया गया है। सिरदला के प्रभारी अंचलाधिकारी अभिनव राज सह मजिस्ट्रेट की देखरेख में शराब का विनष्टीकरण किया गया है। अंचलाधिकारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार क्षेत्र के अलग-अलग जगहों में छापेमारी के दौरान सात कांडों में जप्त कुल 902 लीटर देसी महुआ शराब विशिष्ट किया गया है। मौके पर थाना अध्यक्ष रंजन चौधरी, मलखाना प्रभारी गोविंद सिंह सहित परना डाबर थाना के पुलिसकर्मी उपस्थित थे।

# 29 जनवरी को मगध विश्वविद्यालय के मुख्यालय पर अपनी मांगों को लेकर महासंघ का विशाल प्रदर्शन

लोक तंत्र की आवाज



**सुनील कुमार**

**नवादा।** 29 जनवरी को मगध विश्वविद्यालय परिसर में महासंघ अपनी मांगों को लेकर भ्रष्टाचार में आकंठ डूबा भ्रष्ट पदाधिकारी के खिलाफ ऐतिहासिक प्रदर्शन करने जा रही है। इसके लिए प्रदेश अध्यक्ष डॉ. शंभूनाथ सिंहा के आह्वान पर प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. कुमार राकेश कानन के नेतृत्व में एक जागृति जत्था 07 जनवरी से लगातार बिना थके बिना रुके मगध विश्वविद्यालय के तमाम अनुदानित महाविद्यालय में दौरा कर शिक्षक - शिक्षकेतर कर्मचारियों में जान फूंकने का काम किया है। जागृति जत्था का शुभारंभ नवादा जिला से किया गया था और 22 जनवरी को शानदार सफलता के उपरांत औरंगाबाद के सूर्य भगवान के पवित्र नगरी देव भूमि में एक नारा के साथ समापन किया गया।

कार्यक्रम की सफलता में डॉ. कुमार राकेश कानन प्रदेश उपाध्यक्ष, प्रो बांके बिहारी प्रदेश सचिव , प्रो. लालसा कुमारी महासचिव मगध विश्वविद्यालय कमिटी, डॉ. नरेंद्र सिंह नवादा जिला अध्यक्ष, डॉ. रामविनय कुमार सिंह अरवल जिला अध्यक्ष , डॉ अरविंद कुमार गया जिला अध्यक्ष , डॉ शिवकुमार सिंह जहानाबाद जिला अध्यक्ष एवं प्रदेश , जिला ,महाविद्यालय के समस्त पदाधिकारीगण, बिहार राज्य संबद्ध डिग्री महाविद्यालय शिक्षक - शिक्षकेत्तर कर्मचारी महासंघ जुटे हुए हैं। नरेंद्र सिंह नवादा जिला अध्यक्ष ने कहा कि ₹एक मात्र है मांग हमारी डिग्री कॉलेज हो सरकारी₹। साथ हीं उन्होंने कहा हमारी अन्य प्रमुख मांगे है। सत्र 2014-17 का अनुदान जल्द निर्गत किया जाए । सेमेस्टर प्रथम परीक्षा की जांची गई कॉपी का पारिश्रमिक भुगतान जल्द किया जाए । बीए ,बीएससी , बीकॉम परीक्षा की कॉपी का मूल्यांकन विश्वविद्यालय में ही कराई जाए। विश्वविद्यालय द्वारा जांच कमिटी का रिपोर्ट आवेदक को उपलब्ध कराया जाए। चयन समिति का गठन जल्द किया जाए।विश्वविद्यालय पदाधिकारी को यूआर नहीं बनाया जाए। संबद्ध डिग्री कॉलेज के शिक्षकों को भी प्पीएचडी



का गाइड बनाया जाए। उपरोक्त मांगों को लेकर 29 जनवरी को महासंघ विश्वविद्यालय मुख्यालय पर विशाल प्रदर्शन करने जा रही है। उन्होंने कहा तमाम शिक्षक - शिक्षकेत्तर कर्मचारियों से आग्रह है कि हजारों की संख्या में विश्वविद्यालय पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनावे ।

## खनवां में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पूर्व घोषणाएं को पूर्ण करने की उठ रही मांग

लोक तंत्र कीआवाज

**नरहट (नवादा)।** बिहार केसरी डॉ. श्रीकृष्ण सिंह (श्री बाबू), जिन्होंने बिहार के प्रथम मुख्यमंत्री के रूप में राज्य की प्रगति में अतुलनीय योगदान दिया, उनकी जन्मस्थली खनवां (नवादा, बिहार) एवं ननिहाल से संबंधित मुख्यमंत्री की पूर्व घोषणाएँ अभी भी अपूर्ण हैं। इस अपूर्ण घोषणाओं को पूर्ण करने के लिए सरकार से मांग तेज हो गई है। ग्रामीण मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा किए गए अपने वादे को पूरा करने की अपील कर रहे हैं। श्री कृष्ण सिंह फाउंडेशन के अध्यक्ष संतोष कुमार ने बताया कि दिनांक 5 नवंबर 2013 को माननीय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी ने खनवां में एक महत्वपूर्ण घोषणा की थी, जिसमें श्री बाबू की ताम्रकाशी प्रतिमा स्थापित करने, 2 एकड़ भूमि में एक पार्क, पुस्तकालय, वाचनालय, अतिथिशाला एवं म्यूजियम के निर्माण की योजना थी।हालांकि, राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज, सुपर पावर ग्रिड, अस्पताल जैसी अन्य घोषणाएँ पूरी हो चुकी हैं, किंतु श्रीबाबू के सम्मान में घोषित यह स्मारक परियोजना आज तक अधूरी पड़ी है। प्रत्येक वर्ष 31 जनवरी (पुण्यतिथि) एवं 21 अक्टूबर (जन्मतिथि) पर जब लोग श्रद्धांजलि देने आते हैं, तो श्रीबाबू की प्रतिमा न होने के कारण वे अत्यंत दुःख एवं निराशा का अनुभव करते हैं। खनवां के समुचित विकास की आवश्यक : श्री बाबू की जन्मस्थली खनवां को बिहार के ऐतिहासिक धरोहर स्थलों की सूची में सम्मिलित किया जाना चाहिए। इस स्थल का उचित विकास न केवल श्री बाबू की विरासत को सम्मान देगा बल्कि यह बिहार के ऐतिहासिक पर्यटन स्थलों की सूची में भी महत्वपूर्ण स्थान प्राप्त करेगा। डॉ. श्रीकृष्ण सिंह न केवल बिहार के पहले मुख्यमंत्री थे, बल्कि उन्होंने राज्य के औद्योगीकरण, शिक्षा और सामाजिक सुधारों में ऐतिहासिक योगदान दिया। उनकी असाधारण सेवाओं को ध्यान में रखते हुए, बिहार सरकार केंद्र सरकार से आग्रह करे कि डॉ. श्रीकृष्ण सिंह को भारत रत्न से सम्मानित किया जाए। यह न केवल बिहार बल्कि पूरे देश के लिए गर्व की बात होगी। ग्रामीणों की उठ रही माँगें : खनवां में श्री बाबू की आदमकद की ताम्रकाश्य प्रतिमा की स्थापना, पुस्तकालय, वाचनालय, अतिथि भवन एवं म्यूजियम का निर्माण शीघ्र पूरा किया जाए। खनवां को एक स्मारक स्थल के रूप में विकसित किया जाए, जहाँ एक भव्य संग्रहालय एवं शोध केंद्र स्थापित हो। खनवां को बिहार राज्य के पर्यटन/ऐतिहासिक स्थलों की सूची में शामिल किया जाए। इस स्थल के लिए आवश्यक बुनियादी सुविधाएँ, जैसे सड़क, बिजली, जलापूर्ति, स्वास्थ्य केंद्र एवं पर्यटक सुविधाओं का समुचित विकास किया जाए। श्री बाबू को भारत रत्न से सम्मानित करने के लिए बिहार सरकार केंद्र सरकार से आधिकारिक सिफारिश करे। यदि राज्य सरकार द्वारा श्री बाबू की प्रतिमा एवं स्मारक निर्माण शीघ्र पूरा नहीं किया जाता, तो डॉ. श्रीकृष्ण सिंह फाउंडेशन के अध्यक्ष श्री संतोष कुमार ने कहा की ₹स्टेचू ऑफ यूनिटी₹ की तर्ज पर बिहारवासियों से लोहा एकत्र कर एक विशाल प्रतिमा निर्माण का सामूहिक संकल्प खनवाँवासियों ने लिया है।

## संतोष सिन्हा को बनाया गया रेलवे का पैनल अधिवक्ता

लोक तंत्र कीआवाज



**सुनील कुमार**

**नवादा ।** नवादा के जाने-माने अधिवक्ता संतोष कुमार सिन्हा को रेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा पुनः नवादा का रेल अधिवक्ता नियुक्त किया गया है । इस संबंध में पूर्व मध्य रेलवे पटना के उपमहाप्रबंधक विधि द्वारा रेलवे का पैनल अधिवक्ता नियुक्त करने संबंधी एक पत्र जारी किया गया और एक पत्र संतोष कुमार सिन्हा को भी निर्गत किया गया है । विदित हो कि संतोष कुमार सिन्हा पूर्व में भी रेलवे के पैनल अधिवक्ता के रूप में कार्यरत थे । उनके कार्य को देखते हुए रेलवे ने पुनः श्री सिन्हा को नवादा जिला हेतु रेलवे का अधिवक्ता नियुक्त किया है । श्री सिन्हा रेलवे के अलावे बिहार सरकार , भारतीय जीवन बीमा निगम, नगर परिषद नवादा सहित विभिन्न संस्थाओं का पैनल अधिवक्ता के रूप में कार्यरत हैं ।

## भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर की मनाई गई 101 वीं जयंती

लोकतंत्र की आवाज



**प्रदीप प्रसाद संवाददाता सिरदला**

बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर की 101 वीं जयंती सह नंदवंशी चेतना मंच के बैनर तले शुक्रवार को सिरदला बाजार के एस एच 70 किनारे बबनी नगमा आहार के मैदान में धूमधाम से मनाई गई। समारोह में बड़ी संख्या में सेन, शर्मा, सविता समाज के लोग एकत्रित हुए। वहीं प्रखंड विकास पदाधिकारी दीपेश कुमार भी मौजूद रहे। वक्ताओं ने बारी-बारी से पूर्व मुख्यमंत्री के योगदान और उनके संघर्ष पर विस्तार से प्रकाश डाला। समारोह की शुरुआत कर्पूरी ठाकुर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। इसके बाद उपस्थित लोगों ने उनके जीवन के संघर्षों को याद करते हुए समाज के प्रति उनके योगदान पर विस्तार से चर्चा की। बताया गया कि भारत रत्न कर्पूरी ठाकुर ने सामाजिक न्याय और गरीबों के अधिकार के लिए निरंतर संघर्ष किया। उनके योगदान के कारण ही बिहार राज्य के सामाजिक और राजनीतिक परिदृश्य में महत्वपूर्ण बदलाव आए थे। समारोह का समापन कर्पूरी ठाकुर के योगदान को जन-जन तक पहुंचाने और उनके दिखाए गए रास्ते पर चलने का संकल्प लेते हुए किया गया ,प्रखंड अध्यक्ष मुन्ना कुमार शर्मा सचिव परमानंद शर्मा ने कहा दलितों के उत्थान के लिए उनकी अटूट प्रतिबद्धता और उनके दूरदर्शी नेतृत्व ने भारत के सामाजिक-राजनीतिक ताने-बाने पर एक अमिट छाप छोड़ी है.' राष्ट्रीय अध्यक्ष आनन्द कुमार नंदवंशी, जिला अध्यक्ष रवि शंकर प्रसाद,जिला सचिव प्रभाकांत शर्मा, जिलाउपाध्यक्ष अयोध्या शर्मा,संघ सलाहकार उमेश शर्मा,राजेश शर्मा, कोषाध्यक्ष मनोज कुमार शर्मा,नगर अध्यक्ष विवेक कुमार ,उमेश शर्मा (प्रखंड सचिव) शम्भु शर्मा,आशीष शर्मा ,विजय शर्मा,जितेंद्र शर्मा,अर्जुन शर्मा,मनोहर ठाकुर उपस्थित रहे। वहीं सिरदला प्रखंड नंदवंशी चेतना मंच के प्रखंड अध्यक्ष मुन्ना कुमार शर्मा, सचिव परमानंद शर्मा सहित अन्य जिले व राज्य स्तर के नेताओं ने भाग लिया। राष्ट्रीय अध्यक्ष आनन्द कुमार नंदवंशी ने कर्पूरी ठाकुर के योगदान को याद करते हुए कहा कि उनकी सेवा भावना के कारण ही उन्हें जननायक की उपाधि मिली। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री रहते हुए कर्पूरी ठाकुर ने 1978 में मुंगेरी लाल आयोग के तहत पिछड़ा वर्ग को 12% और अति पिछड़ा वर्ग को 8% आरक्षण दिया, जिसमें 79 जातियों को शामिल किया गया था। गरीबों और पिछड़ों के अधिकारों के लिए उनके संघर्ष को आज भी पूरा देश याद करता है।

## पिछड़ों को हक और अधिकार दिलाने में कर्पूरी ठाकुर जी का योगदान अहम है। इसे कभी नहीं भुलाया जा सकता है : राजु वर्णवाल

लोकतंत्र की आवाज़



**गया ।** गया जीबी रोड स्थित स्थित जदयू महानगर कार्यालय में जिलाध्यक्ष महानगर जदयू गया राजकुमार प्रसाद उर्फ राजू बरनवाल एवं जदयू के पदाधिकारी गणों के साथ बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री और स्वतंत्रता सेनानी कर्पूरी ठाकुर जी की 101 वीं जयंती मनाई गई है। इस दौरान बरनवाल एवं जदयू के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने जननायक कर्पूरी ठाकुर के तैलिय चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए हैं। उनके कार्यों को लोगों तक पहुंचाने का संकल्प लिया है। इस कार्यक्रम के दौरान बरनवाल ने कहा कि वे समाज के पुरोधा, सादगी की मिशाल थे, वे सच में जनता के नायक थे। बिहार में गरीबों दलितों और पिछड़ों को हक और अधिकार दिलाने में कर्पूरी ठाकुर जी का योगदान अहम है। इसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की कार्यशैली उनसे हद तक मिलती है और उनके आदर्श आज भी प्रासंगिक हैं। उन्होंने कहा कि कर्पूरी के सपनों का शत-प्रतिशत धरातल पर उतारने का काम बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी ने किया है। अति पिछड़ा वर्ग समुदाय के लिए अनेकों जन कल्याणकारी योजना का शुरुआत कर विकास के मुख्य धारा में जोड़ा गया है। जननायक कर्पूरी ठाकुर अत्यंत पिछड़ा आवासीय प्लस टू उच्च विद्यालय खोला गया है। मुख्यमंत्री पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग छात्रावास अनुदान योजना अंतर्गत संचालित छात्रावासों में आवासीय छात्र-छात्राओं को खदान, गेंहू एवं चावल की आपूर्ति कि जा रही है। जदयू के पदाधिकारीगणों ने भी कर्पूरी जी के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनका जीवन सत्य और सादगी का एक प्रतिमूर्ति है। उन्होंने अपनी जीवन काल में हमेशा गरीब शोषित वंचित के हक और उनके अधिकार के लिए आवाज बनकर लड़ते रहे। अपने जीवन के अंत तक में भी विरासत के रूप में अपने परिवार को देने के लिए एक मकान भी नहीं था। कर्पूरी जी देश के सच्चे लाल थे। वह सच्चे समाजवाद के प्रणेता रहे।सबों को उनकी जीवन से प्रेरणा लेकर आगे बढ़ना चाहिए। इस कार्यक्रम में मगध प्रभारी अरुण कुशवाहा ,नगर प्रभारी अरमान उर्फ गुड्डू, लालजी प्रसाद, शंभू अग्रवाल, अमर दास, अजीत जैन, बम बम चंद्रवंशी, गोपाल प्रसाद, अमर चंद्रवंशी, ओम प्रकाश, राजकुमार शर्मा, श्याम प्यारे, बादशाह, श्रीकांत प्रसाद, वीरू कुमार, शिवकुमार, डॉ एसके सिन्हा, मिंता देवी, ललिता देवी, मानिकचंद गुप्ता सहित सैंकड़ों पदाधिकारी गण एवं कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही है।

## बिहार में भय और अराजकता का माहौल कायम करना चाहते हैं तेजस्वी

लोकतंत्र की आवाज़



**गया।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रभाकर कुमार मिश्र ने दरभंगा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के दिये बयान पर जोरदार पलटवार करते हुए कहा कि तेजस्वी यादव के बयानों में साफ झलकता है कि वे नौवीं फेल हैं। वे सिर्फ हवा-हवाई और बिना सिर-पैर का अनर्गल बयानबाजी करते रहते हैं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी बिहार के विकास को रफ्तार देने के लिए जितना सक्रिय हैं और जिस तरह से भ्रमण कर विकास कार्यों का जायजा ले रहे हैं, वह अद्भुत और प्रेरणादायक है। लेकिन, तेजस्वी यादव को यह सब समझ में नहीं आता है। उन्हें न तो भाषा का सही ज्ञान है और न ही शब्दों का भंडार। इसलिए उटपटांग बोलते रहते हैं, यही कारण है कि उनकी बातों को कोई गंभीरता से नहीं लेता है। मिश्र ने आज यहां कहा कि मुख्यमंत्री को अचेत बताने वाले तेजस्वी सचेत हो जाएं, बिहार की जनता मुख्यमंत्री जी के लिए ऐसी भाषा बर्दाश्त नहीं करेगी, आपको चुनावी दंगल में इतना जोरदार पटका लगेगा कि उठकर धूल झाड़ने लायक नहीं रहेंगे। मिश्र ने कहा कि तेजस्वी यादव की मंशा बिहार में भय और अराजकता का माहौल कायम करने की है, जो कभी पूरी नहीं होगी। बिहार में कानून राज है और आगे भी एनडीए का सुशासन ही चलेगा। बिहार में कोई अपराधी बच नहीं सकता।बिहार कभी भी लालटेन युग में वापस नहीं लौटेगा। मिश्र ने कहा कि तेजस्वी यादव के दिखावे का पर्दाफाश हो चुका है। उन्होंने कहा कि राजद और उसके सहयोगियों को कर्पूरी जयंती मनाने का कोई अधिकार नहीं है। लालू प्रसाद ने भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर को अपमानित करने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। लालू-राबड़ी ने अपने शासनकाल में अतिपिछड़ों को हमेशा हाशिए पर रखा। विकास की मुख्यधारा में शामिल होने से वंचित रखा है। लेकिन अब अतिपिछड़ों की समृद्धि में कोई बाधा नहीं बन सकता। केंद्र और बिहार की एनडीए सरकार अतिपिछड़ों को सम्मान देने और उन्हें सामर्थ्यवान बनाने के लिए कृत संकल्पित है।

## नवादा : गणतंत्र दिवस को ले सांस्कृतिक कार्यक्रम में मॉडर्न के कलाकारों ने मचाया धमाल, श्रोता हुए बागबाग

लोक तंत्र की आवाज



**नवादा।** दक्षिण बिहार एवं झारखंड के सर्वश्रेष्ठ विद्यालयों में से एक मॉडर्न इंग्लिश स्कूल कुंती नगर के बहुउद्देशीय सभागार में गणतंत्र दिवस के उपलक्ष में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन शुक्रवार को किया गया। इस आयोजन में शामिल सैकड़ों विद्यालय के प्रतिभागियों ने संगीत, नृत्य,वाद्य यंत्रों के वादन आदि की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के निदेशक आदरणीय डॉ० अनुज सिंह, मुख्य अतिथि जिला परिषद अध्यक्षा, प्राचार्य गोपाल चरण दास , उप्राचार्य मिथिलेश कुमार विजय, वरिष्ठ शिक्षक धर्मवीर सिंहा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया । दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम को आगाज करने की अनुमति प्रदान की। उसके बाद छात्रों ने स्वागत गीत एवं राष्ट्रीय गीत ₹वंदे मातरम₹ की प्रस्तुति दी। इसके बाद विद्यालय के नर्सरी कक्षा से लेकर 12वीं कक्षा तक के छात्र व छात्राओं ने एक से बढ़कर एक विभिन्न प्रकार की सांस्कृतिक कार्यक्रमों की बहुत हीं सुंदर प्रस्तुति दी, जिनमें नृत्य, संगीत, और नाटक शामिल थे। इन कार्यक्रमों में छात्रों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया और दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम की शुरुआत रिद्धि ,रुचिका ,सौभ्या,अनुप्रिया ने स्वागत गीत के साथ किया, पुनः मैं रहूं या ना रहूं गीत पर सुप्रिया, कनिका ,अंजलि ,प्रिंसी ने शानदार प्रस्तुति दी। हर करम अपना करेंगे गीत पर चतुर्थ वर्ग के प्रज्ञा, सलोनी, आरोही ने दर्शकों का अपनी प्रस्तुति से दिल जीत लिया। बड़ा निक लागे अपना देशवा के माटी लोक नृत्य पर हर्षिता ,न्यासा, नंदिनी,आरोही ने शानदार प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का आकर्षण केंद्र खुशी ,श्वेता ,आराध्या के द्वारा योद्धा बन गई मैं नृत्य एवं रानी के द्वारा शिव तांडव तथा शानवी, रिद्धि ,सुप्रिया के द्वारा कालबेलिया नृत्य रहा। इस तरह 4 घंटे तक चल सांस्कृतिक कार्यक्रम में विद्यालय के बच्चों ने एक से एक बढ़कर अपनी शानदार प्रस्तुति दी।इस कार्यक्रम को देखने के लिए हमारे विद्यालय के छात्रों, शिक्षकों, और अभिभावकों के अलावा स्थानीय नागरिक भी उपस्थित थे। सभी ने इस कार्यक्रम की सराहना की और हमारे विद्यालय के छात्रों की प्रतिभा को प्रोत्साहित किया।कार्यक्रम के अंत में, हमारे विद्यालय के निदेशक एवं प्राचार्य ने सभी को धन्यवाद दिया और गणतंत्र दिवस के महत्व पर बल दिया।कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के प्राचार्य, उपप्राचार्य मिथिलेश कुमार विजय, धर्म प्रकाश आशुतोष रंजन, राहुल कुमार,नीरज कुमार, विस्मित साहू, दिव्या कुमारी,लकी कुमारी, राकेश रोशन, पवन सर, अनिल सर,पुरुषोत्तम सर सहित सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाओं की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## जिलाधिकारी द्वारा जनता दरबार में शिकायतों का हुआ ऑन स्पॉट निष्पादन

लोक तंत्र की आवाज



**सुनील कुमार**

**नवादा।** जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश ने शुक्रवार को समाहरणालय सभाकक्ष में जनता दरबार का आयोजन कियें। आज की जनता दरवार में कुल 48 आवेदन आये, जिसमें कई आवेदनों को ऑन स्पॉट निष्पादन कर दिया गया। जनता दरबार में आपूर्ति, विद्युत, भूमि विवाद, राजस्व, मद्य निषेध, शिक्षा, भू अर्जन, पारिवारिक विवाद, अतिक्रमण, आपदा, राशन कार्ड आदि से संबंधित मामले आए। जनता दरबार में थाना-कौआकोल, साकिन-महुआईन के विशुनदेव चौधरी द्वारा सर्वे में गलत नाम चढ़ाने के संबंध में, प्रखंड-हिसुआ, ग्राम-मंझवे के भरत प्रसाद द्वारा ऑनलाईन जमाबंदी के संबंध में, अंचल-हिसुआ, ग्राम-बढ़ौना के छोटन सिंह द्वारा जमीन मापी के संबंध में, थाना-कौआकोल, ग्राम-कौआकोल के राजकुमार रजक द्वारा नाली निर्माण के संबंध में, अंचल-सिरदला, थाना-परनाडाबर, पंचायत-घघट, साकिन-कारीगिधी के शांति देवी द्वारा आवास योजना के संबंध में, प्रखंड-नवादा सदर, पुरानी बाजार के सुरेश प्रसाद द्वारा जान मारने की धमकी के संबंध में आवेदन दिया गया। सभी आवेदनों को निष्पादित करने हेतु जिला पदाधिकारी द्वारा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिया गया। जनता दरबार में अपर समाहर्त्ता चन्द्रशेखर आजाद, गोपनीय प्रभारी राजीव कुमार के साथ-साथ अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें ।

### लावारिस अवस्था में मिली यदि बालक के कोई प्राकृतिक माता पिता,अथवा अभिभावक है अपनी दावेदारी ठोस साक्ष्यों सहित जिला प्रोबेशन अधिकारी उपस्थित होकर दर्ज करायें

रिपोर्ट मुकेश सिंह



बिजनौर जिला प्रोबेशन अधिकारी ने सर्वसाधारण को सूचित किया है कि एक अज्ञात बालिका आयु 02 माह दिनांक–04 सितम्बर, 2024 को थाना धामपुर को रेलवे फाटक शुगर मिल के पास, बिजनौर के पास लावारिस अवस्था में मिली थी। जिसको बाल कल्याण समिति, बिजनौर के आदेश संख्या– 204, एस०एन०सी०यू०, सरदार वल्लभ भाई पटेल अस्पताल मेरठ में भर्ती दिनांक–04 सितम्बर, 2024 प्रवेश कराया गया है। जिसके बाद दिनांक 05 नवम्बर, 2024 को बालिका को राजकीय जिला चिकित्सालय एस०एन०सी०यू बिजनौर में भर्ती किया गया है। यदि बालक के कोई प्राकृतिक माता, पिता, माता–पिता अथवा अभिभावक है तो विज्ञापन प्रकाशन से पुर्नविचार अवधि 60 दिन के अन्दर अपनी दावेदारी ठोस साक्ष्यों सहित जिला प्रोबेशन अधिकारी बिजनौर (मो०– 7060049900) संरक्षण अधिकारी बिजनौर (मो0–7836078966) के समक्ष उपस्थित होकर दर्ज करायें अन्यथा निर्धारित पुर्नविचार अवधि समाप्त हो जाने के उपरांत उक्त बालक के संबंध में किसी भी व्यक्ति की कोई दावेदारी मान्य नहीं होगी और अज्ञात बालक को नियमानुसार सक्षम दम्पत्ति को गोद दिये जाने की कार्यवाही प्रस्तावित कर दी जायेगी।

### उत्तराखंड हरिद्वार पुलिस अपने फर्ज के साथ-ड्यूटी का निर्वाह करती

रिपोर्ट मुकेश सिंह



हरिद्वार ड्यूटी भी एवं वोट डालने की जिम्मेदारी भी एसएसपी प्रमेन्द्र सिंह डोबाल द्वारा अपना वोट डालते हुए अन्य लोगों को भी वोट डालने हेतु प्रेरित किया साथ ही जिलाधिकारी हरिद्वार कर्मेंद्र सिंह के साथ जगह–जगह व्यवस्थाओं का निरीक्षण भी किया जा रहा है। कृपया आप भी अपना वोट अवश्य डालें

### सुभाष जयंती पर विद्यार्थियों की मानव श्रृंखला बनवाकर नेहरू स्टेडियम में जिलाधिकारी ने सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई

रिपोर्ट गुरप्रीत सिंह

बिजनौर उ.प्र. शासन द्वारा मनाये जा रहे राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 01 जनवरी 2025 से 31 जनवरी 2025 तक के अन्तर्गत मुख्य सचिव उ.प्र. शासन के निर्देशानुसार 23 जनवरी 2025 को नेता जी सुभाषचन्द्र बोस की जयन्ती के अवसर पर नेहरू स्टेडियम बिजनौर में कक्षा 8 से 12 तक के विद्यालयों के छात्रों एवं उच्च शिक्षा के विद्यार्थियों के साथ मानव श्रृंखला का आयोजन किया गया। जनपद बिजनौर के विभिन्न विद्यालयों के छात्र/छात्रा मानव श्रृंखला बनाकर नेहरू स्टेडियम के प्रांगण में पहुंचे, जहां सभी छात्रों के द्वारा फ्ळअऊरआएळ आकृति बनाकर सड़क सुरक्षा के प्रति जनमानस को जागरूक किया गया। उक्त आयोजन में लगभग 2000 विद्यार्थियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती जसजीत कौर जिलाधिकारी द्वारा मानव श्रृंखला में सम्मिलित सभी विद्यार्थियों एवं जनमानस को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करते हुए सड़क सुरक्षा की शपथ ग्रहण करायी गयी। उक्त कार्यक्रम में शिवशंकर सिंह एआरटीओ (प्रशासन), श्री गौरी शंकर ठाकुर एआरटीओ (प्रवर्तन), मुन्ना लाल यात्रीकर अधिकारी, सुरेन्द्र कुमार सम्भागीय निरीक्षक (प्राविधिक), जिला विद्यालय निरीक्षक जयकरन यादव, यातायात प्रभारी रवि कुमार नैन, मास्टर आसिफ गय्यूर, अधिशासी अभियन्ता (प्रान्तीय खण्ड) लो.नि.वि बिजनौर आदि के साथ परिवहन विभाग के समस्त कर्मचारी, बस, ट्रक एवं टैक्सी यूनियन के पदाधिकारी तथा विद्यालयों के शिक्षक भी सम्मिलित रहे।

### बिजनौर अवैध कॉलोनी काट रहे माफिया के खिलाफ उपजिलाधिकारी तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

रिपोर्ट रोहित कुमार

**नगीना।** ग्राम समाज व ग्राम पंचायत के समीप कॉलोनी बिना रोडव बिना मानक पूर्ण किये कॉलोनी का निर्माण किया जा रहा है किसी भी कॉलोनी का कार्य पूर्ण कार्य किये बिना उनको टुकड़ों में बेचने कि अनुमति ना की जाये और कॉलोनी वालो को अविलम्ब नोटिस भी जारी किया जाये कोटकादर में सेंट मैरी स्कुल के सामने कॉलोनी काटने वालो कि बिन्दूवार व मानक के अर्न्तग्रत अवैध नाला सरकारी रूप से र्निर्माण व खो नदी में डाला गया है जिसकी गम्भीरता से जांच हो तथा भ्रष्ट कर्मचारियों के खिलाफ उचित कार्यवाही कि जाये साथ ही कुछ लोग तहसील क्षेत्र में तालाबों पर ही कब्जा जामये बैठे है जो कि सरकार की नियामवली व प्राकृक्ति के विरूद्ध है प्रकृति से खिलवाड़ करने वाले के खिलाफसरकारी कार्यवाही हो नगीना तहसील में वृक्षारोपड़ का काफी स्थान है प्रत्येक खेल के मैदान व प्रत्येक तालाब के मेड़ पर वृक्षरोपण कराया जाय और प्रत्येक उद्योग स्वामी को 200 पेड़ पालने का दिशा र्निदेश दिया जाय आपके द्वारा पर्यावरण को बचाने में अहम भूमिका भी निभायी जा रही है जिसमें हमारी पार्टी अपना दल एस सरकारी व गैर सरकारी कार्य में सहयोग करने में सदैव तत्पर रहेगी और सरकारी प्रोग्रामों में अपना दल एस पार्टी के जिला अध्यक्ष को सुचना भी दी जाय और शामिल होने का अवसर भी प्रदान किया जाए।

# जालौन के राजकीय मेडिकल कालेज में धूमधाम से मनाया उत्तर प्रदेश दिवस

लोकतंत्र की आवाज

जालौन पहुंचकर गन्ना विकास मंत्री संजय गंगवार ने उत्तर प्रदेश दिवस पर शिरकत की



**उरई ।** मा० मुख्यमंत्री जी ने आज उत्तर प्रदेश दिवस-2025 के अवसर पर उन्होंने वर्चुअल संबोधित किया गया जिसका सजीव प्रसारण मा० प्रभारी मंत्री/राज्य मंत्री, गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग विभाग उ०प्र० श्री संजय सिंह गंगवार जी, मा० गौसेवा आयोग अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता, विधायक माधौगढ़ मूलचंद्र निरंजन, विधान परिषद सदस्य रमा निरंजन, विधायक कालपी विनोद चतुर्वेदी, मा० जलशक्तिमंत्री के प्रतिनिधि अरविंद चौहान, जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय, पुलिस अधीक्षक डॉ० दुर्गेश कुमार आदि सहित सम्बन्धित अधिकारी, किसान, उद्यमियो ने राजकीय मेडिकल कॉलेज में सजीव प्रसारण देखा। जनपद में उत्तर प्रदेश दिवस-2025 का आयोजन भव्यता और उत्साह के साथ किया गया। इस अवसर पर प्रदेश की प्रगति, संस्कृति और उपलब्धियों को प्रदर्शित करने के लिए विभिन्न कार्यक्रम और गतिविधियाँ आयोजित की गईं। कार्यक्रम का शुभारंभ मा० प्रभारी मंत्री जी द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। उत्तर प्रदेश दिवस के अवसर पर विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टालों ने प्रदेश की उपलब्धियों और योजनाओं को प्रदर्शित किया। मा० प्रभारी मंत्री जी ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टालों का अवलोकन किया और संबंधित विभागों के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा, ₹इन स्टालों के माध्यम से प्रदेश की प्रगति और विकास के सफर को समझने का एक शानदार अवसर मिला है। कार्यक्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिसमे छात्र-छात्राओं द्वारा लोक नृत्य, गायन, और नाटकों की प्रस्तुति की गई। मा० प्रभारी मंत्री श्री संजय सिंह गंगवार जी ने अपने संबोधन में उत्तर प्रदेश की प्रगति और सरकार की योजनाओं पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश देश का सबसे बड़ा राज्य होने के साथ-साथ विकास की दृष्टि से भी अग्रणी है। प्रदेश सरकार ने पिछले वर्षों में शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, और उद्योग के क्षेत्रों में अभूतपूर्व प्रगति की है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार युवाओं के लिए रोजगार और कौशल विकास के नए अवसर सृजित करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य हर नागरिक को सशक्त बनाना और प्रदेश को समृद्धि की नई ऊंचाइयों तक ले जाना है। इस दिशा में सरकार की योजनाएँ जनता के सहयोग से सफल हो रही हैं। उ०प्र० गौ सेवा आयोग अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता ने अपने सम्बोधन में कहा कि गौ आधारित प्राकृतिक खेती, सबको जीने के लिए शुद्ध हवा, पानी, भोजन चाहिए इसके लिये देश के मा० प्रधानमंत्री जी और मा० मुख्यमंत्री जी ने बुंदेलखंड को गौ आधारित प्राकृतिक खेती और मिलेट्स का हब बनाने का निर्णय लिया है। किसान को गौ आधारित खेती करे, मा० प्रधानमंत्री जी ने किसान को गौ आधारित खेती करने का लक्ष्य रखा है और जब उत्तर प्रदेश का किसान गौ आधारित खेती करेगा तो हर किसान को गाय चाहिए। आज उ०प्र० में गौ संरक्षण का कार्य चल रहा है जिसमे गौवंश संरक्षित है।अब मा० प्रधानमंत्री जी और मा० मुख्यमंत्री जी का जो लक्ष्य है कि जिसके पास एक गाय होगी उसके नीचे पक्का केटल सेट बनेगा, बायोगैस बनेगा, गोमूत्र और गोबर गैस की सैलरी और जीवअमृत बनेगा वह खेतों में जाएगा तो आज हम जो केमिकल खा रहे हैं खाने से डायबिटीज ब्लड प्रेशर कैंसर बीमारी बढ़ रही है खेती की लागत बढ़ रही है पानी का संकट बढ़ रहा है इसके लिए किसान गौ आधारित खेती में मल्टी लेयर फार्मिंग है, किसान 100 तरह की चीजें पैदा करेगा। किसान के पास बूढ़े से बूढ़े गाय व बैल का मूत्र संचय करेगा, बायोगैस चलाएगा। किसान अन्नदाता व उर्जादाता बनेगा। कार्यक्रम में मा० प्रभारी मंत्री जी ने शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, उद्यमी, पुलिस और समाज सेवा के क्षेत्र में योगदान देने वाले लोगों को प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह प्रदान किए। उन्होंने कहा कि हमारे प्रदेश में प्रतिभा और समर्पण की कोई कमी नहीं है। हमें इन उपलब्धियों पर गर्व है और ऐसे प्रयासों को प्रोत्साहित करते रहना चाहिए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी राजेन्द्र कुमार श्रीवास, अपर जिलाधिकारी(वि०/रा०) संजय कुमार, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे प्रेमचंद्र मौर्य, नगर मजिस्ट्रेट राजेश कुमार वर्मा, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ० एन०डी० शर्मा आदि सहित जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

# डीएम ने नवाचार आधारित मॉडल कि सराहना की



लोकतंत्र की आवाज

रिपोर्ट रोहित कुमार

बिजनौर जिला विज्ञान प्रदर्शनी में निशांत ने प्रथम, सलोनी ने दूसरा स्थान पाया सुधांशु कुमार आदि ने दीप प्रज्वलित किया। केपीएस कन्या इंटर कॉलेज बिजनौर तथा जीजीआईसी बिजनौर की छात्राओं ने सुंदर सरस्वती वंदना तथा स्वागत गीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में आरजेपी के हिंदी प्रवक्ता चंद्रहास सिंह, बालेश कुमार, भूपेंद्रपाल सिंह, रश्मि गहलौत, प्रदीप कुमार सिंह, वीरेंद्र कुमार, विनीत कुमार, योगेंद्र योगी आदि का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम का संचालन अंग्रेजी प्रवक्ता गुय्यूर आसिफ़ तथा मनोज यादव ने संयुक्त रूप से किया प्रदर्शनी में अपने विचार व्यक्त करते हुए जिलाधिकारी। बिजनौर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद उत्तर प्रदेश लखनऊ के निर्देश अनुसार जिला विज्ञान क्लब बिजनौर के तत्वावधान में कक्षा 9 से कक्षा 12 तक के विद्यार्थियों के लिए जनपद स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन इंदिरा बाल भवन बिजनौर में किया गया। प्रदर्शनी में जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से आये छात्र-छात्राओं ने अलग-अलग विषय पर ज्ञानवर्धक एवं नवाचार पर आधारित कार्यकारी मॉडल बनाए और उसके विषय में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि नवागत जिला अधिकारी बिजनौर जसजीत कौर ने बच्चों के मॉडल देखने के बाद उनके प्रयासों की प्रशंसा की और आह्वान किया कि नवाचार आधारित मॉडल आगे भी तैयार करते रहें, जिससे कि उन्हें भविष्य में और आगे तक बढ़ने और अपनी प्रतिभा को निखारने का अवसर प्राप्त हो। जिला विज्ञान समन्वयक सुधांशु कुमार ने बताया कि जनपद भर से 197 मॉडल प्रदर्शनी में प्रस्तुत किए गये। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले निशांत कुमार पुत्र श्री बलराम सिंह हिंदू इंटर कॉलेज चांदपुर को 5000, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली सलोनी केपीएस बिजनौर को 3000 तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले रोबिन सिंह हिंदू इंटर कॉलेज चांदपुर को 2000 का पुरस्कार एवं प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त भव्य खन्ना और दीपांशी भारद्वाज केपीएस बिजनौर 1000 का नकद सांत्वना पुरस्कार भी दो-छात्राओं को दिया गया। निर्णायक मंडल में वर्धमान कॉलेज के प्रोफेसर डॉक्टर टीएन सूर्य, डॉक्टर जूही अग्रवाल, डॉक्टर पायल राठी, डॉक्टर मीनाक्षी ने बच्चों के मॉडल को देखकर प्रथम, द्वितीय, तृतीय मॉडल का चयन किया। कार्यक्रम के आरंभ में मुख्य अतिथि जिलाधिकारी के साथ डीआईओएस जयकरन यादव, आरजेपी इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य कैप्टन बिशनलाल, जिला विज्ञान समन्वयक।

## दो मकान के ताले तोड़कर नकदी सहित लाखों का सामान चोरी

लोकतंत्र की आवाज

रिपोर्ट नीलम सिंह



जिला बिजनौर नजीबाबाद में काफी समय से चोरों का आतंक जारी है,चोर बदमाश बेखौफ होकर घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। नजीबाबाद में चोरों ने दो बंद मकानों को निशाना बनाकर बडी चोरी को अंजाम दिया। रायपुर रोड स्थित आनंद निकेतन एनक्लेव कालोनी में हुई इस वारदात में चोर लाखों की नकदी और जेवरात लेकर फरार हो गए। पहली चोरी बैंक के असिस्टेंट मैनेजर अनुराग के घर में हुई। वह घर में ताला लगाकर बाहर गए थे। चोरों ने ताला तोड़कर घर से 75 हजार रुपए की नकदी और लैपटॉप चुरा लिया। दूसरी वारदात जनार्दन के मकान में हुई, जहां सरदार जसवंत सिंह किराए पर रहते हैं। जसवंत सिंह का परिवार रात में गुरुद्वारे में अखंड पाठ के कार्यक्रम में गया हुआ था। सुबह लौटने पर उन्होंने देखा कि घर का ताला टूटा हुआ था और सारा सामान बिखरा पड़ा था। चोर यहां से 25 हजार रुपए नकद और लगभग 7 तोले के जेवरात समेत कीमती सामान चुरा ले गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंची और बारीकी से जांच की। नजीबाबाद कोतवाल जय भगवान ने बताया कि तहरीर के आध गार पर मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है और जल्द ही वारदात का खुलासा करने का दावा कर रही है।

## मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में नवीन भवन का शिलान्यास किया गन्ना विकास मंत्री संजय गंगवार

लोकतंत्र की आवाज



**उरई ।** आज मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय के नवीन भवन का शिलान्यास माननीय राज्य मंत्री गन्ना विकास एवं चीनी उधोग विभाग उ० प्र० शासन श्री संजय सिंह गंगवार के कर कमलों द्वारा सम्पन्न हुआ मुख्य चिकित्सा अधिकारी एन०डी० शर्मा ने कहा कि जनपद में लगभग 25 वर्ष पुराने भवन में मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यलय संचालित था वर्ष 2008-09 राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के प्रारम्भ होने के उपरान्त प्रदेश के समस्त जनपदों में मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय के नवीन भवनों का निर्माण किये जा रहे थे उसी कड़ी में जनपद जालौन हेतु रु० 3.91 करोड़ धनराशि की स्वीकृति माननीय जनप्रतिनिधियों, सदर विधायक गौरी शंकर वर्मा व जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडेय के प्रयासों से शासन द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई है जिससे जनपद में नवीन भवन के निर्माण के उपरान्त स्वास्थ्य विभाग के कार्य अच्छे से सम्पादित किये जायेगे तथा आमजनमानस को स्वास्थ्य विभाग से अधिक से अधिक स्वास्थ्य सुविधायें प्राप्त होगी कार्यक्रम में माननीय विधायक माधौगढ़ मूलचन्द्र निरंजन, माननीय विधायक कालपी विनोद चतुर्वेदी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डा० दुर्गेश कुमार, अरविन्द सिंह चौहान प्रतिनिधि माननीय केविनेट मंत्री जल शक्ति एवं नमामि गंगे तथा श्री विजय चौधरी प्रतिनिधि माननीय अध्यक्ष नगर पालिका उरई जनप्रतिनिधियों की गरिमामय उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी डा० मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा० आनंद उपाध्याय, डा० सुनीता वनौधा वरिष्ट परामर्शदाता डा० अवनीश वनौधा, नेत्र संर्जन डा० आर०पी० सिंह, डा० एस०पी० सिंह, डा० वीरेन्द्र सिंह, डा० अरविन्द भूषण, डा० देवेन्द्र भिटौरिया, डा० प्रेम प्रताप सिंह, कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

# संविधान और आरक्षण को बचाने के लिए समाजवादी पार्टी प्रतिबद्ध है लोकप्रिय विधायक मनोज पारस

लोकतंत्र की आवाज

रिपोर्ट आसमीन सलमानी



**नगीना ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशानुसार दिनांक 22 जनवरी 2025 को नगीना विधानसभा क्षेत्र के ग्राम नैनपुरा में विधायक नगीना पूर्व मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार मनोज पारस ने सभी ग्राम वासियों से मुलाकात कर उनका एवं उनके परिवार वालों का कुशलक्षेम जाना उसके उपरांत पी-डी-ए (ढऊअ) चर्चा के कार्यक्रम के तहत मीटिंग को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा की संविधान और आरक्षण को बचाने के लिए समाजवादी पार्टी प्रतिबद्ध है संविधान व आरक्षण के महत्व को लोगों तक पहुंचाया जा सके और समाज में समानता के अधिकार को बल मिल सकेद्यद्य लेकिन यह भाजपा सरकार निजीकरण करके नौकरियों में आरक्षण का अमल न करके इसे समाप्त कर रही है यह सरकार युवाओं को नौकरी भी सिर्फइसलिए नहीं दे रही है जिससे कहीं आरक्षण ना देना पड़ जाए और दलितों, पिछड़ों, वाचितों को उनका हक न मिल जाएं समाजवादी पार्टी के माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव जी पीडिए के तहत पिछड़ा अल्पसंख्यकों के साथ-साथ दलितों को सम्मान देने और दिलाने का कार्य कर रहे हैं उन्होंने सभी सम्मानित ग्राम वासियों से कहां 2027 में एकजुट होकर भाजपा सरकार से मुक्त होकर समाजवादी सरकार बनवाने एवं श्री अखिलेश यादव जी को उत्तर प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाने की अपील की। इस मौके पर कुंवरसेन सिंह जी ग्राम प्रधान नैनपुरा, जयप्रकाश चंदेल जी प्रदेश सचिव समाजवादी पार्टी बाबा साहब अंबेडकर वाहिनी, भूरे सिंह जी प्रदेश सचिव एससी एसटी प्रकोष्ठ समाजवादी पार्टी, अकील मंसूरी साहब जिला सचिव समाजवादी पार्टी, सुधीर राठी जी प्रदेश सचिव समाजवादी पार्टी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ, उस्मान कुरैशी साहब, आसिफभाई नैनपुर वाले अहमद हसन साहब जिला पंचायत सदस्य, प्रेम सिंह जी, मौहम्मद नसीम अहमद साहब ग्राम प्रधान नूर अलीपुर भगवन्त उर्फ डेहरी, कल्लू शाह साहब, साबिर साहब, मास्टर राजेश कुमार जी, आदि ग्रामवासी मौजूद रहे।

# बिजनौरः इतिहास दोहराया, गांवों में 'पहरा' लौट आया

लोकतंत्र की आवाज

रिपोर्ट मुकेश सिंह



बिजनौर नांगल सोती इतिहास खुद को दोहराता है। दशकों पहले गांवों में रात को गूंजने वाली का आवाज 'जागते रहो' अब पुनः गूंजने लगी हैं। यानि अब फिर से गांवों में रात राको पहरा लगने लगा है। पहरे की यह - व्यवस्था पुलिस प्रशासन ने आपराधिक वारदातों को रोकने के लिये शुरू कराई है। दशकों पहले गांवों के व्यक्ति चोर- बदमाशों, जंगली जानवरों से अपने परिवार तथा गांव की सुरक्षा हेतु तथा अन्य न घटनाओं की वजह से पहरा दिया करते थे। गांव के व्यक्ति पहरे हेतु रात के घंटों को आपस में बांट लिया करते थे। कुछ घंटे एक समूह, तो कुछ घंटे दूसरा समूह पहरा नदिया करता था। रातभर आवाजें आती रहती थीं 'खतरा हो सकता है, जागते रहो। धीरे-धीरे कानून व्यवस्था मजबूत न हुई। थानों में स्टाफ बढ़ा, जगह- जगह पुलिस चौकियां खुलीं और रात की सुरक्षा के लिये सबसे बड़ा काम अखिलेश सरकार में शुरू की गई डायल एक गांव में पहरा दे रहे ग्रामीणों से वार्ता करते पुलिसकर्मी। 100 (अब डायल 112) की गाड़ियों (पीआरवी) ने किया। लोग रातों को सड़कों पर आते-जाते भी खुद को काफी सुरक्षित महसूस करने लगे। कानून व्यवस्था मजबूत हुई, तो ग्रामीणों द्वारा दिये जाने वाले रात्रि पहरे गायब हो गये। लोग घरों में चैन की नींद सोने लगे। लेकिन पिछले दिनों अफजलगढ़ थाना क्षेत्र में घरों में हुई लूट की घटनाओं ने पहरा व्यवस्था को वापस ला दिया।चोरी की घटनायें भी बढ़ गई। पुलिस अधिकारियों ने थानों में मीटिंग कर खुद ग्रामीणों को पहरा देने के लिये कहा। दशकों बाद फिर से जिले के गांवों में पहरे लगने लगे। पुलिस ने सभी गांवों में ग्राम सुरक्षा समितियों का गठन किया है, जिसकी मॉनिटरिंग अधिकारियों द्वारा की जा रही है। लोग कह रहे हैं कि वाकई इतिहास खुद को दोहराता है।

# सदर विद्यायक/ जिला प अध्यक्ष ने राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया

लोकतंत्र की आवाज



**उरई ।** आज राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर जन जागरूकता रैली का आयोजन किया गया जिसमे ऑक्सफोर्ड एकेडमी नटराज, राजकीय बालिका इण्टर कालेज उरई, राजकीय मेडिकल कालेज उरई व अन्य विद्यालय के छात्र/छात्राओं द्वारा प्रतिभाग किया गया। रैली का मुख्य का उददेश्य बालक/बालिकाओं में भेदभाव समाप्त कर समानता स्थापित करना, बालिकाओं को प्रगति के समान अवसर प्रदान करना, लड़कियों की देखभाल में परिवार के स्तर पर लड़कों के समान तथा लड़के, लड़कियों के साथ समानता के व्यवहार तथा लड़कियों के जन्म को भी उल्लासपूर्वक मनाना, कन्या भ्रूण हत्या अधिनियम-1994 के अनुपालन एवं बालिकाओं के साथ होने वाले भेद-भाव के प्रति लोगों को जागरूक करना बालिकाओं के साथ कानूनी अधिकारों, शिक्षा, चिकित्सा सुविधाओं, कन्या भ्रूण हत्या गिरता हुआ लिंगानुपात एवं विवाह आदि मुददों पर लोगों का ध्यान केन्द्रित किये जाने हेतु रैली को जिला पुरूष चिकित्सालय उरई से मा० जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ० घनश्याम अनुरागी मा० सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा, जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ० एन०डी० शर्मा ने संयुक्त रूप से हरी झण्डी दिखाकार रवाना किया गया। रैली जिला पुरुष चिकित्सालय उरई से भगत सिह चौराहा तक आयोजित की गयीं। रैली में डा० वीरेन्द्र सिंह अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, डा०अरविन्द भूषण अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी / नोडल अधिकारी पी.सी.पी.एन.डी.टी., श्री आर०पी० विश्वकर्मा अपर शोध अधिकारी, अरविन्द्र सिंह स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी, अंकिता त्रिपाठी अपर शोध अधिकारी, प्रेम प्रताप जिला कार्यक्रम प्रबन्धक, एन०एच०एम०, श्रीमती गरिमा पाठक, रेडक्रास सोसाइटी के सदस्य एवं महिला सदस्यो एवं ऑक्सफोर्ड स्कूल, एन०सी०सी० की बालिकाएं एवं स्कूली बच्चे / बच्चियों आगंनवाड़ियों, आशाओं, ए०एन०एम०, स्टाफ नर्सों एव महिला चिकित्सकों/महिला कार्मिको के द्वारा प्रतिभाग किया गया। राष्ट्रीय बालिका दिवस रैली जिला पुरुष चिकित्सालय उरई से होते हुये भगत सिह चौराहा में समाप्त हुयी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा०एन०डी०शर्मा ने गर्भ में पल रहे भ्रूण का लिंग परीक्षण कन्याभ्रूण हत्या को हर स्तर पर रोकथाम हेतु प्रभावी कार्यवाही करने हेतु समस्त चिकित्सकों तथा समाज के जागरूक व्यक्तियों हेतु अनुरोध किया तथा इस प्रकार का कोई भी प्रकरण सज्ञांन में आने पर गोपनीय सूचना मिलने पर समुचित कानूनी कार्यवाही का भरोसा दिलाया जनपद के सभी नागरिकों को लड़का, लडकी को पढ़ने बढ़ने के समान अवसर प्रदान करने की अपील की।

## बाल विकास पुष्टाहार के हड़कंप में प्रधान सहायक पर होगी रिपोर्ट दर्ज, निलंबन की कार्रवाई शुरू

लोकतंत्र की आवाज




**बिजनौर ।** बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग में आंगनबाड़ी नियुक्ति करने के मामले में प्रधान सहायक तौकीर अहमद के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करा कर निलंबित करने की कार्रवाई शुरू की गई है। साथ ही आरोपी लिपिक से धनराशि भी वापस कराई गई है। इसे लेकर पुष्टाहार विभाग में भी हड़कंप मचा रहा। बृहस्पतिवार को सीडीओ पूर्ण बोरा ने बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग में आंगनबाड़ी कार्यकत्री नियुक्ति के प्रकरण में हो रही धांधली पर सख्त कार्रवाई की है। बताया जाता है कि जिले में 477 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की नियुक्ति की प्रक्रिया चल रही है। नियुक्ति में धांधली को रोकने के लिए सी.डी.ओ. पूर्ण बोरा ने एक नंबर भी जारी किया है। आंगनबाड़ी विभाग के वरिष्ठ सहायक तौकीर अहमद पर आरोप है कि विकास क्षेत्र जलीलपुर के गांव घंसूरपुर की पूजा ने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के पद पर आवेदन किया था। प्रधान सहायक तौकीर अहमद ने पूजा से नियुक्ति दिलाने के नाम पर 50000 की वसूली की थी। जांच में सीडीओ पूर्ण बोरा ने मामले को सही पाया। प्रधान सहायक तौकीर अहमद को फटकार भी लगे। प्रधान सहायक के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के निर्देश देते हुए निलंबित करने की कार्रवाई की जा रही है। बताया जाता है की जांच में प्रकरण सही पाए जाने पर शिकायतकर्ता के 250000 भी वापस कराए गए हैं। सीडीओ द्वारा एक ही दिन में दो विभागों पर की गई कार्यवाही से दिन भर हड़कंप मचा रहा।

## संक्षिप्त खबरें ।

### प्रतिभागियों ने ड्रेगन वोट चैंपियनशिप में जीता स्वर्ण और कांस्य पदक



लोकतन्त्र की आवाज
केदार नाथ पाण्डेय
पीरपैंती। पीरपैंती प्रखंड अंतर्गत रानीदियारा ग्राम पंचायत के श्यामलाल,प्रीतम,सुशील ने बिहार ड्रेगन वोट टीम में किया कमाल जीते पदक।बिहार ने ड्रेगन वोट नेशनल चैंपियनशिप के एक हजार मीटर में स्वर्ण पदक और 500 मीटर ड्रेगन में कांस्य पदक जीता। बताते चले कि इस राष्ट्रीय स्पर्धा में श्यामलाल मंडल मुखिया पिता नंदलाल मंडल माता सुमित्रा देवी के पुत्र है वही दूसरे प्रतिभागी सुशील मंडल पिता ब्रह्मदेव मंडल माता इन्दु देवी के पुत्र है तीसरे प्रीतम कापरी पिता शंकर कापरी माता सुलोचना देवी है। ये तीनों एक साधारण परिवार के लड़के है। श्यामलाल ने भारत के लिए ब्रोंज मेडल भी जीता था। सफल होने पर सासंद अजय मंडल प्रदेश सचिव पंकज कुमार ज्योति , जिला परिषद उपाध्यक्ष पप्पू यादव,खेल शिक्षक सर्वोत्तम कुमार शर्मा,प्रमुख रश्मि कुमारी,मुखिया प्रतिनिधि अगहनू मंडल,मुखिया प्रतिनिधि मनोहर सिन्हा,संजय मंडल ,सुकेश यादव,रणधीर यादव,चेयर मेन संजीव कुमार,मुखिया सुरेन्द्र मंडल,विक्की रानी,सीतांशु मंडल,सिकंदर यादव ,विनीत रंजन,भोला मंडल ,जनार्दन आजाद सहित अन्य स्नेहजनो ने हार्दिक शुभकामनाएं दिए और इनके उज्जवल भविष्य की कामना किए।

### सर्दी का सितम जारी, लोग घरों में दुबके



लोकतन्त्र की आवाज
केदार नाथ पाण्डेय
पीरपैंती। पूरा पीरपैंती प्रखंड में इस समय कड़ाके की ठंड का प्रकोप चरम पर है। तापमान में तेजी से गिरावट दर्ज की जा रही है, और हाल ही में न्यूनतम तापमान पांच डिग्री सेल्सियस तक गिर गया। इस ठंड का मुख्य कारण हिमालय क्षेत्र में जारी बर्फबारी है, जो बिहार में पछुआ हवाओं के जरिए पहुंच रही है।जिले में पिछले कुछ दिनों से दिन और रात दोनों में ही ठंडी हवाएं चल रही हैं।मंगलवार का दिन इस सीजन का सबसे ठंडा दिन रहा, जहां तापमान ठंड से बचने के लिए लोग गर्म कपड़ों और आग का सहारा ले रहे है। वहीं पीरपैंती नगर पंचायत की ओर से अनेक जगहों पर अलाव की व्यवस्था की गई। अस्पताल मोड , शेरमारी हाई स्कूल , शेरमारी चौक,पंजाब नेशनल बैंक, रेलवे स्टेशन के बाहर दो नंबर प्लेटफार्म ,सुंदरपुर, सुंदरपुर चौक टमटम स्टैंड सहित अनेक जगहों पर नगर पंचायत ने आग़ की व्यवस्था की है ।

### पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर की जयंती मनाई गई



लोकतन्त्र की आवाज
केदार नाथ पाण्डेय
पीरपैंती। प्रखंड जदयू कार्यालय पीरपैंती में स्वतंत्रता सेनानी शिक्षक सह बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर जी का जयंती प्रखंड जदयू अध्यक्ष विवेकानंद गुप्ता के नेतृत्व में मनाई गई। इस अवसर पर जदयू अध्यक्ष ने कहा जननायक कर्पूरी ठाकुर व्यक्ति नहीं एक विचार थे। कार्यक्रम को जिला जदयू महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्षा श्रीमती सोनी सिंह, रवि शंकर सिन्हा, ऋषिकेश सिंह, बालेश्वर रजक, संदीप आर्य प्रशांत कुमार साह, मधुसूदन यादव, सीपू मंडल ने संबोधित किया। इस अवसर पर परमेश्वर पांडे, गौतम मंडल, दिनेश मंडल, उपेंद्र साह ,सियाराम भगत, कामदेव चौधरी, मुकेश महतो, विनोद रजक, सुजीत कुमार ,ताजीमुद्दीन ,आलोक कुमार एवं सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### जॉब कार्ड बनाने के लिए शिविर लगाया गया



लोकतन्त्र की आवाज
केदार नाथ पाण्डेय
पीरपैंती। ग्राम पंचायत मोहनपुर मधुबन मैं जॉब कार्ड बनवाने के लिए शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें ग्राम पंचायत मोहनपुर मधुबन के मुखिया श्रीमती जुली देवी, उप मुखिया श्रीमती रीता देवी ,सभी वार्ड सदस्य, पंचायत समिति सदस्य, एवं प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी श्री देवेश कुमार गुप्ता, ऑपरेटर शिवम कुमार ,अंकित कुमार ,बीएफटी अंकित कुमार ,एवं दिनेश ठाकुर के साथ-साथ उदय कुमार मंडल ,अरविंद मंडल ,राजकुमार मंडल, रोहित मंडल, विनोद मंडल, गौतम कुमार ,मुखिया प्रतिनिधि महादेव मंडल, मिथुन कुमार, रंजन कुमार के साथ सभी ग्रामीण युवाओं सहयोग किया। मुखिया प्रतिनिधि महादेव मंडल के द्वारा प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी एवं ऑपरेटर के साथ-साथ सभी सहयोग के लिए धन्यवाद दिया।

### भव्य स्थापना दिवस किया जाएगा आयोजित



लोकतन्त्र की आवाज
केदार नाथ पाण्डेय
पीरपैंती। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी ऐतिहासिक योगीवीर हनुमत पूरी पहाड़ बाराहाट ईशीपुर पर महंत आचार्य माई जी महाराज के सानिध्य में 29,30, और 31 जनवरी को मनाया जाएगा भव्य स्थापना दिवस। प्रेस कॉन्फ्रेंस में आचार्य माई जी महाराज ने कहा 29 जनवरी को मां बगलामुखी का यज्ञ होगा। 30 जनवरी को सरसों तेल के साथ अभिषेक पूजन पाठ तथा खिचड़ी का महाप्रसाद के साथ 56 भोग लगेगा । 31 जनवरी को 18 भुजाओं वाली माता रानी का कमल के फूलों के साथ अभिषेक पूजन पाठ साथ ही साथ बाबा योगीवीर धर्मार्थ सेवा चैरिटेबल ट्रस्ट के काला इकाई द्वारा वार्षिक स्थापना दिवस के अवसर पर सांस्कृतिक प्रतियोगिता का आयोजन रखा गया है। स्काउट के जिला प्रशिक्षक मुकेश आजाद ने कहा क्षेत्रीय बच्चों को इस संस्कृतिक प्रतियोगिता में आमंत्रित किया गया है। लगभग 10 स्कूल के बच्चों ने भाग लिया है। पंचायत समिति मंटू रजक ने क्षेत्रीय लोगों को अधिक से अधिक स्थापना दिवस पर महाप्रसाद पाने के लिए आमंत्रित किया है। उक्त अवसर पर महंत बाबा माधव गिरी, पूर्व मुखिया संजय साह, सुमन कुमार, चंदन राम के अलावा ट्रस्ट के पदाधिकारी उपस्थित थे।

# दलित पिछड़ा, अति पिछड़ा एवं गरीबों के मसीहा थे जननायक कर्पूरी ठाकुर : गोपाल मंडल





लोकतंत्र की आवाज

मोहम्मद सबरार आलम
बिहपुर। प्रदेश जनता दल यूनाइटेड के निर्देशानुसार पूरे बिहार में पार्टी की ओर से पंचायत से लेकर प्रखंड एवं जिला स्तर तक भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर का जयंती समारोह मनाया गया। जिला जनता दल (यू०), नवगछिया की ओर से गोपाल गौशाला के प्रांगण में भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर जी का 101वीं जयंती समारोह का आयोजन आयोजित किया गया। इस जयंती समारोह कार्यक्रम का अध्यक्षता अतिपिछड़ा जिला अध्यक्ष अखिलेश सिंह निषाद एवं संचालन जदयू जिला मुख्य प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी कुमार मिलन सागर ने किया।

इस जयंती समारोह में मुख्य रूप से गोपालपुर विधानसभा के विधायक सह सचेतक सत्तारूढ दल, बिहार विधानसभा नरेंद्र कुमार नीरज उर्फ़ गोपाल मंडल पहुंचे और उन्होंने जननायक कर्पूरी ठाकुर जी के तैलचित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। विधायक गोपाल मंडल ने कहा कि जननायक कर्पूरी ठाकुर जन-जन के नेता थे वह हमेशा दलित पिछड़ा अतिपिछड़ा एवं गरीबों के मसीहा रहे। वह हमेशा इन्हें मुख्य धारा में लाने का काम किया उनका जीवन सादगी भरा रहा है हमारे नेता मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जननायक कर्पूरी ठाकुर के विचारों को आगे बढ़ाकर बिहार के पिछड़ा अति पिछड़ा दलित एवं सभी वर्गों के लिए ऐतिहासिक काम किए और रहे हैं। भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर के सपनों को अगर साकार करने का काम किया है, तो एकमात्र नेता मुख्यमंत्री नीतीश कुमार है। जदयू जिला अध्यक्ष त्रिपुरारी कुमार भारती ने जननायक कर्पूरी ठाकुर के तस्वीर पर पुष्पांजलि कर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए जननायक कर्पूरी ठाकुर के विचारों को रखा और उन्होंने कहा भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर गुधरी के लाल थे। जननायक के सपनों को पूरा कर हमारे नेता नीतीश कुमार ने बिहार को सजाने का काम किए हैं।

इस जयंती समारोह में पार्टी के प्रदेश अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ उपाध्यक्ष सह जिला अभियान कार्यक्रम प्रभारी चंदेश्वरी सिंह निषाद, जिला उपाध्यक्ष विमल देव राय, राघवेंद्र मंडल उर्फ मुन्ना मंडल, ज्ञानशक सिंह कुशवाहा, शाहिद रजा, शबाना आज़मी जिला परिषद सदस्य, राज्य परिषद सदस्य बिहपुर बुलंन जी चौधरी, जिला महासचिव दिनेश पासवान, सीताराम मंडल, श्रमिक एवं तकनीकी प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष शशि कला कुमारी, महिला जिला अध्यक्ष पायल कुमारी, व्यवसायिक प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष हिमांशु भगत, जिला बीस सूत्री सदस्य अनीता देवी, मदन राम, नगर परिषद अध्यक्ष अजीत कुमार पटेल, अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ प्रखंड अध्यक्ष रंगरा चितरंजन शर्मा, वार्ड अध्यक्ष इफ्तिखार आलम, शंभू कुमार मंडल, दिलीप मंडल, कुमोद मंडल, श्यामल किशोर मंडल, पंकज कुमार सिंह, फैयाज राणा, बिधन चंद्र भगत, मोहम्मद सद्दाव, जपाली मंडल, विभूतिभूषण, कर्पूरी ठाकुर, दिलीप सिंह एवं अन्य सैकड़ो की संख्या में पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर के तैलचित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन एवं श्रद्धा सुमन अर्पित किया।

## भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर की जयंती मनाई गई राजद नेता गौतम कुमार के नेतृत्व में



लोकतंत्र की आवाज
मोहम्मद सबरार आलम
बिहपुर। शुक्रवार को भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर जयंती पर बिहपुर विधान सभा के राजद नेता गौतम कुमार प्रीतम ने प्रखंड के जयरामपुर गांव में पहुँचकर बुज़ुर्ग माताओं को कंबल देकर सम्मानित किया। इस मौके पर राजद नेता गौतम कुमार प्रीतम ने कहा भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर कमज़ोर वर्गों व ग़रीबों के मसीहा ने बिहार को एक नई दिशा देने का काम किया है। इस कार्य को बिहार कभी भूल नही सकता।हम इनके प्रति श्रद्धा-सुमन अर्पित करते हैं। मौके पर मौजूद थे युवा नेता विभाष कुमार, संतोष दास, फुल कुमार, विनोद सिंह निषाद, पमपम कुमार, मो. तौफिक व अन्य।

## नवगछिया ने लतीपुर को हराकर फाइनल में प्रवेश किया

लोकतंत्र की आवाज

मोहम्मद सबरार आलम
बिहपुर। शुक्रवार को प्रखंड के सर्वोदय मैदान में आयोजित अरशद अली मेमोरियल ड्यूज बॉल प्रतियोगिता के सेमिफाईनल में नवगछिया ने लत्तीपुर को सात विकेट से कड़ी मात दी । टॉस जीतकर लत्तीपुर के कप्तान गौतम ने पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया ।ओपनर बल्लेबाज सचीन भारद्वाज को छोड़कर नवगछिया के बॉलरों के समक्ष पुरी टीम पहले तो बेबस नज़र आई ।



सचीन भारद्वाज ने चालीस बॉल का सामना करते हुए नौ चौके और एक छक्के के मदद से 57 रन बनाए ।लत्तीपुर ने सभी खिलाड़ी खोकर निर्धारित बीस ओवर में 162 बनाए । नवगछिया के शाजीद ,प्रियांशु और देवकांत ने दो-दो विकेट झटके वही शहबाज रजनीश और अनीश ने एक एक विकेट झटके ।

163 रन का पीछा करने उतरी नवगछिया के टीम की शुरुआत अच्छी नही रही । ओपनर बल्लेबाज अनुराग बीस रन हीं बना पाए तो रजनीश छह रन और हज़रत अली जीरो रन पर चलते बने । इसके बाद टीम दिव्यांशु और रजनीश-2ने पारी को संभाला । दिव्यांशु ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 43 बॉल का सामना करते हुए दस चौके और आठ छक्के की मदद से सौ रन बना कर सर्वोदय मैंदान का पहला शतक लगाया । इसके पूर्व में कोई बल्लेबाज टी-20में इस मैदान पर शतक नही लगा पाए थे ।नवगछिया की टीम ने महज पंद्रह ओवर में जीत दर्ज कर लिया । लत्तीपुर के सचीन ने दो जबकी पी सौरभ ने एक विकेट झटके । नवछिया के दिव्यांशु को मेन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया ।

मैच में प्रशांत कुमार और शोएब आलम ने निर्णायक भूमिका की सराहनीय भूमिका निभाई । टूर्नामेंट को सफल बनाने में अभिषेक कुमार, अध्यक्ष बैजनाथ झा उर्फ बैजू राजा सचिव मोहम्मद इबरार आलम, रोहित आनंद शुक्ला, पवन कुमार झा, धनंजय कुमार सुमन, बिट्टू कुमार, जनार्दन कुमार, रहबर खान, कृष्ण कुमार, मोहम्मद इमरान अली, शईद अनवर,मोहम्मद अजहर, मोहम्मद शाहजहां, मोहम्मद शहाबुद्दीन, आर्यनकुमार, मोहम्मद मुन्ना, मोहम्मद सोहेल, मोहम्मद सैफ अली, मोहम्मद मुजम्मिल, सौरभ कुमार, मोहम्मद मजहर, मोहम्मद रियाज, मोहम्मद फिरोज, वन्य कमेटी सदस्यों की भागीदारी देखी गई।

## दावां-बिहियां सीमा के पास जलजमाव की समस्या जल्द दूर किया जाएगा

लोकतंत्र की आवाज

जगदीशपुर/भोजपुर। बिहटा-बिहिया स्टेट हाइवे पर दावां-बिहियां सीमा के पास जलजमाव के समस्या से लोगों को जल्द ही मुक्ति मिलने वाली है। प्रशासन इस गंभीर समस्या के स्थायी समाधान की जुगत में जुट गया है।

शुक्रवार को बिहिया व जगदीशपुर के अधिकारियों ने संयुक्त तरीक़े से जलजमाव वाले स्थल के निरीक्षण के बाद हाइवे पर पानी जमा होने के कारणों से अवगत होने के बाद स्थायी समाधान को लेकर कार्ययोजना तैयार की।जिसमें जगदीशपुर से बिहिया की ओर जाने वाले नाले की ऊंचाई बढ़ाने और बिहिया के नवोदय विद्यालय जाने वाले रास्ते में बन रहे नाले से कनेक्टिविटी का निर्णय लिया गया। जगदीशपुर बीडीओ डॉ. सुदर्शन कुमार ने बताया कि संयुक्त निरीक्षण के दौरान



समस्याओं को बारीकी से देखा गया और जलजमाव के समाधान को लेकर जरूरी कार्ययोजना तैयार की गई।आगे कहा कि आपसी समन्वय स्थापित कर जलजमाव के समस्या का शीघ्र ही समाधान किया जाएगा। मौके पर जगदीशपुर व बिहिया के विभिन्न अधिकारी सहित बिहिया नपं ईओ शाहिद रजा खान, दावां मुखिया सुषुमलता कुशवाहा, जेई जयनंदन चौधरी, मनजी चौधरी सहित अन्य मौजूद थे।

## प्रशासन ने चलाया अतिक्रमण हटाओ अभियान

**अब देखना यह है कि इस बार कब तक शहर की सड़कें अतिक्रमण मुक्त रह पाती है**

लोकतंत्र की आवाज़

जगदीशपुर/भोजपुर। स्थानीय जगदीशपुर नपं क्षेत्र में शुक्रवार को अतिक्रमण के विरुद्ध अभियान चला। एसडीएम संजीत कुमार के नेतृत्व में अधिकारियों, पुलिस बलों व नपं कर्मियों की मौजूदगी में नगर के झंझरिया पोखरा से मंगरी चौक, सदर बाजार, कोतवाली होते नयका टोला मोड़ तक अतिक्रमण खाली कराया। इस दौरान अतिक्रमण करने वाले विभिन्न दुकानदारों से लगभग 06 हजार रुपये जुर्माना भी वसूला गया। एसडीएम ने सदर बाजार और मुख्य सड़क किनारे के सब्जी दुकानदारों को नपं द्वारा चिन्हित स्थल सब्जी मंडी में दुकान लगाने का निर्देश दिया।



साथ ही विभिन्न ठेला व अस्थायी दुकान लगाकर अतिक्रमण करने वालों को 24 घंटे के अंदर जगह खाली करने सहित आदेश नहीं मानने वालों को चिन्हित कर कड़ी कार्रवाई करने की बात एसडीएम ने कही। प्रशासन द्वारा अतिक्रमण हटाये जाने की कार्रवाई को लेकर दुकानदारों में काफी देर तक अफरा तफ़री मची रही। अधिकारियों को आता देख दुकानदार जल्दबाजी में सड़क से अपनी सामानों को हटाते नजर आए। बताया जाता है कि प्रगति यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री के संभावित आगमन को लेकर प्रशासन आवश्यक रूटों पर अतिक्रमण हटाने सहित अन्य कार्यों को लेकर लेकर तत्पर दिख रहा है। अतिक्रमण के कारण लगातार जाम की समस्या को देखते हुए दोबारा सदर अनुमंडल पदाधिकारी एक्शन मोड में दिखे और गुरुवार को अतिक्रमण हटाओ अभियान का डंडा चला। अब देखना यह है कि इस बार कब तक शहर की सड़कें अतिक्रमण मुक्त रह पाती है। मौके पर एसडीपीओ राजीव चंद्र सिंह, बीडीओ ड्रा. सुदर्शन कुमार, सीओ विश्वजीत निलंकार, थाना अध्यक्ष बिगाऊ राम, नपं जेई रोशन कुमार पांडे समेत अन्य कर्मी मौजूद रहे थे।

## पहली बार किसी कार्यक्रम के होर्डिंग से पीएम मोदी का फोटो गायब, महज संयोग या है कोई नया प्रयोग

लोकतंत्र की आबाज

रामजी कुमार
समस्तीपुर। बिहार सहित समस्तीपुर जिले के गौरव भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर की 101 वीं जयन्ती के अवसर पर कर्पूरी चर्चा का भव्य आयोजन किया गया। चाक चैबंद सुरक्षा व्यवस्था के बीच कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस समारोह में प्रोटोकॉल का अनुपालन भी जम कर किया गया।

इसी दरम्यान कार्यक्रम स्थल के निकट लगे एक बड़े होर्डिंग पर बरबस ही लोगो कि नजर ठहर गई। जिस पर मुख्य मंत्री नितीश कुमार और समस्तीपुर के व्यवसायी एवं भाजपा के बड़े मनोज गुप्ता का फोटो आमने सामने था, होर्डिंग



के शीर्ष पर भाजपा नेता शिवराज सिंह चैहान सहित भाजपा जदयू के कई नेता विराजमान दिखे। मगर प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी की फोटो कहीं नजर नहीं आयी। हालिया कुछ वर्षों में यह पहली बार हुआ जब किसी राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम के होर्डिंग/बैनर से प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी का फोटो गायब हुआ हो। फिर क्या चर्चा तो होगी ही।कार्यक्रम स्थल पर लगे बैनर पर प्रधान मंत्री का फोटो नहीं होने और जिला भाजपा के चर्चित नेता व सीएम का फोटो आमने सामने देखते ही कयासबाजी और चर्चा विचर्चा का बाजार गर्म हो गया।

## डिजिटल एग्रीकल्चर के क्षेत्र में पूसा कृषि विश्वविद्यालय सराहनीय भूमिका निभा रहा है, जिसकी हर ओर है चर्चा : कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री भगीरथ चौधरी

लोकतंत्र की आबाज

रामजी कुमार
समस्तीपुर। डॉ.राजेन्द्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय पूसा में भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री भगीरथ चौधरी ने मीडिया सेंटर का उद्घाटन किया और भारत रत्न कर्पूरी ठाकुर की मूर्ति का भी अनावरण किया। कार्यक्रम में बोलते हुए श्री चौधरी ने कहा कि यह उनका सौभाग्य है कि भारत की एक महान विभूति की प्रतिमा के अनावरण का अवसर उन्हें मिला है। उन्होंने कहा विश्वविद्यालय में कुलपति डॉ पांडेय के नेतृत्व में अच्छा कार्य हो रहा है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय को जो भी जरूरत होगी उसको पूरा करने का वे प्रयास करेंगे ताकि और अच्छा काम हो



और प्रधानमंत्री जी के सपनों को साकार किया जा सके। उन्होंने कहा कि डिजिटल एग्रीकल्चर के क्षेत्र में विश्वविद्यालय सराहनीय भूमिका निभा रहा है जिसकी हर ओर चर्चा है। उन्होंने कहा कि मीडिया सेंटर डिजिटल एग्रीकल्चर में एक और महत्वपूर्ण कड़ी है।

विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ पी एस पांडेय ने बताया कि विश्वविद्यालय में मीडिया सेंटर अत्याधुनिक तरीके से तैयार किया गया है। इसके अंतर्गत 89.5 एफ एम चैनल का भी प्रसारण किया जाएगां जो किसानों को कृषि एवं इससे संबद्ध जानकारी उपलब्ध करवायेगी। मीडिया सेंटर के अंतर्गत टीवी स्टूडियो भी बनाया गया है जिसमें आडियो वीडियो रिकॉर्डिंग की जायेगी और किसानों को विश्वविद्यालय के यू ट्यूब, फेसबुक एवं अन्य माध्यमों के जरिए प्रसारित किया जाएगा। प्रसार शिक्षा निदेशक डॉ मयंक राय ने कहा कि

- भारत की एक महान विभूति भारत रत्न कर्पूरी ठाकुर की मूर्ति का अनावरण करने का मुझे सौभाग्य मिला

विश्वविद्यालय में चल रहे कृषि पत्रकारिता एवं अन्य छात्रों के लिए यह सेंटर एक लैब का कार्य भी करेगा जिसके माध्यम से छात्रों को विडियो प्रोडक्शन तथा पत्रकारिता के प्रैक्टिकल स्किल सिखाया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान निदेशक अनुसंधान डॉ ए के सिंह , डीन बेसिक साइंस डॉ अमरेश चंद्रा, डीन इंजीनियरिंग डॉक्टर राम सुरेश वर्मा, निदेशक छात्र कल्याण डॉ रमन त्रिवेदी, डॉ महेश कुमार , डॉ सी के झा, डॉ शिवपूजन सिंह, डॉ सतीश कुमार, डॉ राज्यवर्धन समेत विभिन्न शिक्षक, वैज्ञानिक एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें ।

### मोतिहारीः प्रभारी एडीजी ने की पूर्वी चंपारण एसपी स्वर्ण प्रभात के कार्य कुशलता की प्रशंसा

ब्यूरो रिपोर्ट शशिकांत

पूर्वी चम्पारणः मोतिहारी में प्रभारी एडीजी बच्चू सिंह मीणा ने एसपी कार्यालय में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक की। जिसमें चम्पारण रेंज के डीआईजी हरिकिशोर राय, पूर्वी चंपारण एसपी स्वर्ण प्रभात एवं जिले के सभी एसडीपीओ शामिल हुए। बैठक से पहले प्रभारी एडीजी को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया. एडीजी मीणा ने मोतिहारी पुलिस को विशेष रूप से एट्रोसिटी मामलों पर ध्यान केंद्रित करने का निर्देश दिया और हत्या, डकैती, लूट, बलात्कार,फिरौती के लिए अपहरण जैसे संगीन अपराधों पर गंभीर चिंता व्यक्त की. उन्होंने हिंसक घटनाओं पर अंकुश लगाने और लंबित मामलों के त्वरित निपटारे पर जोर दिया. बैठक में पुलिसिंग को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए नई वैज्ञानिक तकनीकों के उपयोग पर भी चर्चा किया। प्रभारी एडीजी ने कहा कि लंबित मामलों की शीघ्र निपटारा आवश्यक है. उन्होंने चेतावनी दी कि इस संबंध में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी. इस दौरान मीडिया से बात करते हुए प्रभारी एडीजी ने डीआईजी और पूर्वी चंपारण एसपी स्वर्ण प्रभात के कार्य कुशलता प्रशंसा की. बैठक के दौरान वहां मौजूद वरिष्ठ अधिकारियों ने अपने अनुभव साझा किए और मामलों के प्रभावी निपटारे के लिए महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए. सभी कार्यों के लिए एक समय सीमा तय कर दी गई है. ताकी कार्य में तेजी लाई जा सके. बैठक में अधिकारियों को बेहतर कानून व्यवस्था सुनिश्चित करने और जनता को बेहतर सुविधाएं प्रदान करने का भी निर्देश दिया गया है।

### मोतिहारीः प्रभारी एडीजी ने की पूर्वी चंपारण एसपी स्वर्ण प्रभात के कार्य कुशलता की प्रशंसा

ब्यूरो रिपोर्ट शशिकांत

पूर्वी चम्पारणः मोतिहारी में प्रभारी एडीजी बच्चू सिंह मीणा ने एसपी कार्यालय में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक की। जिसमें चम्पारण रेंज के डीआईजी हरिकिशोर राय, पूर्वी चंपारण एसपी स्वर्ण प्रभात एवं जिले के सभी एसडीपीओ शामिल हुए। बैठक से पहले प्रभारी एडीजी को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया. एडीजी मीणा ने मोतिहारी पुलिस को विशेष रूप से एट्रोसिटी मामलों पर ध्यान केंद्रित करने का निर्देश दिया और हत्या, डकैती, लूट, बलात्कार,फिरौती के लिए अपहरण जैसे संगीन अपराधों पर गंभीर चिंता व्यक्त की. उन्होंने हिंसक घटनाओं पर अंकुश लगाने और लंबित मामलों के त्वरित निपटारे पर जोर दिया. बैठक में पुलिसिंग को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए नई वैज्ञानिक तकनीकों के उपयोग पर भी चर्चा किया। प्रभारी एडीजी ने कहा कि लंबित मामलों की शीघ्र निपटारा आवश्यक है. उन्होंने चेतावनी दी कि इस संबंध में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी. इस दौरान मीडिया से बात करते हुए प्रभारी एडीजी ने डीआईजी और पूर्वी चंपारण एसपी स्वर्ण प्रभात के कार्य कुशलता प्रशंसा की. बैठक के दौरान वहां मौजूद वरिष्ठ अधिकारियों ने अपने अनुभव साझा किए और मामलों के प्रभावी निपटारे के लिए महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए. सभी कार्यों के लिए एक समय सीमा तय कर दी गई है. ताकी कार्य में तेजी लाई जा सके. बैठक में अधिकारियों को बेहतर कानून व्यवस्था सुनिश्चित करने और जनता को बेहतर सुविधाएं प्रदान करने का भी निर्देश दिया गया है।

### बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जननायक कर्पूरी ठाकुर की जयंती समारोह पूर्वक मनाई गयी

ब्यूरो रिपोर्ट शशिकांत

मोतिहारीः दिनांक –24/01/2025 रोज शुक्रवार को प्रखंड–ढाका के ग्राम पंचायत राज गुरहनवा स्थित बबन कुशवाहा, विधानसभा प्रभारी सह पूर्व प्रदेश सचिव के आवास पर बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जननायक कर्पूरी ठाकुर जी की जयंती समारोह मनाई गई। वही कर्पूरी ठाकुर जी के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। वहीं श्री कुशवाहा ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री जननायक कर्पूरी ठाकुर जी गरीबों शोषितों वंचितों व जन–जन के नेता थें। इस कार्यक्रम के मौके पर प्रखंड अध्यक्ष नेहाल अख्तर, अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रखंड अध्यक्ष अनिल साह, ढाका नगर अध्यक्ष संजीत प्रसाद, पूर्व प्रवक्ता अशोक सिंह, किसान सह सहकारिता प्रकोष्ठ के जिला उपाध्यक्ष सौरभ कुमार, जदयू के मोतिहारी महानगर के महासचिव सह अधिवक्ता अमित शंकर प्रसाद ,गुरहनवा के पंचायत अध्यक्ष सतिउलाह , तेल्हारा के पंचायत अध्यक्ष रिजवान अहमद, सरोज कुमार, प्रमोद पासवान, पैक्स अध्यक्ष श्री शिव कुमार, कल्याण सिंह, राज कुमार सिन्हा,सुजीत कुमार सिन्हा, नीरज कुमार, बच्चा पासवान,गुड्डू आलम, मो जमशेद आलम जी,भगत साह जितेन्द्र साह, अश्विनी प्रसाद, संतोष कुशवाहा, राजेन्द्र कुशवाहा, आदि पंचायत के सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# मोतिहारीः सरस्वती पूजा की शांतिपूर्ण आयोजन को लेकर जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक संपन्न

## महिला सुरक्षा बल की प्रतिनिनियुक्ति भी की जाएगी

लोकतंत्र की आवाज



**ब्यूरो रिपोर्ट शशिकांत**

**मोतिहारी ।** पूर्वी चंपारण समाहरणालय मोतिहारी स्थित डॉ राधाकृष्णन सभागार में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक की जिलाधिकारी के निर्देश पर अध्यक्षता करते हुए अपर समाहर्ता लोक शिकायत शैलेंद्र भारती ने कहा कि आप सभी के सहयोग से सरस्वती पूजा के त्यौहार को सौहार्द पूर्ण वातावरण में संपन्न कराया जाएगा। उत्कृष्ट भीड़–प्रबंधन, सुगम यातायात तथा सुदृढ़ विधि–व्यवस्था का संधारण प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सभी पदाधिकारियों को इसके लिए सजग, तत्पर एवं प्रतिबद्ध रहने का निर्देश दिया गया है। बैठक के प्रारंभ में सर्वप्रथम अपर समाहर्ता लोक शिकायत के द्वारा शांति समिति के सभी सदस्य गण का स्वागत किया गया एवं सभी सदस्य गण से बारी बारी से उनके क्षेत्र में सरस्वती पूजा की तैयारी की जानकारी प्राप्त की गई। सभी सदस्य गण के द्वारा बताया गया कि शांति समिति के सदस्य सक्रिय हैं और प्रशासन को हर संभव मदद करते हुए इस त्योहार को सफल बनाने में सहयोग करेंगे। इस अवसर पर अपर समाहर्ता ने कहा कि प्रशासनिक दृष्टिकोण से इस पर्व को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए काफी सतर्कता बरतने की जरूरत है। कभी–कभी अफवाहों के कारण गंभीर स्थिति उत्पन्न हो जाती है। जिले में संवेदनशील स्थलों को चिन्हित किया गया है वहां के लिए दंडाधिकारी एवं पुलिस बल की विशेष प्रतिनियुक्ति की जाएगी। उन्होंने कहा कि थाना स्तर पर शांति समिति की बैठक आयोजित कराई जाएगी और शांतिपूर्ण तथा सद्भाव के साथ इस पर्व को संपन्न कराने संबंधी सभी जरूरी निर्देश पूजा समितियां को दी जाएगी। दिए गए निर्देश में मूर्ति स्थापना के लिए लाइसेंस लेना, लाउडस्पीकर एक्ट का अनुपालन सुनिश्चित करना, सभी पूजा पंडाल के लिए बिजली कनेक्शन एवं फायर सेफ्टी मेजर का उपयोग, विवादित स्थल पर मूर्ति स्थापना नहीं हो यह सुनिश्चित करना, निर्धारित तिथि और निर्धारित मार्ग से ही विसर्जन हो इसे सुनिश्चित करना, विवादित मार्गो से विसर्जन जुलूस नहीं निकले इसे सुनिश्चित करना, विसर्जन जुलूस में उत्तेजक नारे नहीं लगे तथा डीजे को पूरी तरह से प्रतिबंधित किया गया है। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक ने कहा कि डीजे को पूरी तरह से प्रतिबंधित किया गया है। अस्त्र शस्त्र के प्रदर्शन पर भी रोक लगाई गई है। जिला स्तर से लेकर अनुमंडल स्तर पर क्विक रिस्पांस टीम गठित की जाएगी जो सभी स्थितियों पर नजर रखेगी। बाइक पेट्रोलिंग से भी लगातार गस्ती कराया जाएगा। महिला सुरक्षा बल की प्रतिनिनियुक्ति भी की जाएगी। इसके अलावा सादे लिवास में भी पुलिस के जवान तैनात रहेंगे जो हर तरह की स्थिति पर नजर रखेंगे। शांति समिति की बैठक में महापौर नगर निगम मोतिहारी, उप महापौर, अपर पुलिस अधीक्षक, अनुमंडल पदाधिकारी सदर मोतिहारी, ट्रैफिक डीएसपी, जिलाधिकारी के विशेष कार्य पदाधिकारी सहित जिला के सभी अंचलों से आए शांति समिति के सदस्य गण उपस्थित थे।

## केसरियाः नयागांव में सर्व सहमति से धूमधाम से हो रहा, अष्टयाम पूजा



लोकतंत्र की आवाज

**ब्यूरो रिपोर्ट शशिकांत**

**मोतिहारी।** केसरिया प्रखंड क्षेत्र के नयागांव में श्री हनुमान ज़ी मंदिर के प्रांगण में 24 घंटे का श्री राम नाम अष्टयाम पूजा का आयोजन किया गया है। इस कार्यक्रम को ग्राम वासियों के सहयोग द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी यह कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। वहीं इस कार्यक्रम में अष्टयाम संकीर्तन मंडली का स्वागत किया गया। उसके बाद कार्यक्रम की शुरुआत हुई। इस पूजा–अर्चना पर बैठे रविशचंद्र वर्मा उर्फ मुन्ना जी, साथ ही उनकी धर्मपत्नी है शामिल। इस कार्यक्रम में बसंत कुशवाहा, बब्लू प्रसाद, अरविंद प्रसाद, मनीष मेहता, अवनी किशोर, संदीप कुमार टेंट हाउस, भृगुनाथ प्रसाद, कुमार गौरव उर्फ साहेब, नवीन कुमार, बालाजी प्रसाद, सुंधाशु कुमार, दिलीप कुमार, रंजन कुमार, नीरज कुमार, रोहित कुमार, संदीप कुमार, पंकज कुमार, राजेश कुमार, धर्मेन्द्र कुमार, दिनेश्वर प्रसाद, समेत सभी ग्रामवासियों के सहयोग से यह पूजा कार्यक्रम की जा रही हैं।

## भावी प्रत्याशी ने गरीब एवं असहाय लोगों के किया किया 200 कम्बल का वितरण



लोकतंत्र की आवाज

**ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा**

**बगहा।** वाल्मीकि नगर विधासभा भावी प्रत्याशी सुरेंद्र कुशवाहा ने जन नायक बिहार के पुर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर के जयंती के अवसर पर पिपरासी प्रखंड के मंझरिया पंचायत में गरीब अशहाय लोगों को कंम्बल वितरण किया गया। कड़ाके की ठंड के बीच असहाय और गरीबों को कंबल मिलते ही उनके चेहरे खिल उठे। भावी प्रत्याशी सुरेंद्र कुशवाहा ने बताया कि लग भग 200 गरीब और जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल का वितरण किया गया। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि मनुष्य का जीवन तभी सार्थक होता है, जब वह गरीब और असहायों की मदद करता है। सर्दी के इस मौसम में गर्म कपड़े वितरण करना सच्ची मानव सेवा है और ऐसे कार्यों से समाज में एक सकारात्मक बदलाव आता है। बताया कि कंबल वितरण से निश्चित रूप से जरूरतमंदों को राहत मिली है।

## एक किराना दुकान में साढे पांच लाख की हुई चोरी की घटना को पुलिस ने किया उद्भेदन, एक गिरफ्तार विगत कुछ दिन पहले अज्ञात चोरों के द्वारा एक किराना

लोकतंत्र की आवाज

**ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा**

**बगहा।** सेमरा थाना क्षेत्र के सेमरा बाजार में 14/01/25 को एक किराना दुकान में साढे पांच लाख की चोरी थी। वहीं इस मामले में सेमरा थाना कि पुलिस ने उद्भेदन करके एक अभियुक्त को गिरफ्तार की है। इसकी जानकारी रामनगर एसडीपीओ नंदजी प्रसाद ने शुक्रवार को सेमरा थाना परिसर में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर दिया है। उन्होंने प्रेस वार्ता के दौरान बताया कि सेमरा थाना क्षेत्र के सेमरा बाजार के रमेश कुमार जयसवाल ने एक लिखित आवेदन दिया था। कि उनका निजी किराना समान का माल गोदाम जो भवानीपुर रोड़ में बनारसी स्कूल के सटे दक्षिण दिशा में है, जिसमें आवेदक अपना किराना समान रखा था, जिसमें 14 जनवरी की रात्रि में साढे पांच लाख रुपया मूल्य के सामान की



चोरी हो गयी है। एसडीपीओं ने बताया कि आवेदक के द्वारा दिए गए आवेदन के आलोक में सेमरा थाना में कांड संख्या 7/25 दर्ज करते हुए अनुसंधानकर्ता सब – इन्स्पेक्टर अवधेश दास को बनाया गया। सेमरा थानाध्यक्ष संपत कुमार सिंह, अनुसंधानकर्ता एवं अन्य पुलिस पदाधिकारी व कर्मियों के द्वारा सूचना संकलन एवं तकनीकी साक्ष्य के आधार पर कांड में संलिप्त अपराध कर्मियों में से एक अपराधी संतोष कुमार चौधरी ,उम्र 25 वर्ष ,पिता पारस चौधरी, ग्राम तुमकड़िया, थाना बैरिया जिला प. चम्पारण को पूर्वी चम्पारण जिला के मोतिहारी नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत श्रीकृष्ण नगर मुहल्ला स्थित उनके ससुर स्वर्गीय प्रभु सहनी के घर से गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त संतोष चौधरी ने पुछताछ के दौरान बताया कि अपने अन्य साथी चंदन कुमार, उम्र 22 वर्ष अपना छोटा भाई, विशाल चौधरी ,उम्र 26 वर्ष ,पिता भरत चौधरी ,ग्राम सिसवा सरैया मन ,थाना बैरिया, उपेन्द्र चौधरी उम्र 35 वर्ष ,पिता खखन चौधरी ,ग्राम बगम्भरपुर थाना श्री नगर, तपेश्वर चौधरी उम्र 22 वर्ष, पिता मिट्ठू चौधरी ,ग्राम तुमकड़िया बीच पटवा थाना बैरिया के साथ चोरी के घटना को अंजाम देते हैं। वहीं चोरी का माल समान अनुज शर्मा नाम के व्यक्ति को बेच देते थे। एसडीपीओं ने बताया कि उक्त पांचों व्यक्तियों के द्वारा स्वयं का एक पिक अप गाड़ी एवं अन्य चार चक्का वाहन रखें हुए हैं, जो चोरी की घटना को अंजाम देने के समय उपयोग में लाते हैं। उन्होंने बताया कि चोरी की समान खरीदने वाले दुकानदार अनुज शर्मा के संबंध में पूर्ण विवरणी तैयार कर लिया गया है, उसकी भी गिरफ्तारी हेतु छापेमारी की जा रही है। साथ ही अन्य संलिप्त अपराध कर्मियों की गिरफ्तारी हेतु एसआईटी टीम का गठन कर छापेमारी किया जा रहा है। एसडीपीओं ने बताया कि गिरफ्तार अपराध कर्मी संतोष कुमार चौधरी के द्वारा इस कांड के अलावे भी बगहा, बेतिया एवं मोतिहारी जिला के अन्य जगहों पर भी चोरी की घटना को अंजाम अपने उपरोक्त सहकर्मियों के साथ मिलकर करने की बात को स्वीकार किया है, जिसका सत्यापन किया जा रहा है।

## कर्पूरी सभागार में माननीय एमएलसी सह जिला अध्यक्ष भीष्म साहनी की अध्यक्षता में कर्पूरी जयंती समारोह मनाया गया

लोकतंत्र की आवाज

**ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा**

एमएलसी भीष्म सहनी के अध्यक्षता में भाजपा के लोकप्रिय विधायक राम सिंह भाजपा के जिला अध्यक्ष अचिंत्य कुमार लल्ला दयाशंकर सिंह राकेश सिंह मनोज सिंह नागेंद्र साहनी मुन्ना सिंह मुन्ना गुप्ता आरती देवी मुरारी चौधरी इंद्रसेन पांडे राजेश कुमार जितेंद्र जायसवाल चंदेश्वर बिंद सुरेंद्र बैठा के साथ तमाम एनडीए के साथी इस अवसर पर उपस्थित रहे माननीय विधायक राम सिंह ने कहा स्वर्गीय कर्पूरी ठाकुर जी एक आदर्श पुरुष थे सभी जाति सभी धर्म को लेकर चलने वाले व्यक्ति थे लगातार जनहित में काम करते थे उनके बताए हुए रास्ते पर माननीय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी



चल रहे हैं माननीय मुख्यमंत्री जी के निवेदन पर यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने उन्हें भारत रत्न की उपाधि दी गई वही भीष्म साहनी ने कहा स्वर्गीय कर्पूरी ठाकुर जी दबे कुचले अति पिछड़ा समाज के साथ–साथ सभी वर्ग के लोगों को ऊपर उठाने का काम किया आज देश ही नहीं पूरे बिहार में कर्पूरी सभागार उन्हीं के नाम पर बनाया गया है जो हम सब आज के दिन उनकी श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं वही अचित लाला ने बताया कर पुरी जी एक आदर्श पुरुष थे उनके जीवन में अनेक बढ़ाएं आए लेकिन उन्होंने डटकर सामना किया और आज उन्हें भारत रत्न प्राप्त हुआ उनके बेटे को माननीय मुख्यमंत्री जी ने लोकसभा भेजने का काम किया और यशस्वी प्रधानमंत्री जी ने उन्हें राज्य मंत्री का दर्जा दिया मनोज सिंह जी ने बताया कर्पूरी जी के बताए रास्ते पर हम सबको चलना चाहिए और उनसे सीख लेनी चाहिए वही मुन्ना सिंह ने बताया कर्पूरी जी ईमानदार व्यक्ति थे उनकी ईमानदारी में कोई शक नहीं था दबे कुछ ले पिछड़े समाज और उच्च वर्ग के लोगों को भी सम्मान देने का काम किया जो आज हम सब याद कर रहे हैं

## बगहा : शहीद विवेक कुमार वॉलीबॉल स्मृति टूर्नामेंट का हुआ समापन

लोकतंत्र की आवाज

**ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा**

21 वीं वाहिनी, सशस्त्र सीमा बल, बगहा द्वारा मुख्य अतिथि सुरेश सुब्रमण्यम, उपमहानिरीक्षक, क्षेत्रक मुख्यालय, सशस्त्र सीमा बल, बेतिया व तपेश्वर संबित राउत, कमान्डेंट, 21वीं वाहिनी के मार्गदर्शन में तीन दिवसीय शहीद विवेक कुमार स्मृति वॉलीबॉल प्रतियोगिता का समापन किया गया। इस कार्यक्रम में श्रीमती रश्मी रंजन, उप सभापति, बगहा; बलवंत सिंह नेगी, कमान्डेंट, 44 वीं वाहिनी, स.सी.ब; नंदन सिंह मेहरा, कमान्डेंट, 65 वीं वाहिनी, स.सी.ब एवं अन्य उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों के द्वारा भी शहीद विवेक कुमार को श्रद्धांजली दि गई। तत्पश्चात शहीद विवेक कुमार की स्मृति में बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र के भूतपूर्व सैनिकों को शहीद विवेक कुमार स्मृति चिन्ह भेंट



कर सम्मानित भी किया गया।इस वॉलीबॉल टूर्नामेंट में सशस्त्र प्रहरी बल नेपाल, 21वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, 65वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, बिहार पुलिस, वाल्मिकीनगर, हरनाटाड़, गर्दीदोन, लौकरिया व रामपुरवा की कुल नौ (09) टीमें शामिल हुईं। टूर्नामेंट का प्रारम्भिक मैच सशस्त्र प्रहरी बल, नेपाल ५२ 21वीं वाहिनी, सशस्त्र सीमा बल के बीच खेला गया जो कि एक फ्रेंडली शो मैच था। तदोपरांत प्री क्वॉर्टर फाइनल व क्वॉर्टर फाइनल मैचों का आयोजन हुआ जिसमें सेमी फाइनल मैच के लिए चार टीमों ने अपना स्थान सुरक्षित किया।वॉलीबॉल प्रतियोगिता के दूसरे दिन सेमीफाइनल मैच का आयोजन हुआ। जिसमें पहले सेमीफाइनल मैच में हरनाटांड की टीम व दूसरे सेमीफाइनल मैच में 21वीं वाहिनी, सशस्त्र सीमा बल की टीम को हराकर क्रमशः 65 वीं वाहिनी, सशस्त्र सीमा बल व रामपुरवा की टीमों ने फाइनल मैच के लिए अपनी जगह सुरक्षित की। दिनांक 24/01/2025 को टूर्नामेंट के फाइनल रोमांचक मुकाबले में 65 वीं वाहिनी, सशस्त्र सीमा बल की टीम को हराकर रामपुरवा की टीम ने शहीद विवेक कुमार स्मृति वॉलीबॉल टूर्नामेंट की विजेता ट्रॉफी अपने नाम की। रामपुरा टीम के ऋतिक ने पूरे टूर्नामेंट के दौरान अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दिखाया और मैन ऑफ द टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम किया। अंततः सभी प्रतिभागी टीमों व बच्चों को पुरस्कृत कर धन्यवाद प्रस्ताव के साथ इस यादगार टूर्नामेंट का समापन किया गया।इस आयोजन के दौरान 21वीं वाहिनी के कमान्डेंट तपेश्वर संबित राउत, उमा शंकर नाशना, उप–कमान्डेंट, एम टी मेरन, उप–कमान्डेंट, भोलानाथ, उप–कमान्डेंट, भूषण चंद्र राय, उप–कमान्डेंट, जिष्णु एम, सहायक कमान्डेंट(चिकित्सा), आदर्श चौहान, सहायक कमान्डेंट (संचार) एवं बलकर्मियों ने प्रतिभागी खिलाड़ियों का पूरे टूर्नामेंट के दौरान लगातार उत्साहवर्धन किया।

## बगहा अंचल कार्यालय में निगरानी विभाग की टीम जांच कर करवाई हो .. तुषार सिंह

लोकतंत्र की आवाज

**ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा**

**बगहा** एक अंचल कार्यालय की अधिकारी समेत अन्य कर्मचारी की कार्यशैली पर प्रश्न चिन्ह लग गया है। इस दौरान भाजपा नेता श्वेत मणि सिंह उर्फ तुषार सिंह ने शुक्रवार को कहा कि जिस तरह से प. चंपारण जिला शिक्षा पदाधिकारी के घर निगरानी विभाग की टीम ने 2 करोड़ से अधिक रूपये की बरामदगी किया है। ठीक उसी तरह बगहा एक अंचल कार्यालय की अधिकारियों एवं अन्य कर्मचारियों की जांच किया जाय। ताकि भ्रष्ट अधिकारी बिहार के एनडीए गठबंधन की सरकार की बदनाम करने में जुटे हुए हैं। जिस तरह से जमीन के कागजात में परिमार्जन, एलपीसी, खरीज दाखिल इत्यादि कई



मामले को सही कराने के लिए आम आदमी परेशान हो रहा है। जबकि जिलाधिकारी का आदेश है कि इन सभी मामलों को एक सप्ताह में निपटारा सुनिश्चित करे अधिकारी फिर भी अनदेखा किया जा रहा है इससे साफ जाहिर होता है कि करप्शन दिन प्रति दिन बढ़ता ही जा रहा है। इसकी रोक थाम बहुत जरूरी हो गया है नहीं तो बगहा के किसान सहित आम जनता को प्रताड़ित कर उनसे अवैध रूप से पैसा वसूल किया जा रहा है। जनसंपर्क के दौरान कुछ लोगों ने इसकी शिकायत भाजपा नेता से किया है। जिन्होंने मांग किया है कि सरकार इसको गम्भीरता के साथ निगरानी विभाग की टीम को अविलंब करवाई करे। इस बाबत संवाददाता द्वारा पूछे जाने पर बगहा अंचलाधिकारी नर्मदा श्रीवास्तव ने बताया कि दो तीन दिनों से सिस्टम काम नहीं कर रहा है रही बात भ्रष्टाचार की तो इस तरह के मामले अभी तक मेरे संज्ञान में नहीं आया है। यदि किसी तरह का मामला आता है तो निश्चित दोषियों पर करवाई तय है।

## पूर्वी चम्पारणः मोतिहारी जदयू के प्रदेश उपाध्यक्ष बने BÊo राजेश पाण्डेय

लोकतंत्र की आवाज

**ब्यूरो रिपोर्ट मोतिहारी**

**पूर्वी चम्पारण।** जदयू प्रदेश नेतृत्व द्वारा ईङ्ग राजेश कुमार पाण्डेय को जदयू शिक्षा–प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष पद पर मनोनयन हेतु सूचना जारी की गई है। श्री पाण्डेय की प्रोन्नति प्रदेश महासचिव से जदयूङ्ग शिक्षा प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष पद पर हुई है। मनोनित होने पर पार्टी कार्यकर्ताओं एवं पूर्वी–चम्पारण जिले के लोगों में काफी हर्ष व्याप्त है। कार्यकर्ताओं ने इसके लिए जद–यू के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं बिहार के मुख्य मंत्री नीतीश कुमार, पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय कुमार झा, जदयू बिहार के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा, शिक्षा–प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष सुनील कुमार, बाल संरक्षण आयोग के अध्यक्ष डॉ.अमरदीप डॉ.अमरदीप का आभार व्यक्त किया है। तथा ईङ्ग राजेश पाण्डेय को बधाई दिया तथा ईङ्ग राजेश पाण्डेय



के प्रति अपना विश्वास ब्यक्त किया है पटना प्रदेश कार्यालय से श्री पाण्डेय के मनोनयन संबंधित सूचना जारी होते हीं ईङ्ग राजेश कुमार पाण्डेय के मोतिहारी धर्मसमाज रोड स्थित आवासीय कार्यालय पर बधाई देने वाले लोगों का आज दिन भर ताँता लगा रहा बधाई देने वाले में जदयू केसरिया विधायक शालिनी मिश्रा, रतन सिंह पटेल, पूर्वी–चम्पारण जद–यू जिलाअध्यक्ष मंजू देवी, जदयू किसान प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष सह–प्रदेश मुख्यालय प्रभारी सुनील कुमार, प्रदेश किसान उपाध्यक्ष संजय सिंह, विधान पार्षद महेश्वर सिंह, पश्चिम चम्पारण से जदयू शिक्षा प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष किशोरीलाल जायसवाल, जदयू पूर्वी–चम्पारण, शिक्षा–प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष रविन्द्र पटेल, ब्रावो फाउंडेशन के उपेन्द्र पटेल, कोटवा प्रखंड डूमरा पंचायत के बाहुबली सरपंच ज्वालाकांत मिश्रा, पूर्व विधान पार्षद एवं जदयू.प्रदेश महासचिव सतीश कुमार, जदयू पूर्वी–चम्पारण के वरीय नेता ब्यास प्रसाद सिंह, रिपूसूदन तिवारी, प्राइवेट स्कूल एशोसियेशन के सेक्रेटरी एवं एम.के.डी.पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर मृत्युंजय मिश्रा, युवा जद–यू नेता रोहित राज, प्रशांत सिंह पटेल, जीसु भाई, महिला प्रकोष्ठ जद–यू जिलाध्यक्ष शोभा सिंह, पश्चिम चम्पारण के सांसद डाङ्ग संजय जायसवाल, पश्चिम चम्पारण के वरीय शिक्षक नेता अनिल पाण्डेय, कोटवा से जद–यू शिक्षा–प्रकोष्ठ महासचिव राजन दूबे, जद–यू जिला प्रवक्ता जन्मेजय पटेल, समेत सैकड़ों लोगों ने बधाइयाँ दी। वहीं ईङ्ग राजेश कुमार पाण्डेय ने प्रेस कांफ्रेंस करते हुए पत्रकारों को बताया कि, वे पंचायत स्तर से प्रदेश स्तर तक मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के द्वारा बिहार में किए जा रहे जनोपयोगी कार्यों को जनता तक हर संभव पहुचायेंगे।

## संक्षिप्त खबरें ।

### गायघाट में जननायक कर्पूरी ठाकुर की 101वीं जयंती मनाई पूर्व सीएम कर्पूरी ठाकुर को लोगों ने दी श्रद्धांजलि



दीपक कुमार। गायघाट
बहार के पूर्व मुख्यमंत्री एवं स्वतंत्रता सेनानी कर्पूरी ठाकुर की 101वीं जयंती गायघाट कर्पूरी भवन में धूमधाम से मनाई गई। विधायक निरंजन राय ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। लोगों ने उनकी प्रतिमा की साफ–सफाई की ।गायघाट विधायक निरंजन राय ने प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम के संबोधन में विधायक निरंजन राय ने कहा कि कर्पूरी ठाकुर वास्तविक अर्थों में जननायक थे, जिन्होंने हमेशा गरीब और शोषित वर्ग के हितों के लिए काम किया। वह एक ईमानदार और सादगीपूर्ण जीवन जीने वाले नेता थे।मौके पर प्रदेश अति पिछड़ा के सचिव पूर्व पार्षद वकील सहनी, प्रदेश अति पिछड़ा महासचिव परशुराम सहनी ,जिला प्रवक्ता अरविंद राय, जिला महासचिव सुनील यादव, हरेंद्र राम, कमलदेव सिंह , पूर्व पार्षद फूल बाबू राय, विनय यादव, प्रखंड अध्यक्ष पांचू महासेठ , कटरा अध्यक्ष विकास यादव सहित कई लोग मौजूद थे।

### सिरदला– कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में मनाया गया राष्ट्रीय बालिका दिवस



सिरदला प्रखंड के शाहपुर स्थित कस्तूरबा बालिका विद्यालय में राष्ट्रीय बालिका दिवस बड़े धूमधाम से मनाया गया। बालिका दिवस वार्डन श्वेता कुमारी, वार्डन रीता कुमारी, शिक्षिका जयंती कुमारी, लेखापाल दीक्षा प्रसून, संचालक विजय यादव की देखरेख में मनाया गया, इस अवसर पर पेंटिंग प्रतियोगिता एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सफल प्रतिभागियों को मेडल देकर सम्मानित किया गया तथा उन्हें आगे बढ़ाने के अवसरों के बारे में प्रेरित किया गया। मुख्य अतिथि जिला परियोजना प्रबंधक महिला विकास निगम नवादा अनुग्रह प्रसाद तिग्गा, हिना तबस्सुम, केंद्र प्रशासक राजकुमारी, मयंक प्रियदर्शी, सुषमा कुमारी, सुमन कुमारी इत्यादि उपस्थित थे।

### व्यवस्था में दिखी अव्यवस्था, पदाधिकारी ने सम्मानित शरीफों को पढाया प्रोटोकॉल का पाठ, बाद में हुए गायब



समस्तीपुर। चाक चैबंद व्यवस्था के बीच अव्यवस्था भी दिखी। खास कर वीआईपी और वीवीआईपी पास धारकों को बैठने केलिए पर्याप्त जगह नहीं होने से थोड़ी देर अफरातफरी का माहौल बन गया। मीडिया दीर्घा में बैठे वीआईपी पास धारक तीन विभिन्न प्रधानाध्यापकों को प्रोटोकॉल का पाठ पढाते हुए पहले उठने के लिए मजबूर कर दिया, बाद में खुद गायब हो गये। अगले कुछ पल में पूरा मीडिया कक्ष वीआईपी व वीवीआईपी पास धारकों से पट गया। जानकार बताते हैं कि वीआईपी और वीवी आईपी दीर्घा में व्यवस्था से अधिक पास बांटे जाने के कारण अव्यवस्था की स्थिति उत्पन्न हुई।सुत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक वीआईपी दीर्घा में करीब 350 और वीवी आईपी दीर्घा में करीब 250 लोगों के बैठने की व्यवस्था थी। जबकि वी आईपी दीर्घा केलिए अनुमानतरू 500 और वीवी आईपीदीर्घा केलिए 400 पास आवंटित किये गये थे। दोनो दीर्घा के पास धारक मीडिया कर्मियों केलिए निर्धारित क्षेत्र में बैठे या खड़े देखे गये।

# समस्तीपुर:सामाजिक न्याय के सच्चे मसीहा थे कर्पूरी ठाकुर :– जगदीप धनखड, कहा उन्होंने देश में एक अद्वितीय छाप छोड़ी

## बिहार जैसे राज्य में, वे पहले गैर–कांग्रेसी मुख्यमंत्री बने

लोकतंत्र की आबाज

**रामजी कुमार**

**समस्तीपुर ।** आसान नहीं होता कर्पूरी होना। कर्पूरी ठाकुर जी, भारत के महान सपूत, सामाजिक न्याय के सच्चे मसीहा थे। भारत रत्न कर्पूरी ठाकुर जी ने सामाजिक न्याय को बढ़ावा देकर देश में एक अद्वितीय छाप छोड़ी। उक्त बातें महामहिम उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड ने शुक्रवार को जिले के कर्पूरी ग्राम स्थित प्रभावती रामदुलारी महाविद्यालय परिसर में आयोजित भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर की जयंन्ती समारोह के अवसर पर अपने संबोधन में कही। उन्होंने कहा कि कठिन और चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों के बावजूद, उन्होंने उच्च शिक्षा प्राप्त करने का संकल्प पूरा किया। अपने जीवन में, उन्होंने कभी भी कोई व्यक्तिगत संपत्ति अर्जित नहीं की और अपना पूरा जीवन जनता की सेवा को समर्पित कर दिया। वे विधानसभा चुनाव कभी नहीं हारे, जो अपने आप में एक कीर्तिमान है। बिहार जैसे राज्य में, वे पहले गैर–कांग्रेसी मुख्यमंत्री बने। बताते चलें कि शुक्रवार को जिले के कर्पूरी ग्राम स्थित प्रभावती रामदुलारी महाविद्यालय परिसर में भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर की जयंन्ती धूमधाम से समारोह पूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर सर्व प्रथम जननायक के पुत्र केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री राम नाथ ठाकुर, ने तमाम अतिथियों का मिथिला की परंपरा के मुताबिक स्वागत किया। स्वागत संबोधन के बाद उपसभापति, राज्यसभा, हरिवंश ने जननायक के व्यक्तित्व एवं कीर्तित्व की चर्चा की। इसके पुर्व जननायक के पुत्र रामनाथ ठाकुर, विधानपार्षद डॉ तरूण कुमार आदि गणमान्य लोगों ने उपराष्ट्रपति का कर्पूरी ग्राम में प्रथम अभिनंदन किया। तदुपरांत श्री धनखड ने जननायक के पैतृक आवास एवं गोकुल कर्पूरी फुलेश्वरी महाविद्यालय स्थित त्रिमूर्ति भवन में उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए पेड लगाये। मौके पर महामहिम राज्यपाल, बिहार, आरिफ मोहम्मद खान, केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चैहान, केंद्रीय गृह राज्य मंत्री, नित्यानन्द राय, केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री, भागीरथ चैधरी, सांसद शाम्भवी चैधरी, विधान पार्षद डॉ तरूण कुमार सहित एवं अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।



## एकता युवा मंडल ने भारत रत्न कर्पूरी ठाकुर के जयंती पर किया कार्यक्रम आयोजित



लोकतंत्र की आबाज

**समस्तीपुर।** जिले के कल्याणपुर प्रखंड के सैदपुर में एकता युवा मंडल द्वारा मेरा युवा भारत समस्तीपुर द्वारा जननायक भारतरत्न कर्पूरी ठाकुर के 101वे जयंती समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व एकता युवा मंडल के संस्थापक मोहम्मद एजाज व मंच का संचालन युवा कवि शिवम सरोज कुमार ने किया। अध्यक्षता एकता कोचिंग सेंटर के निर्देश जयप्रकाश कुमार ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत में कर्पूरी ठाकुर के तेलचित्र पर माल्यार्पण किया गया, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नेहरू युवा केंद्र संगठन के राज्य निर्देश सर्वेंद्र प्रताप सिंह, नेहरू युवा केंद्र समस्तीपुर जिला युवा अधिकारी अमित कुमार, नेहरू युवा केंद्र के लेखपाल केदारनाथ कुमार, नमामि गंगे के डीपीओ निजेश कुमार, पूर्व राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक पूसा के रौशन कुमार आदि लोग मौजूद थे। अतिथि का स्वागत गीत से किया गया। उसके बाद विभिन्न युवाओं ने जननायक कर्पूरी ठाकुर पर अपना विचार को रखा। राज्य निर्देशक के द्वारा युवाओं को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि को माला शॉल पाग और पौधा देकर सम्मानित किया गया। अंत में मसाल जुलूस सैदपुर चौक तक निकल गया। मौके पर शिक्षक संजीव कुमार आदित्य कुमारी संगम कुमारी कोमल कुमारी इनायतुल्लाह इनामुल्लाह नेहा कुमारी आदि लोग मौजूद थे ।

## जगदीशपुर में 76वें गणतंत्र दिवस की तैयारियां जोरों पर



लोकतंत्र की आवाज़

**जगदीशपुर/**भोजपुर स्थानीय जगदीशपुर में 76वें गणतंत्र दिवस की तैयारियां जोरों पर है। शुक्रवार को एसडीएम संजीत कुमार व एसडीपीओ राजीव चंद्र सिंह के नेतृत्व में वीर कुंवर सिंह किला प्रांगण में झंडोत्तोलन व सलामी परेड का पूर्वाभ्यास किया गया। द्वय अधिकारियों की मौजूदगी में राष्ट्रगान के बाद पुलिस बलों ने सलामी परेड कर तिरंगे झंडे को सलामी दी। पूर्वाभ्यास को देखने के लिए स्थानीय लोग भी उत्सुक दिखे।

## किलकारी के बच्चों ने देखा बौद्ध लमाओं का मुखौटा नृत्य कलकारी के अन्य–अन्य विधा के बच्चे हुए थे शामिल

लोकतंत्र की आवाज़



**गया।** शुक्रवार को जीवन के कल्याण और प्रेत बाद से मुक्ति के लिए बोधगया के भूटान बौद्ध मंदिर में मुखौटा डांस का आयोजन किया गया है जिसमें गया बिहार बाल भवन किलकारी से अलग–अलग विद्या से कई बच्चे इस नृत्य का आनंद लिया है ! आज बच्चों ने गुरु पद्मसंभव की पूजा को देखा इस विधा की शुरुआत गुरु पद्मसंभव के द्वारा किया गया है ! जिनका₹कमल पुष्प के द्वारा पाकिस्तान के स्वात प्रांत में हुआ था ! उन्होंने ब्रज्यां की परंपरा को तिब्बत व भूटान सहित समस्त हिमालय क्षेत्र में प्रचलित किया था! भूटान की संस्कृति में मुखौटा नृत्य का बहुत बड़ा स्थान है लोग मानते हैं इस नृत्य से सभी तरह की बुरी बाधाएं एवं दूर होती है ! इस नृत्य को देखने मात्र से व्यक्ति के सभी पाप नष्ट हो जाते हैं ! और निर्माण की प्राप्ति होती है ! इस नृत्य को देखने आए किलकारी बिहार बाल भवन के अलग–अलग बच्चों ने खूब सराहना की बच्चों ने मंदिर के बनावट उसके रखरखाव पूजा पद्धति विशेष रूप से नृत्य के भाव को देखकर आह्लादित थे ! इस नृत्य का आयोजन बोध गया स्थित जौनपुर गांव के पास भूटान बौद्ध मठ के परिसर में किया गया था ! जहां बौद्ध लमाओं ने अपने पारंपरिक वेशभूषा में वहां के वाद्य यंत्रों के साथ मुखौटा नृत्य प्रस्तुत किया ! इसके पूर्व किलकारी के बच्चे गया के गांधी मैदान में आयोजित खादी ग्राम उद्योग मेला में मधुबनी चित्रकला कार्यशाला में भी भाग लिया बच्चों ने इस कार्यशाला में मधुबनी चित्रकला की विभिन्न तरीकों को जाना मधुबनी चित्रकला की विशेषज्ञ राजकीय सम्मान से सम्मानित अंजू कुमारी ने मधुबनी चित्रकला को कैसे कागज पर उकेरते हैं यह बताया है ! चित्रकला विद्या के बच्चों ने अलग–अलग तरीके के कई चित्र भी बनाएं बच्चों ने बताया कि यह बहुत बड़ी बात है सहजता में ही हम मधुबनी चित्रकला को बनाने की कला यहां सीख पा रहे हैं इन बच्चों में राज कश्यप, लकी सागर ,कृति श्री ,अपर्णा राज,शीतल कुमारी राजनंदिनी ,रिशु, कृष राज, राखी कुमारी ,गुड़िया कुमारी आदि शामिल थे ! इन बच्चों के साथ–साथ प्रशिक्षक में पिंटू कुमार, चंदन मुखर्जी ,निशि खाना एवं किलकारी के कर्मी शामिल थे !

## भारतरत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर की जयंती मनाई गई

लोकतंत्र की आवाज



**दीपक कुमार**

**मुजफ्फरपुर–** कुढनी प्रखंड स्थित ₹राज कंपलेक्स सभागार₹ केरमा में युवा राजद नेता शंकर कुशवाहा के द्वारा ₹जननायक कर्पूरी ठाकुर₹ की जयंती मनाई गयी। कुशवाहा ने कहा कि बिहार के महान विभूतियों में जननायक कर्पूरी ठाकुर का नाम सबसे आगे रहेगा। उनका जन्म 24 जनवरी 1924 को बिहार के समस्तीपुर जिले के पितौंछिया ग्राम में हुआ था। तथा उनकी मृत्यु 18 फरवरी 1988 को हुई थी। उनके पिता का नाम गोकुल ठाकुर था। अपनें 65 वर्ष के जीवन काल में उन्होंने बहुत से कार्य किए। देश की आजादी के लिए लड़ाई लड़ी। पूरे 26 महीनें जेल में रहे। तब अंग्रेजों का शासन था। देश की आजादी के बाद वे अपनें ग्राम में ही शिक्षक के रूप में कार्य किए। इसके बाद सन् 1952 में विधानसभा के सदस्य बने। वे 1960 में ढ & ळ कर्मचारी को हड़ताल पर ले जाने के कारण गिरफ्तार भी हुए। ठाकुर जी हिंदी भाषा के समर्थक थे। इसलिए 1967 में जब वे शिक्षा मंत्री बने तब मैट्रिक में अंग्रेजी विषय की अनिवार्यता समाप्त कर दी। उनका मानना था कि बिहारी छात्र अंग्रेजी के कारण पिछड़ जाते हैं। कर्पूरी ठाकुर दो बार बिहार के मुख्यमंत्री बनें। पहली बार 1970 में तथा दूसरी बार 1977 में। उन्होंने दलित और पिछड़ों के उत्थान के लिए प्रयास किया। वे आजीवन समाज सेवा करते रहें। इसी कारण वे हमेशा याद किए जाएंगे। व्यक्ति मरता है विचार कभी नहीं मरता। इसलिए ऐसे महान विभूति हमेशा अमर रहेंगे। उनका विचार अमर रहेगा। आज उनके जन्म जयंती पर हम कोटिशः नमन करते हैं।

## पचभिंडा में जननायक कर्पूरी ठाकुर की 101वीं जयंती धूमधाम से मनी

लोकतंत्र की आवाज



**तरैया (सारण)।** ब्राइट फ्यूचर स्कूल, पचभिंडा में जननायक कर्पूरी ठाकुर की 101वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस कार्यक्रम का आयोजन मिशन ऑफ लाइफ यूथ क्लब व स्वामी विवेकानंद महिला मंडल, फरीदपुरा ने किया।कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के संचालक अमित कुमार साह और अन्य शिक्षकों द्वारा कर्पूरी ठाकुर के तैलचित्र पर पुष्प अर्पित कर की गई। इस अवसर पर बच्चों को संबोधित करते हुए अमित कुमार ने कर्पूरी ठाकुर के संघर्षमय जीवन और उनके समाजवादी विचारों पर प्रकाश डाला।प्रतियोगिताओं में दिखा बच्चों का उत्साह जयंती के अवसर पर क्विज़ और निबंध लेखन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। क्विज़ प्रतियोगिता में रितिका कुमारी ने प्रथम, आदिल खान ने द्वितीय, और अनमोल कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं, निबंध लेखन प्रतियोगिता में रिचा कुमारी ने प्रथम, सोनी कुमारी ने द्वितीय, और प्रिंस कुमार ने तृतीय स्थान हासिल किया। विजेताओं को दिया गया सम्मान मिशन ऑफ लाइफ नंदनपुर की ओर से सभी विजेताओं को ट्रॉफी और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम में रही सभी की सराहनीय भागीदारी कार्यक्रम को सफल बनाने में पूर्व राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक राजू विवेक साह, काजल सिंह, पंकज कुमार यादव, दिलीप गुप्ता, प्रशांत कुमार गुप्ता, काजल कुमारी, श्वेतांजलि सिंह, प्रियंका सिंह, और प्रवीण खातून का योगदान उल्लेखनीय रहा। इस अवसर पर जननायक कर्पूरी ठाकुर के विचारों को याद करते हुए युवाओं से प्रेरणा लेकर समाज और राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया गया।

## बिहार के ग्रामीण पत्रकारों को मान्यता प्राप्त का दर्जा दिलाने में विधान पार्षद बंशीधर ब्रजवासी का मिलेगा साथ

लोकतंत्र की आवाज



**दीपक कुमार**

**गायघाट ।** पत्रकार हमारी आवाज उठाते हैं, अब उनकी आवाज हम जनप्रतिनिधि को उठाना होगा मुजफ्फरपुर :: बिहार के ग्रामीण पत्रकारों के अधिकार और भारत नेपाल मैत्री को लेकर काम कर रही मीडिया फार बॉर्डर हार्मोनी के पत्रकारों की टोली के साथ विधान पार्षद बंशीधर ब्रजवासी ने संवाद किया। बिहार के पत्रकारों की स्थिति के बारे में जानकारी ली और अपना अनुभव साझा किया। विधान पार्षद से मिलने वालों में मुख्य रूप से ? वरीय पत्रकार न्यूज़ मैन अमरेन्द्र तिवारी, मीडिया फॉर बॉर्डर हार्मोनी अनुशासन समिति के अध्यक्ष वरीय पत्रकार वरुण कुमार, जिला अध्यक्ष रंजन कुमार, उपाध्यक्ष पंकज राकेश, चंदन कुमार, बोचहा विधानसभा अध्यक्ष चंद्रभूषण कुमार, मनोज कुमार, ब्रजेंद्र कुमार आदि शामिल रहे।

## नेशनल एथलीट विकास सिंह राठौर ने क्विज प्रतियोगिता के विजेताओं को किया सम्मानित

लोकतंत्र की आवाज



**एकमा (सारण)।** जीएसएम सेंट्रल स्कूल की 7वीं वर्षगांठ पर क्विज प्रतियोगिता आयोजित प्रतियोगिता के तीन अव्वल प्रतिभागियों का पूरे एक सत्र की एवं आर्थिक रूप से कमजोर परिवार की एक छात्रा का आजीवन स्कूल फीस भरने की नेशनल एथलीट ने की घोषणा एकमा प्रखंड के छोटकी घुरापाली में संचालित जीएसएम सेंट्रल स्कूल ने अपनी 7वीं वर्षगांठ को खास बनाने के लिए एक प्रेरणादायक क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया। बुधवार की शाम आयोजित इस सम्मान कार्यक्रम में लगभग 200 से अधिक छात्र–छात्राओं ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र–छात्राओं क्रमशः सिद्धार्थ सिंह, रूही सिंह, परिधि सिंह, रौनक राज, अमृतांशु रंजन, सौरभ चौबे आदि को कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नेशनल एथलीट विकास सिंह राठौर ने विशेष रूप से पुरस्कृत व सम्मानित किया। इस दौरान प्रतियोगिता के अव्वल तीन विजेताओं के पूरे एक साल की एवं आर्थिक रूप से कमजोर परिवार की एक बच्ची की आजीवन स्कूल फीस अपनी तरफ से जमा कराने की घोषणा कर छात्र–छात्राओं का हौसला बढ़ाया।कार्यक्रम में राष्ट्रीय एथलीट श्री राठौर ने न केवल छात्रों को सम्मानित किया, बल्कि उन्हें शिक्षा के प्रति प्रेरित भी किया।कार्यक्रम में विद्यालय के प्रिंसिपल सुमेल सिंह ने कहा कि नेशनल एथलीट विकास सिंह राठौर एवं उनकी धर्मपत्नी सारण जिला सेपटाकरा एसोसिएशन की जिलाध्यक्ष तनुजा सिंह के द्वारा अब तक निःस्वार्थ भाव व गैर राजनैतिक रुप से क्षेत्र में समाजसेवा कार्य करते हुए अबतक विभिन्न निजी विद्यालयों में पढ़ने वाले आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लगभग 50 छात्र–छात्राओं के मासिक फीस जमा कराने के लिए मदद का हाथ बढ़ाने की पहल करने की मुक्त कंठ से प्रशंसा किया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य सुमेल सिंह, शिक्षकगण रौनक सर, आशीष सर, टप्पू सर, मौसम मिस, अलका मिस, तान्या मिस, प्राची मिस, सिमरन मिस, डिंपल मैम, आरती मैम, बेबी मिस, प्रियांशु मिस, खुशी मिस आदि के अलावा अभिभावक व क्षेत्रीय कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें ।

### पूर्व मुख्यमंत्री जननायक कर्पूरी ठाकुर जी का जयंती भाजपा कार्यकर्ताओं ने धूमधाम से मनाया



लोकतंत्र की आवाज
चन्दन कुमार पासवान

सिमरी बख्तियारपुर/सहरसा। नगर परिषद क्षेत्र के हाई स्कूल स्थित कला भवन के समीप शुक्रवार को बीजेपी नगर अध्यक्ष रमेश कुमार गुड्डू की अध्यक्षता में पूर्व मुख्यमंत्री जननायक कर्पूरी ठाकुर की जयंती का कार्यक्रम आयोजित की गई। जिस कार्यक्रम में बीजेपी कार्यकर्ताओं ने शामिल होकर उसके जयंती के शुभ अवसर एक साथ क़तार में खड़े होकर उनके जीवनी पर प्रकाश डाला गया। एवं सभी कार्यकर्ताओं ने बारी-बारी से उनके तेल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित किया। मौके पर किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष अरविंद सिंह, विधानसभा संयोजक विजय कुमार भाई बीएस, निवर्तमान अध्यक्ष अरविंद कुमार, भाजपा नेत्री नीलम भगत, पूर्वी मंडल अध्यक्ष रमेश कुमार सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष मंगल शर्मा, रंजन गुप्ता, राधेश्याम शाह सीमा कुमारी, शेखर कुमार, रामप्रवेश भगत, सोनी पासवान, लक्ष्मण दास, इम्तियाज आलम आदि कार्यकर्ताओं ने पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर की जयंती धूमधाम से मनाई।

### पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर की जयंती मनाई गई

लोकतंत्र की आवाज

सिमरी बख्तियारपुर/सहरसा। नगर परिषद क्षेत्र के हाई स्कूल स्थित कला भवन के समीप शुक्रवार को बीजेपी नगर अध्यक्ष रमेश कुमार गुड्डू की अध्यक्षता में पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर की जयंती का कार्यक्रम आयोजित की गई। जिस कार्यक्रम में बीजेपी कार्यकर्ताओं ने शामिल होकर उसके 101वां जयंती के शुभ अवसर एक साथ क़तार में खड़े होकर उनके जीवनी पर प्रकाश डाला गया। एवं सभी कार्यकर्ताओं ने बारी-बारी से उनके तेल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित किया। मौके पर किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष अरविंद सिंह, विधानसभा संयोजक विजय कुमार भाई बीएस, निवर्तमान अध्यक्ष अरविंद कुमार, भाजपा नेत्री नीलम भगत, पूर्वी मंडल अध्यक्ष रमेश कुमार सिंह, मंगल शर्मा पूर्व मंडल अध्यक्ष मंगल शर्मा राजन गुप्ता, राधेश्याम शाह सीमा कुमारी शेखर भगत, रंजन कुमार गुप्ता, रामप्रवेश भगत, सोनी पासवान, लक्ष्मण दास, इम्तियाज आलम आदि कार्यकर्ताओं ने पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर की जयंती धूमधाम से मनाई।

### टेकनमा में युवा क्लब द्वारा आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट का तीसरा लिग मैच खेला गया



लोकतंत्र की आवाज

पतरघट। प्रखंड क्षेत्र के धबौली दक्षणी पंचायत के टेकनमा गांव में युवा क्लब द्वारा आयोजित टी 20 क्रिकेट टूर्नामेंट का लिंग मैच का शुक्रवार को पतरघट स्थित सहयोग क्लिनिक संचालक डा. सुनिल कुमार के द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर बिधीवत उदघाटन कर मैच प्रारंभ किया. तीसरा लिग मैच चकारही वनाम मंगवार के बीच खेला गया, जिसमें चकारही के टीम ने टोस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए सात विकेट खोकर कुल निर्धारित ओवर में 197 रन का लक्ष्य दिया .वही जबाबी कार्यवाई में मंगवार के टीम ने कुल 6 बिकेट खोकर निर्धारित बीस ओवर में 174 रन बनाया।इस तरह चकारही के टीम ने 23 रन से मंगवार के टीम को पराजित करते हुए जीत हासिल किया. इस मौके पर मुखिया रमेश चंद्र राणा, सरपंच रामनाथ मंडल, योगेन्द्र साह डीलर ,समाजसेवी अभिनंदन यादव उर्फ बिजली यादव, राहुल कुमार यादव, आशीष कुमार, डा. सुभाष राम, गांधी कुमार, सहित अन्य उपस्थित रहे.

### ठंड से लोगों की बढ़ी परेशानी, नहीं मिल रही राहत

त्रिवेणीगंज। प्रखंड क्षेत्र में पिछले चार दिनों से ठंड का कहर जारी है। इससे जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। घने कोहरे के बीच ठंड से लोगों की परेशानी काफी बढ़ गई है। दिनभर ठंड से बचने के लिए लोग हीटर, ब्लोअर, अलाव का सहारा लेते नजर आते हैं। खासकर गरीब तबके के लोगों को इस मौसम में काम बंद हो जाने से परेशानी बढ़ गई है। संपन्न वर्ग के लोगों को गर्म वस्त्र भी कारगर साबित नहीं हो रहा है।

# नेताजी सुभाष चंद्र बोस संपूर्ण स्वतंत्रता संग्राम में महानायक और क्रांति के अग्रदूत रहे : सहरस महापौर बैन प्रिया

लोकतंत्र की आवाज



**सहरसा संवादाता।** नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 128वीं जयंती समारोह पर गुरुवार को सुभाष चौक स्थित प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया गया। छात्र नेता मनीष कुमार की अध्यक्षता एवं मनोज यादव के संचालन में नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती पर पुष्पांजलि अर्पित कर संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि तौर पर नगर निगम महापौर बैन प्रिया ने किया। उन्होंने कहा की नेताजी सुभाष चन्द्र बोस पराक्रमी, तेजस्वी, अद्भुत और अद्वितीय क्रांतिवीर थे। जिन्होंने विदेशी सरजमीं पर आजाद हिंद फौज का स्थापना कर फिरंगी को छक्के छुड़ाने का काम किया।

नेताजी हमेशा महात्मा गांधी को सम्मान सम्मान पूर्वक महात्मा का उपाधि दिया।वही महात्मा गांधी ने सर्व प्रथम सुभाष चंद्र बोस को नेताजी का उपाधि दिया। आज के दौर में युवाओं को नेताजी सुभाष चंद्र बोस को आत्मसात कर उनके बताए हुए राह पर चलना चाहिए। नेताजी सुभाष चंद्र बोस संपूर्ण स्वतंत्रता संग्राम में क्रांति के अग्रदूत रहे हैं। इस कार्यक्रम के दौरान जिला परिषद उपाध्यक्ष सह राजद के प्रदेश महासचिव धीरेन्द्र यादव ने कहा नेताजी सुभाष चंद्र बोस की संघर्ष और जीवनी हमेशा प्रसांगिक रहेगी। गुलाम हिंदुस्तान में आईसीएस की परीक्षा पास करना किसी विलक्षण प्रतिभा का ही काम हो सकता है लेकिन नेता जी ने उस दौर में भी सबसे कठिन प्रशासनिक परीक्षा के रूप में आईसीएस को निकाल खुद को साबित कर दिया नेताजी जैसे व्यक्ति शताब्दी वर्ष में विरले ही आते हैं। बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव केशर कुमार सिंह कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस हमेशा अनुकरणीय रहे हैं। और उनके द्वारा किए गए हर कार्य वर्तमान समय में एक मिल का पत्थर है। जिसे छूना आज तक किसी के बस में नहीं रहा।

चिल्ड्रन स्कूल एसोसिएशन के प्रमंडलीय अध्यक्ष रामसुंदर साहा ने कहा कि नेताजी जितने अच्छे नेतृत्वकर्ता थे। उतने ही ज्यादा कुशल प्रशासनिक क्षमता वाले थे । आजाद हिंद फौज की स्थापना करके विश्व पटल पर अपने नेतृत्व क्षमता को साबित किया। बिहार युवा कांग्रेस के महासचिव सुदीप कुमार सुमन ने कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस जैसे वीर सपूत इस भूखंड पर विरले ही आते हैं। जिन्होंने मान और स्वाभिमान से बगैर समझौता किए अपने शर्त पर भारतीय स्वतंत्रता संग्राम की लड़ाई को लड़ा। राजीव कुमार और रमेश यादव ने कहा कि लगातार 15 वर्षों से नेताजी सुभाष चंद्र बोस विचार मंच के द्वारा व्यापक स्तर कार्यक्रम आयोजन होते आ रही जो की नेताजी सुभाष चंद्र बोस के प्रति शहर वासियों का असीम श्रद्धा क को व्यक्त करता है। कार्यक्रम में मनोज यादव, संजय सिंह माया, नीतीश यदुवंशी, रजनीश सिंह, पिंकेश कुमार, पंडित नीलांबर झा, गोविंद झा, रोशन सिंह, राजीव झा शिवम् वर्मा सुरेंद्र यादव सहित अन्य मौजूद रहे।

## प्रमंडलीय मुख्यालय सहरसा नगरनिगम के बहुप्रतिक्षित जनसमस्याओं के समाधान एवं जनसमृद्धि को लेकर मांग पत्र सौंपा

लोकतंत्र की आवाज

**सहरसा संवादाता।** कोशी प्रमंडलीय मुख्यालय, सहरसा जो नया नगरनिगम है, बिहार राज्य के अन्य नगरों के बनिस्पत बहुत हीं पिछडा है. वर्षों से उपेक्षित कोशी प्रमंडलीय मुख्यालय, सहरसा जहाँ कोशी बांध के अंदर बसे सैकड़ों गांवो के लोगों एवं आसपास के विभिन्न जिले के लोगों से भरा रहने के कारण हमारा सहरसा मुख्यालय एक तरह से सभी का आजीविका का केंद्र है. कई जिलों का केन्द्रविन्दु से इस सहरसा का नगरीय व्यवस्था अव्यवस्थित हो चुका है.

व्यवस्थित ढंग से आवासीय एवं सडक सुविधा के आभाव से सहरसा की यातायात समस्या के समाधान हेतु एक विस्तृत रोडमैप बनना आवश्यक है ताकि सभी नागरिकों को आवागमन का लाभ मिल सके वर्षों से महाजाम से मुक्ति हेतु सहरसा में कम से कम चार ओवरब्रिज का निर्माण होना अब अति आवश्यक हो गया है. स्वच्छ सहरसा, स्वस्थ सहरसा, सुंदर सहरसा, विकसित सहरसा और समृद्ध सहरसा हेतु शहर के मध्य सरकारी एवं प्रायवेट बस स्टैंड को हटाकर अन्यत्र बसाया जाना आवश्यक है। आवासीय क्षेत्र से रेलवे रैक प्वाइंट को हटाया जाना भी जरूरी है ताकि ध्वनि प्रदूषण एवं वायु प्रदूषण से शहर का एयर क्वालिटी इंडेक्स सामान्य रह सके । सहरसा का एकमात्र सुपर बाजार जो विकास का आस देख रही है इसका जीर्णोद्धार हो। सहरसा क्लब एवं गौशाला को अतिक्रमण से मुक्ति के साथ ही उसका सौन्दर्गीकरण कराया जाय ।

स्कूल कॉलेज के आगे से मांस मछली के दुकानों को अन्यत्र किसी एक स्थान पर बसाया जाए। सुपर बाजार अवस्थित विज्ञान केन्द्र को तारामंडल के तर्ज पर बनाया जाय । शहर के अति व्यस्ततम थाना चौक से एस एफ सी गोदाम एवं सहरसा जंक्शन से सटे एफ सी आई गोदाम को हटाकर अन्यत्र बसाया जाय शहर का एकमात्र चिल्ड्रेन पार्क जो जीर्ण अवस्था में है उसका जीर्णोद्धार कर बच्चों को समर्पित किया जाय । संजय गांधी उद्यान को जनता हेतु खोल दिया जाय. गरीब शहरी के लिए विशेष धन मुहैया करने का आदेश प्रदान किया जाए. आशा हीं नहीं पूर्ण विश्वास है कि माननीय के कार्यकाल जो स्वर्णिम काल कहा जाता है सहरसा वासियों के दुख से भिज्ञ होकर उपरोक्त मांगों पर जरुर विचार कर आदेश प्रदान करेंगे. अतः प्रार्थना है कि ऊपरोक्त तथ्यों के आलोक में सहरसा के चतुर्दिक विकास हेतु श्रीमान स्वयं स्थिति से भिज्ञ होकर सहरसा शहर के विकास एवं नागरिक सुविधा हेतु उपरोक्त मांगों की स्वीकृति प्रदान करने हेतु आदेश देने की महती कृपा करेंगे. विश्वभजन विनोद कुमार झा अध्यक्ष प्रवीण आनंद संरक्षक कोशी विकास संघर्ष मोर्चा सहरसा ।

## कर्पूरी ठाकुर की 101वीं जयंती पर श्रद्धांजलि सभा



लोक तंत्र की आवाज

● बिहार के विकास में उनका अहम योगदान: प्रधानाचार्य

**मधेपुरा।** ठाकुर प्रसाद महाविद्यालय में शुक्रवार को जननायक कर्पूरी ठाकुर की 101वीं जयंती के अवसर पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रधानाचार्य प्रो. कैलाश प्रसाद यादव ने कर्पूरी ठाकुर के योगदान पर प्रकाश डाला और बताया कि उन्होंने बिहार में शिक्षा, वित्त, उपमुख्यमंत्री और मुख्यमंत्री के रूप में महत्वपूर्ण कार्य किए। डॉ. सुधांशु शेखर ने कहा कि कर्पूरी ठाकुर ने पिछड़े वर्गों के लिए शिक्षा में सुधार किया और अंग्रेजी को अनिवार्य विषय से हटाया। कार्यक्रम में कर्पूरी ठाकुर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर विभिन्न शोधार्थियों और विद्यार्थियों ने भी विचार व्यक्त किए।

## डॉ. अनुज प्रभात का नया गाना 'लाजवाब' रिलीज़, साहित्य और संगीत की बेहतरीन ध्वनि का संगम

लोक तंत्र कीआवाज





● गाने की सफलता पर समाज में खुशी की लहर, साहित्यकारों और समाज सेवियों ने दी बधाई

डा. रूद्र किंकर वर्मा

**फारबिसगंज।** रेणु माटी के प्रसिद्ध साहित्यकार और स्क्रीन राइटर एशोसिएशन मुंबई के सदस्य डॉ. अनुज प्रभात का नया गाना 'लाजवाब' यूट्यूब पर स्वाभिमान मंच पंजाब द्वारा रिलीज़ किया गया, जिसे सुनकर समाज में खुशी का माहौल है। इस गाने को प्रसिद्ध पंजाबी गायक नरेश कुमार आष्टा ने अपनी सुरमयी आवाज़ दी है और इसे आकर्षक संगीत से सजाया है। गाने के शब्द और धुन ने दर्शकों का दिल जीत लिया है और यह गाना चर्चा का विषय बन गया है।

साहित्य और संगीत के क्षेत्र में डॉ. अनुज प्रभात का योगदान लगातार बढ़ रहा है। उनके पिछले गाने 'आवाज लगते हैं', 'मुलाकात', 'ऐ... साकी', और 'ना मेरे साथ रही' को भी जबरदस्त सफलता मिली थी। इसके अतिरिक्त, स्वतंत्रता दिवस पर रिलीज़ हुआ उनका राष्ट्रीय गीत 'अनेकता में एकता' भी समाज में गहरी छाप छोड़ चुका है।

साहित्यकार डॉ. अनुज प्रभात ने अब तक काव्य संग्रह, कहानी संग्रह और आलेख संग्रह सहित छह किताबें लिखी हैं, और उनकी पुस्तक 'नीलपाखी' का पॉडकास्ट भी 'ए फ्रेस विद राकेश' के नाम से कई प्रमुख प्लेटफार्म्स पर उपलब्ध है। यह पॉडकास्ट प्रसिद्ध फ़िल्मि निर्देशक राकेश कुमार त्रिपाठी की आवाज़ में है, जो 'पंचलाईट' फिल्म के सह-निर्देशक भी रह चुके हैं।

गाने की रिलीज़ पर डॉ. अनुज प्रभात को साहित्यकारों और समाज सेवियों से ढेर सारी बधाइयाँ मिली हैं। बधाई देने वालों में प्रमुख रूप से फारबिसगंज विधायक श्री विद्यासागर केसरी, मुख्य पार्षद श्रीमती वीणा देवी, उप मुख्य पार्षद नूतन भारती, पार्षद बुलबुल यादव, पार्षद मनोज सिंह, डॉ. अजय कुमार सिंह, सुमन कुमार सिंह, जदयू के रमेश सिंह, सुधीर सिंह, पवन सिंह, अरुण सिंह, अमरेन्द्र कुमार, अजातशत्रु अग्रवाल, चंद्र भूषण सिंह, साहित्यकार मांगन मिश्र मार्तण्ड, विनोद कुमार तिवारी, हेमंत यादव, शशि, संजीव रंजन, हर्ष नारायण दास, नीरज कुमार, दुर्गानंद साह आदि शामिल हैं। सभी ने डॉ. अनुज प्रभात के उज्जवल भविष्य की कामना की है। गाने की सफलता और समाज की तरफ से मिल रही सराहना पर डॉ. अनुज प्रभात ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए आगे भी समाज के प्रति अपने योगदान को जारी रखने का संकल्प लिया।

## कर्पूरी ठाकुर जी की 101वीं जयंती पर राजद नेता के.एन. विश्वास ने अर्पित की श्रद्धांजलि

● कर्पूरी ठाकुर जी का संघर्ष हमेशा गरीब, शोषित और वंचित वर्ग के अधिकारों के लिए था



लोक तंत्र कीआवाज

**अररिया।** भारत रत्न, बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री और जननायक कर्पूरी ठाकुर जी की 101वीं जयंती पर राजद के वरिष्ठ नेता और पूर्व लोक अभियोजक के.एन. विश्वास ने अपने आवास पर उनके तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर श्री विश्वास ने कर्पूरी जी के जीवन और उनके योगदान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनका जीवन सत्य, सादगी और समर्पण का उदाहरण है।

श्री विश्वास ने कहा कि कर्पूरी ठाकुर जी का संघर्ष हमेशा गरीब, शोषित और वंचित वर्ग के अधिकारों के लिए था। उन्होंने अपने जीवनकाल में समाज में समानता और सामाजिक समरसता की दिशा में कई महत्वपूर्ण कदम उठाए। श्री विश्वास ने यह भी बताया कि कर्पूरी जी अपने परिवार के लिए किसी भौतिक संपत्ति के बजाय अपने कर्मों की विरासत छोड़ गए, और उनका जीवन एक प्रेरणा है। उन्होंने कहा, कर्पूरी जी सच्चे समाजवादी नेता थे, जिनके कार्यों और विचारों से आज भी गरीब, वंचित और दलित वर्ग को प्रेरणा मिलती है। राजद आज भी उनके आदर्शों पर चलकर गरीब और पिछड़े वर्ग के अधिकारों के लिए अनवरत कार्य कर रही है।

श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में राजद नेता पोलो झा, रमेश कुमार, अधिवक्ता विजेंद्र कुमार, संजीत मंडल, मृत्युंजय देव, परवेश यादव, राजा यादव, दीप शेखर, कुमार मंगलम सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे।

## लोक अधिकार मंच के कार्यकर्ताओं ने सिमरी बख्तियारपुर प्रखंड कार्यालय परिसर में धरना-प्रदर्शन किया

लोकतंत्र की आवाज



चन्दन कुमार पासवान

**सिमरी बख्तियारपुर /सहरसा।** प्रखंड सूचना प्रौद्योगिकी केंद्र सिमरी बख्तियारपुर के परिसर में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कार्यक्रम आयोजित की गई।लोक अधिकार मंच के बेनर तले जिला संयोजक विभूति कुमार सिंह की अध्यक्षता में शुक्रवार को सैकड़ों महिला, पुरूष मजदूरों ने एक साथ शांतिपूर्ण तरीके से धरना प्रदर्शन करते हुए उन्होंने सीओ के खिलाफ रोश पूर्ण प्रदर्शन किया।

महिला एवं पुरुष मजदूरों ने नारेबाजी के दौरान प्रखंड कार्यालय का मेन गेट पर घंटों गेट के सामने प्रदर्शन के दौरान नारेबाजी करते हुए महिलाओं ने सिमरी बख्तियारपुर सीओ होश में आओ होश में आओ होश में आओ, सिमरी बख्तियारपुर सीओ हाय हाय का नारेबाजी करते हुए अपनी मांगों को रखा। वहीं विभूति कुमार सिंह ने सिमरी बख्तियारपुर प्रखंड कार्यालय परिसर में विभिन्न मुद्दों को लेकर धरना प्रदर्शन करते हुए सिमरी बख्तियारपुर सीओ को चेतावनी देते हुए कहा कि भूमिहीनों को वासगीत पर्चा दिया जाए, आवास योजना को पारदर्शी बनाया जाए, वृद्धा पेंशन योजना की राशी 3000 रुपया किया जाए, मनरेगा मजदूरों को 600 रूपए न्यूनतम मजदूरी तय किया जाए, गरीब लोगों को 200 युनिट बिजली मुफ्त किया जाए, सरकार को गरीबों के लिए 2 लाख रुपए सहायता राशी की घोषणा को लागू किया जाए, धरना प्रदर्शन की तत्पश्चात प्रखंड विकास पदाधिकारी सिमरी बख्तियारपुर को ज्ञापन सोपा गया। धरना प्रदर्शन पर बैठे लोक अधिकार मंच के जिला संयोजक विभूति कुमार सिंह एवं उनके साथ सैकड़ो गरीब मजदूर कार्यकर्ताएं मौजूद रहे।

## सहरसा: पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग का एक दिवसीय पशु बांझपन निवारण शिविर आयोजित

लोकतंत्र की आवाज



चन्दन कुमार पासवान

**सिमरी बख्तियारपुर / सहरसा।** सिमरी बख्तियारपुर प्रखंड स्थित पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग एक दिवसीय पशु बांझपन निवारण शिविर का आयोजन किया गया। जिसका विधिवत रूप से पशु चिकित्सा पदाधिकारी डॉ सुमित कुमार एवं वार्ड पार्षद वीणा देवी पति वकील शर्मा जदयू के व्यवसाय प्रकोष्ठ के प्रखंड अध्यक्ष शिवचन्द्रर यादव ने संयुक्त रूप से फीता काट कर उद्घाटन किया गया।

वहीं इस कार्यक्रम की जानकारी देते हुए पशु चिकित्सा पदाधिकारी डॉ सुमित कुमार ने बताया कि वैसे पशुओं का इलाज किया जाएगा जो पशु गरम नहीं होती है या गरम होने पर पाल नहीं खाती है ।एवं बांझपन की समस्या होती है। ओभरी विशिष्ट बना हुआ है। उन्होंने कहा कि इसके अलावा अन्य सामान चिकित्सा होता है व भी यहां होगा। मोके पर प्रखंड परिसर में आयोजित एक दिवसीय कार्यक्रम में महिला एवं पुरुषों ने प्रखंड के विभिन्न पंचायतों से पहुंच अपनी अपनी समस्या सुनाई और उन्हें पशुओं से संबंधित जानकारी दी गई। मौके पर पशु पालक रोहित कुमार, मीरा देवी, योगेन्द्र शर्मा, सोनू कुमार, आशिश कुमार सहित अन्य लोग को दवा वितरण किया गया।

## बलुआ की बेटी सृष्टि मिश्रा बनीं सुप्रीम कोर्ट की ऑन रिकॉर्ड वकील

संजीव मिश्रा ने दी बधाई

लोक तंत्र कीआवाज



● पूर्व रेल मंत्री ललित नारायण मिश्रा की पौत्री ने रच दिया इतिहास

डा. रूद्र किंकर

**सुपौल (बलुआ बाजार)।** सुपौल जिले के बलुआ बाजार की बेटी सृष्टि मिश्रा ने अपनी कड़ी मेहनत और समर्पण के बल पर सुप्रीम कोर्ट की ऑन रिकॉर्ड वकील बनकर एक नया इतिहास रच दिया है। पूर्व रेल मंत्री स्व. ललित नारायण मिश्रा की पौत्री सृष्टि अब सुप्रीम कोर्ट में केंद्रीय सरकार की अधिवक्ता के तौर पर कार्य करेंगी। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट की प्रतिष्ठित 'एडवोकेट ऑन रिकॉर्ड' परीक्षा में सफलता हासिल की, जिससे वह अपने गांव और जिले की पहली सुप्रीम कोर्ट की महिला अधिवक्ता बनीं, जिन्होंने यह उपलब्धि प्राप्त की है।

सृष्टि की इस ऐतिहासिक सफलता पर विकासशील इंसान पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और पनोरमा ग्रुप के प्रबंध निदेशक संजीव मिश्रा ने उन्हें अपनी हार्दिक बधाई दी और कहा, ₹यह सफलता न केवल सृष्टि के परिवार बल्कि पूरे सुपौल जिले के लिए गर्व का विषय है। उनका यह कदम महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक प्रेरणास्त्रोत साबित होगा।₹ संजीव मिश्रा ने इस सफलता को जिले की महिलाओं के लिए एक उदाहरण बताया और कहा कि सृष्टि के संघर्ष ने साबित किया कि महिलाएं किसी भी क्षेत्र में पुरुषों के समान उत्कृष्टता हासिल कर सकती हैं।

सृष्टि मिश्रा ने अपनी सफलता का श्रेय अपने गुरु और सीनियर एडवोकेट रुचि कोहली, हर्षवर्धन झा, युगांधरा झा के अलावा अपने माता-पिता और अधिवक्ता भाई सुमीत मिश्रा को दिया। उन्होंने कहा, ₹यह उपलब्धि मेरे लिए एक लंबी यात्रा का परिणाम है और मैं इसे अपनी कड़ी मेहनत और गुरुजनों के आशीर्वाद से संभव बना पाई हूं।₹

इस उपलब्धि को लेकर क्षेत्रवासियों में उत्साह और खुशी का माहौल है। स्थानीय नेताओं और कार्यकर्ताओं ने भी सृष्टि की सफलता पर खुशी जाहिर की और उन्हें बधाई दी। राजनीतिक दृष्टि से यह कदम महिला सशक्तिकरण और कानून के क्षेत्र में समान अवसरों की ओर एक बड़ा कदम माना जा रहा है। सृष्टि की यह सफलता न केवल उनके परिवार का गौरव बढ़ाती है, बल्कि यह पूरे जिले के लिए प्रेरणा का स्रोत बन चुकी है, जो यह दर्शाता है कि महिलाओं के लिए सभी क्षेत्र खुले हैं, बस उन्हें मौके और समर्पण की जरूरत है।

## संक्षिप्त खबरें

### कृषि लैंमप्स गोदाम लगभग 12 साल से बंद पड़े है

लोकतंत्र की आवाज
मामलोत सेख

बरहरवा। प्रखंड क्षेत्र के मिर्जापुर पंचायत भवन के पास स्थित झारखंड सहकारिता विभाग की ओर से बनाए गए कृषि लैंमप्स गोदाम लगभग 12 सालों से निरंतरण बद पड़े हैं सूत्रों के माने तो ना ही यहां पर कोई सरकारी कर्मचारी आते हैं ना यहां गोदाम का ताला खोला जाता है । बताते चले की यहां पर सरकारी कोई बीज एवं कृषि संबंधित सरकार की लाभकारी योजनाओं का किसानों तक नहीं पहुंचाया जाता है ना ही कोई प्रशिक्षण दिया जाता है सरकार की इस लाभकारी योजना का छिन -बिन तरीके से रख दिया गया है और राज्य की प्रॉपर्टी को नुकसान पहुंचा रहा है झारखंड सहकारिता विभाग की ओर से इतनी बड़ी लापरवाही को अंजाम दिया जा रहा है गोदाम पर कोई सरकारी कृषि संबंधित बीज वितरण एवं खाद सहित सभी सरकारी लाबो को किसानो से वंचित रखा गया है सरकार का अनुदान का महज एक हिस्सा बनकर रह गया है लगभग 12 सालों से यहां पर कृषि गोदाम बन पड़े हैं एवं ना सालों में गोदाम का रंग रंगा एवं चुनाव प्लास्टर कुछ भी नहीं किया जाता है जिससे गोदाम का हालात जरर्जर होने के कगार पर है फिर भी यहां पर कोई सरकारी कृषि संबंधित सहायता नहीं मिल पाई है जब इसकी जानकारी विभागों अधिकारियों से लिए गए तो संपर्क नहीं हो पाई। इसीलिए अधिकारी का पक्ष नहीं रखा गया।

### विष्णुगढ़ प्रखंड के मडमो बरवाडीह उत्क्रमित मध्य विद्यालय में प्रबंधन समिति का पुनर्गठन किया गया





लोकतंत्र की आवाज
घनश्याम पाठक , ब्यूरो चीफ

हजारीबाग (झारखंड)। उत्क्रमित मध्य विद्यालय बरवाडीह में जिला शिक्षा अधीक्षक सह अपर जिला कार्यक्रम पदाधिकारी हजारीबाग के पत्रांक 571 दिनांक 14/06/2024 एवं कार्यालय प्रखंड संसाधन विष्णुगढ़ के पत्रांक 39 दिनांक 20/01/2025 प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी के आदेशानुसार विधालय प्रबंधन समिति का पुनर्गठन के संदर्भ में एक आम सभा का आयोजित कि गई जिसमें प्रधानाध्यापक फुलचंद पटेल बलदेव सर, लखन सर, जगदीश सर,पुनम कुमारी (उपमुखिया) सुखदेव महतो बंटीं राज जगदीश महतो,(गुरु जी)डिलो महतो ईश्वर महतो नागेन्द्र महतो सहदेव महतो,लाखेन्द्र महतो, कैलाश महतो (नेता जी) अरविंद कुमार महतो, धानेश्वर महतो, इन्द्राम महतो, निलेश कुमार, मधुकांत महतो,नुनूचंद महतो और काफी संख्या में महिला पुरुष ग्रामीण जनता उपस्थित हुए थे,सर्व सम्मति से सभी सदस्यों ने अध्यक्ष पद कोलेश्वर महतो, उपाध्यक्ष सुमित्रा कुमारी संयोजिका डोली देवी का चयन किया गया इस चुनाव कार्यक्रम में सैंकड़ों लोगों ने भाग लिया।

### बरहरवा : विभागीय लापरवाही के कारण दस्त झेल रहे हैं मिर्जापुर कृषि लैंमप्स गोदाम

लोकतंत्र की आवाज
मामलोत सेख

बरहरवा। प्रखंड क्षेत्र के मिर्जापुर पंचायत भवन के पास स्थित झारखंड सहकारिता विभाग की ओर से बनाए गए कृषि लैंमप्स गोदाम लगभग 12 सालों से निरंतरण बन पड़े हैं सूत्रों के माने तो ना ही यहां पर कोई सरकारी कर्मचारी आते हैं ना यहां गोदाम का ताला खोला जाता है। बताते चले की यहां पर सरकारी कोई बीज एवं कृषि संबंधित सरकार की लाभकारी योजनाओं का किसानों तक नहीं पहुंचाया जाता है ना ही कोई प्रशिक्षण दिया जाता है सरकार की इस लाभकारी योजना का छिन -बिन तरीके से रख दिया गया है और राज्य की प्रॉपर्टी को नुकसान पहुंचा रहा है झारखंड सहकारिता विभाग की ओर से इतनी बड़ी लापरवाही को अंजाम दिया जा रहा है गोदाम पर कोई सरकारी कृषि संबंधित बीज वितरण एवं खाद सहित सभी सरकारी लाबो को किसानो से वंचित रखा गया है सरकार का अनुदान का महज एक हिस्सा बनकर रह गया है लगभग 12 सालों से यहां पर कृषि गोदाम बन पड़े हैं एवं ना सालों में गोदाम का रंग रंगा एवं चुनाव प्लास्टर कुछ भी नहीं किया जाता है जिससे गोदाम का हालात जरर्जर होने के कगार पर है फिर भी यहां पर कोई सरकारी कृषि संबंधित सहायता नहीं मिल पाई है जब इसकी जानकारी विभागों अधिकारियों से लिए गए तो संपर्क नहीं हो पाई। इसीलिए अधिकारी का पक्ष नहीं रखा गया।

# बेंगाबाद प्रखंड कार्यालय में विभिन्न विकास योजनाओं की समीक्षा बैठक



**लोकतंत्र की आवाज**

**विक्रम कुमार मिश्रा ( ब्यूरो चीफ)**
**गिरिडीह, झारखंड।** आज बेंगाबाद प्रखंड कार्यालय में माननीय मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग तथा पर्यटन, कला, संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग, झारखण्ड की अध्यक्षता में विभिन्न विकास योजनाओं की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम माननीय मंत्री महोदय और माननीय विधायिका महोदया ने नेताजी सुभाषचंद्र बोस की जयंती पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। इसके पश्चात बैठक की कार्यवाही प्रारंभ की गई।

बैठक में विभागीय मंत्री महोदय ने मनरेगा, अबुआ आवास योजना तथा मुख्यमंत्री मईयां सम्मान योजना समेत विभिन्न योजनाओं की अद्यतन स्थिति की जानकारी प्राप्त की तथा उक्त योजनाओं में निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान मौके पर गांडेय विधानसभा की माननीय विधायिका महोदया, श्रीमती कल्पना सोरेन, उपायुक्त महोदय, पुलिस अधीक्षक, उप विकास आयुक्त, सदर अनुमंडल पदाधिकारी, अपर समाहर्ता, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, उप नगर आयुक्त, जिला शिक्षा पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग, कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, कार्यपालक अभियंता, जिला परिषद, गिरिडीह, कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, कार्यपालक अभियंता, एन०आर०ई०पी०, जिला पंचायत राज पदाधिकारी, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, बेंगाबाद, सभी प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी, मनरेगा, सभी प्रखण्ड समन्वयक, आवास योजना, गिरिडीह जिला समेत अन्य संबंधित कर्मी उपस्थित थे।

माननीय मंत्री महोदय ने नगर विकास एवं आवास विभाग, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग तथा पर्यटन, कला, संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग अंतर्गत संचालित विभिन्न विकास योजनाओं की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली तथा उक्त योजनाओं में निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप प्रगति सुनिश्चित करने के सख्त निर्देश दिए। उन्होंने उपायुक्त महोदय से बारी–बारी से सभी बिंदुओं पर विचार विमर्श किया तथा योजनाओं के क्रियान्वयन में पूरी पारदर्शिता के साथ कार्य करने की बात कहीं। इस दौरान उन्होंने मनरेगा, अबुआ आवास योजना तथा झारखंड मुख्यमंत्री मईयां सम्मान योजना समेत कई योजनाओं की विस्तृत समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही उन्होंने कहा कि प्राथमिकता के साथ विभिन्न विकास योजनाओं का लाभ स–समय लाभुकों मिलें, यह करें सुनिश्चित। अबुआ आवास के कार्यों में तेजी लाने और समय पर निष्पादित करने के निर्देश दिए। बैठक के क्रम में माननीय मंत्री महोदय ने सरकार द्वारा निर्धारित लक्ष्य के विरुद्ध अबुआ आवास की प्रगति, लाभुकों के चयन व अन्य प्रक्रियाओं की जानकारी प्राप्त की। साथ ही सभी संबंधित अधिकारियों को समन्वय स्थापित करते हुए अबुआ आवास के कार्यों में तेजी लाने का निर्देश दिया।

## 2 और 2 =5 फिर भी गिरिडीह प्रखंड कार्यालय को नहीं कोई ऑच





**लोकतंत्र की आवाज**

**विक्रम कुमार मिश्रा ( ब्यूरो चीफ)**
**गिरिडीह, झारखंड।** चीज हमेशा वैसी नहीं होती है जैसी दिखती है तभी तो 23 जनवरी पराक्रम दिवस नेताजी सुभाष चंद्र बोस के जन्मदिन (छुट्टी के दिन )लूंगी ,साड़ी ,धोती आदि का वितरण किया गया तथा वितरण करने वाले जनाब ने बताया कि अभी तक 70–78 डीलरों के बीच वितरण किया जा चुका है। आखिर सुनसान माहौल में क्यों किया गया यह अलग बात है कि सीसीटीवी कैमरा लगी हुई है लेकिन ऐसा नहीं हो सकता है कि आपने लोगों की नजरों से बचने हेतु इस छुट्टी के दिन का ही चुनाव किया। खुशी की बात है गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले पुरुष एवं नारियों के बीच लूंगी ,साड़ी , धोती इत्यादि का वितरण किया जा रहा है लेकिन इसमें किया जा रहे भ्रष्ट आचरण पर गिरिडीह प्रखंड कार्यालय के संबंधित पदाधिकारी को ध्यान देना चाहिए

## हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल को दिल्ली चुनाव में मिली बड़ी जिम्मेदारी

**लोकतंत्र की आवाज**



**घनश्याम पाठक , ब्यूरो चीफ**
**हजारीबाग (झारखंड)।** भाजपा के सिर्ष नेतृत्व ने हजारीबाग लोकसभा के सांसद मनीष जायसवाल को दिल्ली विधानसभा चुनाव में एक बड़ी जवाब देही सोंपी है उन्हें दिल्ली के दो विधानसभा क्षेत्र में पटेल नगर और राजौरी गार्डन विधानसभा का राजनीतिक प्रबंधन का जिम्मा सोपा है चुनाव के बीच यह दोनों विधानसभा क्षेत्र में सांसद मनीष जायसवाल की गतिविधि दिखेगी सांसद मनीष जायसवाल अपने कुशल राजनीतिक चुनाव प्रबंधन क्षमता और विधानसभा का पिछले बिहार विधानसभा चुनाव छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव कर्नाटक विधानसभा और झारखंड विधानसभा चुनाव में संगठन द्वारा दिए गए दायित्व का बखूबी निर्वहन कर अच्छे प्रदर्शन किए हैं बीते झारखंड विधानसभा चुनाव में हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के पांच में से चार विधानसभा और हजारीबाग जिले के सभी पांचो विधानसभा सीटों पर एनडीए की प्रचंड जीत सुनिश्चित करने में उनका यहम योगदान रहा था सांसद मनीष जायसवाल को दिल्ली विधानसभा चुनाव में जिम्मेवारी मिलने पर हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ता और यहां के जनता बेहद उत्साहित हैं और अपने सांसद को बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित किए हैं।

# जिला उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने गणतंत्र दिवस परेड के पूर्वाभ्यास का किया निरीक्षण

- झारखण्ड कल्याण मंत्री चमरा लिंडा मुख्य समारोह में झंडोत्तोलन करेंगे





**लोकतंत्र की आवाज़**

**निशांत तिवारी, प्रभारी झारखंड**
**गुमला(झारखंड)।** गणतंत्र दिवस मुख्य समारोह के आयोजन का शुक्रवार को अल्बर्ट एक्का स्टेडियम में फाइनल रिहर्सल किया गया. जहां उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी व पुलिस शंभू कुमार सिंह ने परेड का निरीक्षण किया. इस दौरान फुल ड्रेस परेड का रिहर्सल किया गया. जिसमें उपायुक्त ने झंडा फहराया एवं तिरंगे को सलामी दी और परेड से मार्च पास्ट सलामी ली.

रिहर्सल के दौरान गणतंत्र दिवस पर आयोजित होने वाले सभी कार्यक्रमों को दोहराया गया. परेड पूर्वाभ्यास में पुलिस के तीन जवानों की टुकड़ी शामिल हुई, जिसमें महिला पुलिस बल व गृहरक्षक के जवान शामिल रहे, साथ ही रइ के जवान , क्स्ह के जवान,घुड़ सवार दल, एस एस +2 उच्च विद्यालय गर्ल्स एवं एस एस +2 उच्च बॉयज के विद्यार्थियों का परेड दल, कस्तूरबा गांधी विद्यालय गुमला के विद्यार्थियों की बैंड दल भी शामिल रहें। उपायुक्त ने परेड में शामिल सभी जवानो का उत्साहवर्द्धन करते हुए कहा कि चेहरे पर आत्मविश्वास, उत्साह और राष्ट्र प्रेम की ऊर्जा के साथ कार्यक्रम को भव्य बनाने में अपना शत-प्रतिशत योगदान दें. पुलिस अधीक्षक ने परेड को लेकर पुलिस पदाधिकारियों व कर्मियों को दिशा-निर्देश दिया.

बता दें कि गणतंत्र दिवस का मुख्य समारोह अल्बर्ट एक्का स्टेडियम में रविवार को होगा एवं मुख्य अतिथि के रूप में इस वर्ष झारखंड कल्याण मंत्री चमरा लिंडा शामिल होंगे.

## दिल्ली के कर्तव्य पथ पर 26 जनवरी को अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे सुरेन दूध मटिया वाले

**लोकतंत्र की आवाज**



**घनश्याम पाठक , ब्यूरो चीफ**
**हजारीबाग (झारखंड)।** 76 वें गणतंत्र दिवस को भव्य और यादगार बनाने के लिए कर्तव्य पथ पर तैयारी चल रही है. कार्यक्रम को यादगार बनाने के लिए परेड में अलग–अलग क्षेत्र में अपना महत्वपूर्ण योगदान देने वाले लोगों को निमंत्रित भी किया गया है. जो गणतंत्र दिवस के भव्य परेड का हिस्सा बनेंगे. इसमें हजारीबाग के सुरेंद्र प्रसाद सिंह भी शामिल है.

सुरेंद्र प्रसाद सिंह को वन विभाग की ओर से जानकारी मिली कि उन्हें गणतंत्र दिवस के परेड देखने को लेकर निमंत्रण मिला है. गणतंत्र दिवस का निमंत्रण पा कर सुरेंद्र प्रसाद सिंह काफी उत्साहित भी हैं. उन्होंने बताया कि पर्यावरण बचाने को लेकर पिछले 45 साल से मुहिम चला रखे हैं. हजारीबाग के दूध मटिया जंगल में रक्षा सूत्र बांधकर वृक्षों का रक्षा करने का कवायत शुरू किया गया. आज पूरे राज्य भर में पहुंच चुका है. सुरेंद्र प्रसाद सिंह गीत गाकर लोगों को जागरुक करते हैं. उनका गीत खोरठा, हिंदी, भोजपुरी समेत अन्य भाषा में लिखे गए हैं. वन विभाग में भी उनके गीत को पुस्तक का स्वरूप दिया है. उनके काम को देखते हुए गणतंत्र दिवस में हिस्सा लेने को लेकर निमंत्रण मिला है. उन्होंने कहा कि इस तरह का निमंत्रण से इस उम्र में और भी अधिक काम करने का जज्बा को बढ़ाता है. निमंत्रण पा कर केंद्र सरकार को धन्यवाद दिया है.

## सब्जी फसलों की वैज्ञानिक पद्धति से खेती हेतु सीएसआर कोनार डैम में एक दिवसीय प्रशिक्षण का कार्यक्रम रखा गया

**लोकतंत्र की आवाज**



**घनश्याम पाठक , ब्यूरो चीफ**
**हजारीबाग (झारखंड)।** सब्जी फसलों की वैज्ञानिक पद्धति से खेती हेतु सीएसआर कोनार डैम बिष्णुगढ़ में 23 जनवरी 2025 को एक दिवसीय प्रशिक्षण का कार्यक्रम रखा गया। कार्यक्रम का उद्घाटन कोनार डैम परियोजना प्रधान श्री राणा रणजीत सिंह ने द्वीप प्रज्ज्वलित कर उद्घाटन किया गया।

कार्यक्रम में असैनिक विभाग के श्री चंद्रशेखर प्रसाद, सीएसआर के प्रभारी सुनील कुमार ने भाग लिया। जिसमें SHG समूह की 53 महिलाओं को नई पद्धति से कैसे फसलों की खेती की जाय, इसके बारे में बताया गया साथ ही ५३ महिलाओं को उन्नत किस्म के बीज (टाटा कंपनी और अन्य कम्पनियों) के बीज का वितरण किया गया। मुख्य प्रशिक्षक श्री मीनू महतो, केरडारी, प्रवीण कुमार, बड़का गांव, मनोहर गंजू कटकमडाग, नारायण महतो, नावाडीह, महेंद्र महतो, लहिया बोकारो द्वारा प्रशिक्षण शिविर में अपने अनुभवों को साझा और वैज्ञानिक पद्धति से खेती के बारे में बताया। इसमें बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाओं ने भाग लिया। प्रशिक्षक मीनू महतो जी को शॉल और गिफ्ट देकर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम में सीएसआर कर्मियों का भी पूर्ण सहयोग रहा।

# राजद ने मनाया कर्पूरी ठाकुर की 101 वीं जयंती

- मुख्य अतिथि श्रम मंत्री संजय यादव,सत्यानंद भोक्ता समेत कई दिग्गज नेता हुए शामिल



**लोकतंत्र की आवाज**

**अशोक अनन्त**
**हंटरगंज (चतरा)।** राष्ट्रीय जनता दल परिवार के तत्वाधान में हाई स्कूल मैदान हंटरगंज में जननायक कर्पूरी ठाकुर का 101वीं जयंती मनाई गई। इस उपलक्ष्य पर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल झारखंड सरकार के श्रम व कौशल विकास मंत्री संजय यादव उपस्थित हुए साथ हीं पूर्व मंत्री सत्यानंद भोक्ता, विधानसभा प्रत्याशी रश्मि प्रकाश ने पुष्पांजलि अर्पित कर उनकी तस्वीर पर माल्यार्पण किया तथा दीप प्रज्वलित कर

जयंती समारोह का शुभारंभ किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष नवलकिशोर यादव व संचालन अतिक्रमण मंसूरी ने की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि संजय यादव,विशिष्ट अतिथि प्रदेश अध्यक्ष राजद हुसैनाबाद विधानसभा संजय सिंह यादव ,पूर्व मंत्री सत्यानंद भोक्ता, रश्मि प्रकाश, युवा प्रदेश मंत्री रंजन यादव समेत अन्य वरिष्ठ नेताओं ने जननायक कर्पूरी ठाकुर के जीवन-शैली पर प्रकाश डालते हुए अपने अपने विचार रखे और झारखण्ड के बाद अगले बिहार विधानसभा चुनाव में भी महागठबंधन की सरकार बनाने के लिए पार्टी कार्यकर्ताओं को विशेष मेहनत और सदस्यता अभियान चलाने का टास्क दिया।

कार्यक्रम में प्रदेश महासचिव अरुण यादव ,रंजन यादव युवा प्रदेश अध्यक्ष , जिप अध्यक्ष ममता कुमारी,प्रखण्ड अध्यक्ष अशोक यादव, योगेन्द्र यादव,चन्द्रदेव यादव, भोली साव, मनिष यादव, लोक गायक परमानन्द,मुखिया खेदू यादव,प्रमुख ममता कुमारी,कमलेश यादव समेत कई गणमान्य नेता व कार्यकर्ता शामिल हुए।

# अब्दुल रज्जाक अंसारी की 109वीं जयंती के पूर्व संध्या पर मोमिन कॉन्फ्रेंस का सम्मान समारोह

**लोकतंत्र की आवाज़**



**निशांत तिवारी, प्रभारी झारखंड**
**चाईबासा(झारखंड)।** रांची के इरबा स्थित अपोलो हॉस्पिटल के संस्थापक और समाजसेवी अब्दुर रज्जाक अंसारी की 109वीं जयंती के पूर्व संध्या पर पश्चिमी सिंहभूम जिले के मोमिन कॉन्फ्रेंस द्वारा एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम गुरुवार को साइ अमन प्ले स्कूल में संपन्न हुआ, जिसमें समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों को सम्मानित किया गया।

सम्मान समारोह के दौरान गणित, चित्रांकन और क्विज प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 30 छात्रों और छात्राओं को पुरस्कार प्रदान किए गए। इसके अलावा, स्वास्थ्य, शिक्षा, खेल, कानून और समाजसेवा के क्षेत्र में योगदान देने वाले 10 पुरुषों और महिलाओं को भी सम्मानित किया गया। समारोह में ओलंपिक संघ के अध्यक्ष नितिन प्रकाश, मोमिन कॉन्फ्रेंस के प्रदेश सचिव सजरूल होदा, स्कूल की प्राचार्या बोनालता घोष, मास्टर इरशाद अली और शिक्षक मो. अली ने सम्मानित व्यक्तियों को पुरस्कार और प्रमाण पत्र दिए।

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष मोअज्जम बिहारी ने अब्दुर रज्जाक अंसारी की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अंसारी जी ने न केवल स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में कार्य किया, बल्कि समाज के विभिन्न क्षेत्रों में भी योगदान दिया। उनके द्वारा किए गए कार्यों को हमेशा याद रखा जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि आज उनके पुत्र मंजूर अहमद अंसारी और अनवार अहमद अंसारी भी अपने पिता के आदर्शों पर चलकर समाज सेवा में सक्रिय रूप से योगदान दे रहे हैं।

समाज के विभिन्न क्षेत्रों में योगदान देने वाले सम्मानित व्यक्तियों में स्वास्थ्य के क्षेत्र में एएनएम बिन्दु कुमारी और स्मिता कुमारी, शिक्षा में मो. आरिफ और संजीव बालमुचू, खेल में अनुप वर्मन और सुप्रियो फौजदार, अधिवक्ता में बार के अध्यक्ष रामेश्वर प्रसाद और स्टेट बार काउंसिल के सदस्य अनिल कुमार महतो, और सामाजिक क्षेत्र में उरांव समाज के अध्यक्ष संचु तिर्की और समाजसेवी मो. बारिक शामिल थे। इन सभी को अंग वस्त्र, स्मृति चिन्ह और प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान मो. काशिमुदीन, फैज अहमद, मो. फिरोज, मानस घोष, मो. सज्जाद, मो. इस्तियाक, असलम मंसूरी, शिक्षिका सविता कर्मकार, इसिका चक्रवर्ती, अंकिता कुमारी और कांफ्रेंस के अन्य पदाधिकारी और सदस्य भी उपस्थित थे। इस आयोजन ने समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों को सम्मानित करने के साथ ही बच्चों को उच्च शिक्षा और अच्छे कामों की प्रेरणा भी दी।

## संक्षिप्त खबरें ।

### कर्पूरी ठाकुर जी की 101वीं जयंती पर राजद नेता के.एन. विश्वास ने अर्पित की श्रद्धांजलि



लोक तंत्र कीआवाज

अररिया। भारत रत्न, बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री और जननायक कर्पूरी ठाकुर जी की 101वीं जयंती पर राजद के वरिष्ठ नेता और पूर्व लोक अभियोजक के.एन. विश्वास ने अपने आवास पर उनके तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर श्री विश्वास ने कर्पूरी जी के जीवन और उनके योगदान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनका जीवन सत्य, सादगी और समर्पण का उदाहरण है।

श्री विश्वास ने कहा कि कर्पूरी ठाकुर जी का संघर्ष हमेशा गरीब, शोषित और वंचित वर्ग के अधिकारों के लिए था। उन्होंने अपने जीवनकाल में समाज में समानता और सामाजिक समरसता की दिशा में कई महत्वपूर्ण कदम उठाए। श्री विश्वास ने यह भी बताया कि कर्पूरी जी अपने परिवार के लिए किसी भौतिक संपत्ति के बजाय अपने कर्मों की विरासत छोड़ गए, और उनका जीवन एक प्रेरणा है। उन्होंने कहा, कर्पूरी जी सच्चे समाजवादी नेता थे, जिनके कार्यों और विचारों से आज भी गरीब, वंचित और दलित वर्ग को प्रेरणा मिलती है। राजद आज भी उनके आदर्शों पर चलकर गरीब और पिछड़े वर्ग के अधिकारों के लिए अनवरत कार्य कर रही है।₹ श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में राजद नेता पोलो झा, रमेश कुमार, अधिवक्ता विजेंद्र कुमार, संजीत मंडल, मृत्युंजय देव, परवेश यादव, राजा यादव, दीप शेखर, कुमार मंगलम सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे।

# टंडवा में कोयला सचिव ने सीसीएल के सीएसआर मद से 193 अधिष्ठापित स्मार्ट क्लास का किया आनलाइन उद्घाटन

लोकतंत्र की आवाज़

**निशांत तिवारी, प्रभारी झारखंड**

**टंडवा (चतरा)।** सीसीएल द्वारा परियोजना क्षेत्र के विद्यालयों में अधिष्ठापित कराये गये स्मार्ट क्लास, डिजिटल क्लास व कंप्यूटर लैब का विधिवत उद्घाटन समारोह शुक्रवार को प्रखंड क्षेत्र के उत्क्रमित मध्य विद्यालय किसुनपुर में कार्यक्रम का ऑनलाइन उद्घाटन कोयला मंत्रालय भारत सरकार के केंद्रीय सचिव विक्रम देव दत्त द्वारा की गई। वहीं कार्यक्रम में मौजूद विशिष्ट अतिथि सांसद प्रतिनिधि विनय सिंह, प्रफुल्ल रंजन सिंह, नितेश सिंह व सिमरिया विधायक प्रतिनिधि विजय दांगी को आम्रपाली -चंद्रगुप्त परियोजना महाप्रबंधक अमरेश कुमार सिंह ने श्रीफल व अंगवस्त्र भेंट कर स्वागत किया। वहीं सेरनदाग व किसुनपुर स्कूल के छात्राओं ने स्वागत गान गाये। मौजूद जनप्रतिनिधियों समेत सीसीएल के अधिकारी अधिष्ठापित स्मार्ट क्लास, डिजिटल क्लास तथा कंप्यूटर लैब के संचालन व गुणवताओं का संयुक्त रूप से जायजा लिये। मौजूद लोगों को संबोधित करते हुवे अतिथियों ने केंद्र सरकार द्वारा शिक्षा क्षेत्र में अत्याधुनिक डिजिटाइजेशन करने के संकल्पों को सीसीएल प्रबंधन द्वारा सार्थक करने प्रयासों की भरपूर सराहना की गई।




आपको बता दें सीसीएल अपने सभी इकाइयों द्वारा एक साथ झारखंड के परियोजना से प्रभावित इलाकों में 193 चयनित प्रत्येक विद्यालयों में डेस्कटॉप पीसी 10, वायरलेस राउटर 1, नेटवर्किंग 1,यूपीएस 10, वेव कैमरा माइक सहित 10, लेजर मल्टीफंक्शनल डिवाइस 1, कंप्यूटर टेबल 10,एमएफडी टेबल 1 एवं 20 कंप्यूटर कुर्सी उपलब्ध कराये हैं जिससे टंडवा प्रखंड के 21 विद्यालय भी शामिल है। जीएम श्री सिंह ने कहा कि सरकारी विद्यालयों में पढ़ने वाले अधिकांशतः बच्चे गरीब परिवार से आते हैं जिनमें तकनीकी शिक्षा ग्रहण से वे विकसित होंगे । बताया कि आवश्यकता होने पर उपलब्ध संसाधनों के बेहतर इस्तेमाल हेतु शिक्षकों का प्रशिक्षण प्रबंधन करायेगा। वहीं सीसीएल मुख्यालय से पहुंचे सीएसआर महाप्रबंधक श्रीलाल ने कहा कि परियोजना क्षेत्र के हर संभव विकास हेतु प्रबंधन सतत प्रयत्नशील है। कार्यक्रम का संचालन सहायक अध्यापक संघ के प्रखंड अध्यक्ष सुमन भारतीय ने किया। इस मौके पर सीएसआर अधिकारी मोहसिन रज़ा, स्टाफ अधिकारी (कार्मिक) अनूप भगत, प्रधानाध्यापक रंजीत विश्वकर्मा, विकास पांडेय, वीणा कुमारी, धर्मनाथ महतो, आशिष कुमार, पूनम कुमारी,फुलचंद साहु, अरविंद पाठक, महेंद्र महतो, जितेन्द्र महतो समेत सैकड़ों स्कूली बच्चे व अन्य मौजूद थे।

## वादकारियों और अधिवक्ताओ के बीच परस्पर विश्वास न्यायिक सिस्टम की बड़ी ताकत है : न्यायमूर्ति राम मनोहर नारायण मिश्र



लोक तंत्र की आवाज

**रत्ना शुक्ला**

**वाराणसी।** वादकारियों और अधिवक्ताओ के बीच परस्पर विश्वास न्यायिक सिस्टम की बड़ी ताकत है, बार बेंच के सहयोग के बिना न्याय नहीं हो सकता ऐसे में दोनो के बीच सामंजस्य होना बहुत आवश्यक है ऐसे में अधिवक्ताओ के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता। यह विचार सेंट्रल बार एसोसिएशन सभागार में वर्ष 2025 के लिए निर्वाचित सेंट्रल बार के पदाधिकारियों के शपथग्रहण समारोह में शुक्रवार को हाईकोर्ट इलाहाबाद के न्यायमूर्ति राम मनोहर नारायण मिश्र ने मुख्य अतिथि पद से व्यक्त किया कहा कि वादकारी अधिवक्ता पर विश्वास करके सादे कागज पर भी हस्ताक्षर कर देता है ऐसे में वादकारियों को न्याय दिलाने की जिम्मेदारी वकीलों पर बढ़ जाती है न्यायिक अधिकारी भी वकीलों पर विश्वास करते है तभी न्याय मिलना संभव हो पाता है।

न्यायमूर्ति ने सेंट्रल बार अध्यक्ष मंगलेश दूबे महामंत्री राजेश गुप्ता वरिष्ठ उपाध्यक्ष शहनवाज खान समेत निर्वाचित अन्य पदाधिकारियों और प्रबंध समिति के सदस्यों को शपथ दिलाई, समारोह में न्यायमूर्ति और अन्य अतिथियों,बार के पदाधिकारियों, विधिक पत्रकारों को स्मृति चिन्ह व शाल देकर सम्मानित किया गया,साथ हीं फ़ौजदारी के प्रख्यात अधिवक्ता देवेंद्र प्रताप सिंह के तैल चित्र का अनावरण भी किया गया।समारोह में जिला जज संजीव पाण्डेय, मोटर दुर्घटना अधिकरण के जज अश्वनी दूबे, सीजेएम मनीष कुमार, बनारस बार अध्यक्ष सतीश तिवारी महामंत्री शशांक श्रीवास्तव के आलावा वरिष्ठ अधिवक्ता दीनानाथ सिंह,एल्डर्स कमेटी के चेयरमैन विजय नरायन सिंह,सौरभ श्रीवास्तव, अशोक सिंह प्रिंस, डॉ राम अवतार पाण्डेय, सुरेश श्रीवास्तव, निवर्तमान अध्यक्ष मुरलीधर सिंह व निवर्तमान महामंत्री सुरेन्द्र नाथ पाण्डेय ने विचार रखा, शपथग्रहण समारोह के मद्देनजर बार भवन को दुल्हन की तरह सजाया गया वैदिक छात्रों ने मंगलाचरण किया और मुख्य अतिथि का स्वागत शहनाई बजाकर किया गया।

# शहर के लीज धारियों के साथ मंत्री दीपक बिरुआ की बैठक संपन्न , लीज नवीकरण के बदले फ्रिहोल्ड करने की उठी मांग

लोकतंत्र की आवाज़

**निशांत तिवारी, प्रभारी झारखंड**

**चाईबासा(झारखंड)।** वर्षो से लंबित पड़े चाईबासा शहर के खाशमहल लीज नवीकरण की समस्या को झारखण्ड सरकार केभू राजश्व मंत्री दीपक बिरुआ ने गंभीरता से लेते हुए आज चाईबासा के परिषदन मे एक बैठक आयोजित की गई, जहाँ चाईबासा के लीजधारियों एवं विभाग के मंत्री दीपक बिरुआ के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न हुई, जिसमे चाईबासा लीजिधारियों ने बारी बारी कर अपनी समस्याओं को रखा,वैसे तो चाईबासा खाशमहल लीज धारीयों के हक को लेकर हमेशा विधायक दीपक बिरुआ आवाज उठाते रहे हैं, लेकिन झारखण्ड के हेमंत सरकार मे दीपक बिरुआ को




भू राजश्व विभाग मिलने से उम्मीदें बढ़ गईं हैं,।

शहर वाशियों पूरी उम्मीद है कि मंत्री दीपक बिरुआ चाईबासा के कार्यकाल मे लीज नवीनीकरण से छुटकारा तो मिलेगा ही, साथ ही साथ खाशमहल जमीन को फ्रिहोल्ड करते हूए उसपर मालिकाना हक प्रदान करने पर भी विचार होने लगा है, चाईबासा लीज धारक संघ द्वारा खाशमहल जमीन को फ्रिहोल्ड करने अथवा एक 99 वर्ष तक लीज नवीनीकरण या मौजूदा लीज नवीनकरण कानून के तहत लीज नवीनीकरण करने का सुझाव दिया गया, जिसमे कम से लगान देना पड़े, जिससे शहर वासियों को इसका लाभ मिल पायेगा, इस मौके पर झारखण्ड सरकार के भू राजश्व मंत्री दीपक बिरुआ ने कहा कि लीज नवीकरण को लेकर अंग्रेजो द्वारा बनाई गई कानून आज भी लागु है, जिससे शहरवासी आज भी जूझ रहे हैं, उन्होंने कहा कि खाशमहल जमीन लीज धारकों की समस्यायों को दूर करने को लेकर मुख्य मंत्री हेमंत सोरेन भी गंभीर हैं, एवं इसे लेकर उनके एक कमिटी भी बनाई गई है, एवं आने वाले दिनों मे जल्द ही इस लेकर सरकार द्वारा नितिगत निर्णय लिया जाना है, यही कारण है कि चाईबासा के लीजधारकों का पक्ष जानने के एक बैठक का आयोजन किया गया, उन्होंने यह भी कहा कि चाईबासा खाशमहल लीज धारक संघ द्वारा दिए गये तीनों सुझावों मे से एक पर मुहर लगना निश्चित है !

# एमसीसी चाईबासा ने चक्रधरपुर क्रिकेट अकादमी को 90 रनों से हराया, सेमीफाइनल में प्रवेश

लोकतंत्र की आवाज़

**निशांत तिवारी, प्रभारी झारखंड**

**चाईबासा(झारखंड)।** पश्चिमी सिंहभूम जिला क्रिकेट संघ के तत्वावधान में आयोजित 9वीं अशोक कुमार जैन जिला नॉक आउट क्रिकेट प्रतियोगिता के दूसरे क्वार्टर फाईनल मुकाबले में मिडिलसेक्स क्रिकेट क्लब (एमसीसी) चाईबासा ने चक्रधरपुर क्रिकेट अकादमी को 90 रनों से पराजित कर सेमीफाईनल में प्रवेश किया। अब एमसीसी का सामना 29 जनवरी को एसआर रुंगटा ग्रुप चाईबासा और आरके क्रिकेट अकादमी सोनुवा के बीच होने वाले तीसरे क्वार्टर फाईनल के विजेता से होगा।



बिरसा मुंडा क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए इस रोमांचक मुकाबले में टॉस जीतकर एमसीसी के कप्तान अनुराग संजय पुर्ति ने पहले बल्लेबाजी का निर्णय लिया। एमसीसी की टीम ने निर्धारित 30 ओवरों में 9 विकेट के नुकसान पर 279 रन बनाकर बड़ा लक्ष्य खड़ा किया। शिवम कुमार ने एक और शानदार पारी खेलते हुए 48 रन बनाए, जबकि कप्तान अनुराग संजय ने 45 रन की आक्रामक पारी खेली। अन्य योगदानकर्ताओं में ललित बी. सिंह (35), जयप्रकाश राजपूत (34), कुमार करण (32) और तन्मय तंतुबाई (29*) शामिल रहे। चक्रधरपुर की ओर से सुमित शर्मा ने 46 रन देकर तीन विकेट हासिल किए, वहीं आशीष कुमार सिंह ने 45 रन देकर दो विकेट चटकाए।

लक्ष्य का पीछा करते हुए चक्रधरपुर क्रिकेट अकादमी ने संघर्ष किया, लेकिन निर्धारित 30 ओवरों में 8 विकेट के नुकसान पर सिर्फ 189 रन ही बना सकी। विश्वजीत सिंह ने अपनी आतिशी बल्लेबाजी से टीम को जीत दिलाने की पूरी कोशिश की, 38 गेंदों में 66 रन की पारी खेली, जिसमें चार चौके और छह छक्के शामिल थे। सनोज कुमार (27), शुभोदीप मुखर्जी (22*) और आशीष कुमार सिंह (20) ने भी योगदान दिया, लेकिन यह प्रयास टीम को जीत दिलाने के लिए पर्याप्त नहीं था। एमसीसी की ओर से अजीत कुमार सिंह (26 रन देकर 2 विकेट) और तन्मय तंतुबाई (34 रन देकर 2 विकेट) ने बेहतरीन गेंदबाजी की। इस जीत के साथ ही एमसीसी चाईबासा ने सेमीफाइनल में जगह बनायी और अब उनका सामना अगले मुकाबले के विजेता से होगा।

# अबू जाफर को 'यंग इंडिया के बोल' सीजन 5 के तहत तीन जिलों का प्रभारी नियुक्त किया गया

लोक तंत्र की आवाज

**अररिया।** कांग्रेस पार्टी ने युवा पीढ़ी को संगठित करने और देश में नशाखोरी तथा बेरोजगारी जैसे मुद्दों पर जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से 'यंग इंडिया के बोल' सीजन 5 की शुरुआत की है। इस अभियान के तहत कांग्रेस ने पूरे देश भर में प्रभारी नियुक्त किए हैं। इस क्रम में अररिया जिले के खरहिया बस्ती निवासी युवा नेता अबू जाफर को पार्टी ने बिहार के तीन प्रमुख जिलों झ पूर्णिया, किशनगंज और सुपौल झ का प्रभारी नियुक्त किया है।

अबू जाफर को यह अहम जिम्मेदारी मिलने पर उन्होंने कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया और इसे अपनी मेहनत का सम्मान बताया। उन्होंने कहा, ₹पार्टी ने मुझ पर विश्वास जताते हुए मुझे तीन जिलों



में काम करने का अवसर दिया है। इस जिम्मेदारी को निभाने के लिए मैं पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ काम करूंगा। पार्टी के निर्देशों के अनुसार, मैं इन जिलों में कांग्रेस की ताकत को और बढ़ाने के लिए काम करूंगा।

- **कांग्रेस ने युवा शक्ति को सशक्त बनाने के लिए लिया बड़ा कदम, पूर्णिया, किशनगंज और सुपौल में पार्टी की नींव मजबूत करने की तैयारी**

बताते चलें कि युवा कांग्रेस की अगुवाई में इस देशव्यापी अभियान को संचालित करने के लिए सोशल मीडिया प्लेटफार्म के साथ विशेष एप का भी सहारा लिया जाएगा।इस कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए कांग्रेस ने पूरे देश भर में प्रभारियों की नियुक्ति की है। इसी कड़ी में अररिया जिला के खरहिया बस्ती निवासी युवा नेता अबू जाफर को 3 जिलों की ज़िम्मेदारी दी गई है, उनको पूर्णिया, किशनगंज एवं सुपौल का प्रभारी बनाया गया है।

अबू जाफर ने कांग्रेस शीर्ष नेतृत्व मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अखिलेश सिंह, यूथ कांग्रेस प्रभारी कृष्णा अल्लावरु, यूथ कांग्रेस अध्यक्ष उदय भानु चीप, बिहार प्रभारी सम्राट केशरी, रोशनी कौशल जयसवाल, यूथ कांग्रेस बिहार अध्यक्ष शिव प्रकाश गरीब दास, यंग इंडिया के बोल बिहार प्रभारी युवराज सिंह यादव, मोनू मिश्रा, कमालुद्दीन रजा सहित सभी वरीय नेताओं का का आभार व्यक्त भी किया।

इस नियुक्ति पर प्रदेश कांग्रेस कमिटी डेलीगेट मासूम रेज़ा, जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जाकिर अनवर, पूर्व अध्यक्ष अनिल सिन्हा, अमरीश राहुल, शाद अहमद, शंकर शाह, मासूम अंसारी, इफ्तेखार आलम राजू, अमजद अली, रेहान आलम, साबिर आलम, सुफियान मंजूर, अबू नसर एवं अन्य नेताओं और कार्यकर्ताओं ने बधाई देते हुए शुभकामनाएं दी।

# 08 मार्च, 2025 को आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत हेतु डीपीआरओ के साथ हुई बैठक

लोक तंत्र की आवाज

**सुनील कुमार**

**नवादा।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार, नई दिल्ली एवं बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, पटना के निर्देश के आलोक में विद्वान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा आशुतोष कुमार झा के मार्गदर्शन में कुमारी सरोज कीर्ति, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा के प्रकोष्ठ में आज बैठक का आयोजन किया गया जिसमें सभी प्रकार के सुलहनीय अपराधिक वादों के अधिक से अधिक निष्पादन के संबंध में जिला सूचना एवं जनसपंर्क पदाधिकारी नवादा से विचार विमर्श किया गया।



कुमारी सरोज कीर्ति, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा ने बैठक में उपस्थित जिला सूचना एवं जनसपर्क पदाधिकारी, नवादा को आवश्यक निर्देश देते हुए बताया कि आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रचार प्रसार हेतु आवश्यक कार्रवाई करें एवं नवादा जिले के शहर एवं पंचायत से लेकर सूदूरवर्ती इलाकों में इसका प्रचार प्रसार इलेक्ट्रॉनिक मीडिया एवं प्रिन्ट मीडिया से करायें ताकि लोग जागरूक होकर इसका लाभ उठा सके साथ ही सुलहनीय योग्य अपराधिक वादों के निष्पादन हेतु प्रचार प्रसार के संबंध में शहर के प्रजातंत्र चौक एवं सिविल कोर्ट के मुख्य द्वार पर डिजीटल डिस्पले एवं

- **आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रचार प्रसार के लिए करें तैयारी**

फलैक्स बैनर लगवाने की व्यवस्था की जाए साथ ही जिले के अन्य प्रखंड स्तर पर प्रचार प्रसार करवाना सुनिश्चित करें, ताकि दिनांक 08.03.2025 को आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाया जा सके।

बैठक में कुमारी सरोज कीर्ति, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अतिरिक्त जिला सूचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी विवके कुमार केशरी तथा स्थायी लोक अदालत नवादा के पेशकार सुशील कुमार उपस्थित थे।

# भारतीय जन उत्थान परिषद के तहत खेल प्रतियोगिता का किया गया आयोजन

लोक तंत्र कीआवाज

**रजौली।** भारतीय जन उत्थान परिषद के अंतर्गत बच्चे 2 फीट टुगेदर अहेड परियोजना के तहत शुक्रवार को मध्य विद्यालय चिरैला में खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।भारतीय जन उत्थान परिषद के परियोजना काउंसलर कन्हैया लाल एवं एरिया मैनेजर इंद्रजीत के द्वारा आयोजित खेलकूद प्रतियोगिता कबड्डी, दौड़,म्यूजिक चेयर दौड़ प्रतियोगिता में स्कूली छात्राएं तनीषा कुमारी, भारती कुमारी,कोमल कुमारी, रौशन खातून,मौसम कुमारी, तमन्ना कुमारी, राधा कुमारी एवं संगीता कुमारी ने भाग ली।प्रतियोगिता में प्रथम,द्वितीय



व तृतीय स्थान पाने वाले प्रतिभागियों का 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के अवसर पर पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा।मौके पर संस्था के कम्युनिटी फैसिलिटेटर राजीव कुमार, तरुण कुमार,मध्य विद्यालय चिरैला के प्रधानाध्यापक सोमनाथ, राजीव कुमार के साथ शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

# किलकारी के बच्चों ने देखा बौद्ध लमाओं का मुखौटा नृत्य

लोकतंत्र की आवाज़

**गया।** शुक्रवार को जीवन के कल्याण और प्रेत बाद से मुक्ति के लिए बोधगया के भूटान बौद्ध मंदिर में मुखौटा डांस का आयोजन किया गया है जिसमें गया बिहार बाल भवन किलकारी से अलग-अलग विद्या से कई बच्चे इस नृत्य का आनंद लिया है ! आज बच्चों ने गुरु पद्मसंभव की पूजा को देखा इस विधा की शुरुआत गुरु पद्मसंभव के द्वारा किया गया है ! जिनका₹कमल पुष्प के द्वारा पाकिस्तान के स्वात प्रांत में हुआ था ! उन्होंने ब्रज्यां की परंपरा को तिब्बत व भूटान सहित समस्त हिमालय क्षेत्र में प्रचलित किया था ! भूटान की संस्कृति में मुखौटा नृत्य का बहुत बड़ा स्थान है लोग मानते हैं इस नृत्य से सभी तरह की



बुरी बाधाएं एवं दूर होती है ! इस नृत्य को देखने मात्र से व्यक्ति के सभी पाप नष्ट हो जाते हैं ! और निर्माण की प्राप्ति होती है !

इस नृत्य को देखने आए किलकारी बिहार बाल भवन के अलग-अलग

- **किलकारी के अन्य-अन्य विधा के बच्चे हुए थे शामिल**

बच्चों ने खूब सराहना की बच्चों ने मंदिर के बनावट उसके रखरखाव पूजा पद्धति विशेष रूप से नृत्य के भाव को देखकर आह्लादित थे ! इस नृत्य का आयोजन बोध गया स्थित जौनपुर गांव के पास भूटान बौद्ध मठ के परिसर में किया गया था ! जहां बौद्ध लमाओं ने अपने पारंपरिक वेशभूषा में वहां के वाद्य यंत्रों के साथ मुखौटा नृत्य प्रस्तुत किया ! इसके पूर्व किलकारी के बच्चे गया के गांधी मैदान में आयोजित खादी ग्राम उद्योग मेला में मधुबनी चित्रकला कार्यशाला में भी भाग लिया बच्चों ने इस कार्यशाला में मधुबनी चित्रकला की विभिन्न तरीकों को जाना मधुबनी चित्रकला की विशेषज्ञ राजकीय सम्मान से सम्मानित अंजू कुमारी ने मधुबनी चित्रकला को कैसे कागज पर उकेरते हैं यह बताया है ! चित्रकला विद्या के बच्चों ने अलग-अलग तरीके के कई चित्र भी बनाएं बच्चों ने बताया कि यह बहुत बड़ी बात है सहजता में ही हम मधुबनी चित्रकला को बनाने की कला यहां सीख पा रहे हैं इन बच्चों में राज कश्यप, लकी सागर ,कृति श्री ,अपर्णा राज,शीतल कुमारी राजनंदिनी ,रिशु, कृष राज, राखी कुमारी ,गुड़िया कुमारी आदि शामिल थे ! इन बच्चों के साथ-साथ प्रशिक्षक में पिंटू कुमार, चंदन मुखर्जी ,निशि खाना एवं किलकारी के कर्मी शामिल थे !

लोकतंत्र की आवाज स्वयत्ताधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक राजेन्द्र कुमार पांडेय एवं समाचार संपादक धर्मजीत कुमार सिन्हा, प्रभारी संपादक ललित किशोर शर्मा व कार्यपालक संपादक शैलेश कुमार के द्वारा आवाज कंप्यूटराईज प्रिंटिंग प्रेस रामनगर नवादा, पिन-805110 से प्रकाशित किया। यह समाचार पत्र मगध की आवाज का दैनिक डिजीटल संस्करण है। मो. नंबर-9525278483, 6200031466, 9934475082, 6204469540, 9431227058 है किसी भी वाद-विवाद का निपटरा नवादा न्यायालय के अधीन होगा।